संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 18 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मारी दी। घायल बच्चे का उपचार करते हुए डॉक्टर।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 167 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी, 09 की मौत

- 60 घायल, रेलवे ने कहा- गुड्स ट्रेन के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की, इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ

**दुखद**

**कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**दार्जिलिंग:** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 09 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की जानकारी दी है। वहीं, ईस्टर्न रेलवे के कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन के मुताबिक, मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। जिसके कारण वह कंजनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और आरपीएफ की टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है। कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12:40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल में रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट जंक्शन के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सुबह 8:27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और सुबह 5:50 बजे सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के कारण रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट के बीच रुकी रही। जब सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आती है तो स्टेशन मास्टर टीए 9:2 रिटन अथॉरिटी जारी करता है। यह ड्राइवर को खराबी के कारण सभी रेड सिग्नल पार करने का अधिकार देता है। रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को टीए किया था। ट्रेन 10 मिनट से यहां रुकी रही। 8:42 बजे रंगापानी से निकली मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ गई। सूत्रों के मुताबिक, केवल जांच से ही पता चल सकता है कि क्या मालगाड़ी को खराब सिग्नल को तेज गति से पार करने के लिए टीए 912 भी दिया गया था या यह लोको पायलट की गलती थी, जिसने डिफेक्टिव सिग्नल नॉर्म का उल्लंघन किया। यदि दूसरी कंडीशन अप्लाई होती है तो रेलवे के नियम के मुताबिक, ड्राइवर को हर डिफेक्टिव सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन को रोकना चाहिए था। इतना ही नहीं, इस दौरान ट्रेन की स्पीड भी 10 किमी प्रति घंटे की होनी चाहिए थी। हादसे के बाद फिलहाल कंचनजंगा एक्सप्रेस अलुआबारी स्टेशन पर है। यहां फिटनेस टेस्ट के बाद उसे सियालदह के लिए रवाना किया जाएगा।



## रेल हादसे वाले रूट पर सुबह से खराब था

**टीम एक्शन इंडिया**

**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल में सोमवार सुबह उस वक्त एक बड़ा रेल हादसा हो गया जब रानीपतरा रेलवे स्टेशन और छतरहाट जंक्शन के बीच कंचनजंगा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। इस रेल हादसे में कम से कम 9 यात्रियों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। टक्कर के कारण मालगाड़ी के कुछ वैगन बेपटरी हो गए। वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे की ओर लगे कई कोच क्षतिग्रस्त हो गए।

## हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था

**रेलवे** बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। रेलवे ने अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव है। इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को 10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपए और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के सब्यसाची दे ने कहा- जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है, उसे रात तक चालू कर दिया जाएगा। डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस भी रात में चलेगी। एक्सीडेंट की वजह से 19 ट्रेनें डाइवर्ट की गई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार दोपहर दिल्ली से आने के बाद बाइक से घटना स्थल पर पहुंचे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार दोपहर दिल्ली से आने के बाद बाइक से घटना स्थल पर पहुंचे।

## रेलवे को सुविधाओं की परवाह नहीं: ममता



**कंचनजंगा** एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा- रेल मंत्रालय को यात्रियों की सुविधाओं की परवाह नहीं है। उन्हें अधिकारियों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की भी परवाह नहीं है। वे भी परेशानी में हैं। उनकी पुरानी पेंशन वापस ले ली गई है। मैं पूरी तरह से रेलवे कर्मचारियों और रेलवे अधिकारियों के साथ हूं। वे अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस सरकार को केवल चुनाव की परवाह है। कैसे हैकिंग की जाए, कैसे हेरफेर की जाए, कैसे चुनाव में धांधली की जाए। इन्हें काम करने के लिए अधिक समय देना चाहिए, बयानबाजी के लिए नहीं। कंचनजंगा एक्सप्रेस डेली ट्रेन है। यह बंगाल को पूर्वोत्तर के शहरों सिलचर और अगरतला से जोड़ती है। यह मार्ग चिकन नेक कॉरिडोर में है, जो पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। एक्सीडेंट की वजह से कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

## नौसेना के बेड़े में शामिल होंगी आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेड्रिट :** भारतीय नौसेना स्पेन में प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई) के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निमार्ता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।

**भारत सरकार के साथ अनुबंध पर होंगे हस्ताक्षर :** नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना काटार्जेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरूआत करेगी। रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी।

## बीजेपी का होगा लोकसभा स्पीकर !

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोदी 3.0 सरकार के गठन के बाद से बीजेपी ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगियों के आगे नहीं झुकेगी। बीजेपी ने सहयोगी दलों को एक तरह से ये संदेश दे दिया है कि वह गठबंधन धर्म निभाएंगे, लेकिन सिर झुकाकर सरकार नहीं चलाएंगे। मंत्रिमंडल के बंटवारे में बीजेपी का वर्चस्व तो दिखा ही। अब बीजेपी ने लोकसभा स्पीकर के पद पर भी वीटो कर दिया है। इससे साफ है कि बीजेपी स्पीकर पद से समझौता नहीं करना चाहती। हालांकि, एनडीए सहयोगी दल को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास



रखेगी और डिप्टी स्पीकर का पद एनडीए की सहयोगी दल को देगी। पार्टी आलाकमान ने एनडीए के सहयोगियों और विपक्षी दलों से बातचीत कर आम राय बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है।

**रविवार को राजनाथ के घर हुई बैठक:** रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर संसद सत्र को लेकर बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरण रिजिजू, जेडीयू नेता ललन सिंह, चिराग पासवान शामिल हुए थे। इस बैठक में 18वीं लोकसभा के पहले संसदीय सत्र और स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर एनडीए उम्मीदवार के लिए चर्चा की थी।

**समझौता नहीं**

**अब बीजेपी ने स्पीकर के पद पर भी वीटो कर दिया है। बीजेपी स्पीकर पद से समझौता नहीं करना चाहती**

## दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब आधे घंटे तक गुल रही बिजली

**टीम एक्शनइंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को अचानक से कुछ देर के लिए बिजली गुल हो जाने से हंगामा मच गया। बताया गया है कि एयरपोर्ट पर करीब 20 से 30 मिनट के लिए बिजली गुल हो गई, जिससे यहां बोर्डिंग से लेकर चेक-इन तक में समस्या पैदा हो गई। इससे यात्री परेशान हो गए। एयरपोर्ट पर यह दिक्कत अचानक क्यों आई, यह अभी साफ नहीं है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से अंधेरा छा गया। साथ ही फ्लाइट ऑपरेशन सहित एयरपोर्ट का पूरा सिस्टम ठप्प हो गया।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदीपोरा:** अरागाम के जंगलों में रविवार (16 जून) को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की। सोमवार सुबह तलाशी तेज की गई तो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। मारे गए आतंकवादी का शव जंगल में पड़ा हुआ है। उसे ड्रोन से देखा गया। हालांकि, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इधर, 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच ठक्अ को सौंप दी गई




है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई एफआईआर दर्ज की गई है। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

## मुख्यमंत्री ने एनआरआई दम्पति पर हमले की कड़ी निंदा की

**चमन शर्मा**

**शिमला: राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने** गत दिवस को बताया कि रिपोर्ट्स के अनुसार जिला चम्बा के डलहौजी के खजियार में एनआरआई दम्पति पर हमले से सम्बंधित मामले में अमृतसर में दम्पति द्वारा जीरो एफ आईआर दर्ज की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मामले की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस को इस मामले में विस्तृत जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खजियार में गत दिनों एक



स्पैनिश.पंजाबी दम्पति पर कुछ लोगों ने हमला किया था। इस मामले में प्रदेश पुलिस, अमृतसर पुलिस स्टेशन से आने वाली जानकारी के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग अपनी सादगी और सौम्य स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। हिमाचल में प्रत्येक वर्ष देश-विदेश के विभिन्न कोनों से पर्यटक घूमने आते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग अतिथि देवो भवः की भावना से पर्यटकों का आतिथ्य सत्कार करते हैं। यह घटना 11 जून, 2024 को पर्यटन नगरी डलहौजी की पार्किंग में हुई थीए जहां दो पक्षों के बीच हुई कहा-सुनी ने झगड़े का रूप ले लिया था।

**कार्रवाई होगी**

**प्रदेश सरकार आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू**

## नए आपराधिक कानूनों से सहमत नहीं थी संसद: मनीष



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत में एक जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता','भारत सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' लागू होने जा रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का कहना है कि इन कानूनों से संसद पूर्ण रूप से सहमत नहीं थी और रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करने के बाद इन्हें पारित किया गया था। तिवारी ने कहा कि ये नए कानून संसद के सामूहिक ज्ञान को प्रदर्शित नहीं करते।

**कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का केंद्रीय कानून मंत्री पर निशाना:** कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय कानून मंत्री सच को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

**पेपर लीक** — जांच के दौरान, ईओयू अधिकारियों ने उन अपराधियों की ओर से खींचे गए छह पोस्ट-डेटेड चेक जब्त किए

## नीट पेपर लीक: पुलिस को मिली बड़ी सफलता, छह पोस्ट-डेटेड चेक जब्त किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: नीट** पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने 6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए हैं, जिनके बारे में शक है कि ये चेक माफिया के पक्ष में जारी किए गए थे, जो पिछले महीने आयोजित नीट से पहले कथित रूप से लीक हुए पेपर की मांग करने वाले हर उम्मीदवार से 30 लाख रुपये से अधिक की मांग कर रहे थे। उप महानिरीक्षक (ईओयू) मानवजीत सिंह ढिल्लों ने कहा, "जांच के दौरान ईओयू के अधिकारियों ने छह पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए, जो




अपराधियों के पक्ष में जारी किए गए थे, जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए थे।"

**6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद:** ईओयू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मानवजीत सिंह ढिल्लों ने कहा, जांच के दौरान, ईओयू अधिकारियों ने उन अपराधियों की ओर से खींचे गए छह पोस्ट-डेटेड चेक जब्त किए, जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को धोखा दिया था उन्होंने कहा, हम संबंधित बैंकों से खाताधारकों की जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

**13 लोग हो चुके गिरफ्तार:** ईओयू ने कथित नीट-यूजी 2024 प्रश्न पत्र लीक मामले में अब तक चार उम्मीदवारों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि सभी आरोपी बिहार के हैं। उन्होंने कहा कि ईओयू ने नौ उम्मीदवारों - बिहार से सात और उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से एक-एक को भी जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया है।

**30 लाख रुपये से अधिक का भुगतान:** जब पूछताछ की गई, तो उम्मीदवारों ने खुलासा किया कि उनके माता-पिता ने परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने वालों को प्रति उम्मीदवार 30 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया था।

**शिकंजा**

**ईओयू ने 6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए हैं, जिनके बारे में शक है कि ये चेक माफिया के पक्ष में जारी किए गए थे**

## राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट बरकरार रखेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख**रगे ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट बरकरार रखेंगे और प्रियंका वाड्रा के लिए वायनाड सीट खाली करेंगे। राहुल गांधी ने रायबरेली और वायनाड दोनों लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की तथा चुनाव परिणाम के 14 दिनों के भीतर उन्हें इनमें से एक सीट खाली करनी होगी। खरगे ने अपने आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि राहुल गांधी को रायबरेली सीट बरकरार रखनी चाहिए क्योंकि यह परिवार के



करीब है। खरगे ने कहा कि हमने फैसला किया है कि प्रियंका को वायनाड से चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने इस फैसले को स्वीकार करने के लिए भाई-बहन की जोड़ी को धन्यवाद दिया। चर्चा के दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका वाड्रा भी उपस्थित रहीं। घोषणा के बाद, राहुल गांधी ने वायनाड के सांसद के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि मेरा रायबरेली और वायनाड के लोगों के साथ भावनात्मक रिश्ता है। पिछले 5 साल मैं वायनाड से सांसद था। मुझे वहां सभी ने बहुत प्यार दिया। इसके लिए मैं सभी का दिल से धन्यवाद देता हूं। प्रियंका, वायनाड से चुनाव लड़ेंगी।

# गाजियाबाद में अधूरी तैयारियों से बिगड़ रही संसाधनों की सेहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की तैयारी विद्युत निगम की ओर से सर्दियों से शुरू की गई। विभाग की ओर से तमाम दावे किए गए कि भीषण गर्मी, आंधी और वर्षा में कटौती नहीं होगी, लेकिन गर्मी आने के साथ ही मई से जिले के लोगों विद्युत कटौती, फाल्ट, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती लोगों का पसीना छुड़ा रही है। फाल्ट और ट्रिपिंग भी परेशानी बढ़ा रही है। शहर के कई इलाकों में दिन और रात में एक से छह घंटे तक की कटौती ने लोगों की नींद और चैन छीन लिया। यही हालात देहात क्षेत्र में भी हैं, जहां विद्युत अघोषित कटौती और लो




वोल्टेज की समस्या लोगों का जीना मुहाल कर रही है। विद्युत कटौती के साथ ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या ने भीषण गर्मी से शहर के अधिकांश इलाकों में तापमान और बढ़ा दिया।

**सैंकड़ों परिवार ने जागकर काटी रात**

चिपियाना में रात दो बजे बाधित हुई बिजली सुबह आठ बजे सुचारू हो सकी। इससे साई धाम, राम श्याम, साई एन्क्लेव आदि में सैंकड़ों परिवार ने जागकर रात काटी। लोग छत और गली के अलावा अपनी गाड़ियों में बच्चों को लेकर एसी चलाकर बैठे रहे।

विजय नगर, इस्लाम नगर, संजय नगर सेक्टर 23, राकेश मार्ग, कवि नगर, शास्त्री नगर आदि में दिन व रात में एक से तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कई जगह लो वोल्टेज होने के कारण पंखा भी आहिस्ता घूमने से लोग पसीना-पसीना रहे।

**फाल्ट और फ्यूज उड़ने से बढ़ी मुश्किलें**

बिजली अधिकारियों की मानें तो गर्मी में अधिक विद्युत भार बढ़ने से लाइन में खराबी आने पर ट्रिपिंग और फाल्ट होते हैं। बिजली फाल्ट व मरम्मत कार्य चलता रहता है। ऐसे में मेंटीनेंस के लिए ट्रिपिंग की जाती है। मेंटीनेंस का काम अधिक होने पर संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इसकी विभागीय स्तर पर सूचना दी जाती है। ताकि कोई समस्या न हो।

# नीट रिजल्ट को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन करेगी आप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर बुधवार (19 जून) को देशभर में प्रदर्शन करेगी। वहीं, पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर मंगलवार को केंद्र सरकार के खिलाफ उतरेगी। आप के राज्यसभा संदीप पाठक ने इसकी जानकारी सोमवार को सोशल साइट एक्स पर दी। संदीप पाठक ने कहा कि नीट परीक्षा में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। लाखों बच्चों की मेहनत और सपनों पर केंद्र सरकार के इस तरह के घोटाले को देश बर्दाश्त नहीं करेगा। आप इस घोटाले के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि 18 जून को सुबह 10 बजे आम आदमी पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पार्षद जंतर-मंतर

**कल प्रदर्शन**

**▶▶ पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर मंगलवार को केंद्र सरकार के खिलाफ उतरेगी: संदीप पाठक**

पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। 19 जून को आम आदमी पार्टी देशभर के सभी राज्यों में मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा 5 मई को भारत के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए। परिणाम घोषित होने के बाद अभिभावकों और शिक्षकों ने 1,563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर सवाल उठाना शुरू कर दिया।

# लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से परेशान रहे सोसाइटियों के निवासी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की ज्यादातर सोसाइटियों में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या का सामान करना पड़ा। सोमवार सुबह करीब तीन घंटे तक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं चल सके। कई बार लिफ्ट अटकी। निवासियों ने एनपीसीएल से शिकायत की लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। वहीं एनपीसीएल के मुताकिब ट्रांसमिशन लाइन से ही लो-वोल्टेज की समस्या के कारण ट्रिपिंग हुई। जो कुछ समय बाद सामान्य हो गई। ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटियों में सोमवार की सुबह करीब 11 बजे से लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या शुरू हुई।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



प्रियंका कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **प्रियंका कुमारी, पुत्रीः गौरव, पताः मकान नंबर सुमन का मकान गली नंबर–2, बिहारीपुर, दिल्ली है। जोकि दिनांक 30.05.2024 से दोपहर 12:00 बजे** अपने घर से लापता/अपहृत है। इस सन्दर्भ में **FIR No. 326/24 dated 10.06.2024 U/S 363 IPC** पुलिस थाना, पुलिस स्टेशन खजूरी खास, दिल्ली में दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई हैः

**नामः ज्योति उम्रः 17 वर्ष, कदः 5'4", चेहराः गोल, रंगः गोरा, शरीरः मद्यम, पहनावाः बेंगनी रंग का सूट और सलवार तथा पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, ,खजूरी खास, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639


**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, खजूरी खास, दिल्ली**
**फोनः 011-22962735, 8750870727**

DP/7431/NE/2024


# फोन पर दी गाली तो पड़ोसी ने जिम मालिक और उसके भतीजे को मारी गोली, पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली बिसरख क्षेत्र में युवक को गोली मार घायल करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपितों को 12 घंटे के अंदर धर दबोचा। आरोपितों के पास से अवैध पिस्टल और कारतूस पुलिस ने बरामद कर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया है। बता दें रविवार को मिलक लच्छी गांव के 'द बुल्स' जिम के मालिक और उनके भतीजे को पड़ोस के दो लोगों ने किसी बात को लेकर अवैध पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली जिम मालिक के भतीजे के पैर में लगी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।



**आरोपितों को 12 घंटे के अंदर दबोचा**

पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर दोनों आरोपितों को घटना के 12 घंटे के अंदर धर दबोचा। आरोपितों की पहचान सुभीत नागर और संदीप नागर निवासी गांव मिलक लच्छी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि जिम मालिक और उनका भतीजा बाहर खड़े हुए थे। पीड़ित और आरोपित दोनों परिवार से हैं। आपस में पहले से ही मनमुटाव भी है।

**केस दर्ज**

**▶▶ आरोपितों के पास से अवैध पिस्टल और कारतूस पुलिस ने बरामद कर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया**

**पीड़ित ने फोन पर दी किसी को गाली**

पीड़ित फोन पर किसी से बात कर रहा था और आरोपित उनके पास खड़े थे। पीड़ित ने फोन पर किसी को गाली दी तो आरोपित को लगा उससे दी गई है। इसी बात पर घटना को अंजाम दिया। आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

## दवा फैक्टरी में लगी भीषण आग

**सिकंदराबाद:** बुलंदशहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा फैक्टरी में रविवार रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर दमकल, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग ने बराबर में स्थित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली फैक्टरी को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए बुलंदशहर के अलावा नोएडा-गाजियाबाद समेत आसपास से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। वहीं आसपास की फैक्टरियों को भी खाली कराना पड़ा। मौके पर एडीएम वित्त एंव राजस्व अभिषेक सिंह, एसडीएम रेनू सिंह, सीओ पूर्णिमा सिंह भी पहुंचे।

## एसओएल में दाखिला संबंधी दिक्कतें दूर करेंगे पुराने छात्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदकों को आवेदन करने, विषय चयन करने जैसी कई अन्य समस्याएं आ रही हैं। ऐसे में अब एसओएल में दाखिला लेने में आवेदकों की मदद पुराने छात्र करेंगे।

एसओएल प्रशासन ने आवेदकों की मदद करने के लिए अपने दूसरे व तीसरे वर्ष के छात्रों की सहायता लेने का फैसला किया है। यह दाखिला प्रक्रिया जारी रहने तक इंटर्न बन कर काम करेंगे।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 65 साल, **कदः** 5'5", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुँआ, **पहचान का निशान :** दाहिने गाल पर तिल और बायीं आँख के नीचे तिल, **बरामदी स्थलः** जो सफदरजंग अस्पताल के गेट नं. 04 के पास बेहोशी की हालत में पाया गया और जिसे एमएलसी नंबर 13650/24 द्वारा सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में ले जाये जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक का शव पहचान के लिए सफदरजंग अस्पताल के शवगृह में संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 39A, दिनांक 04.01.2024, पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली**
**फोनः 8376001876**

DP/7498/SW/2024


# गाजियाबाद में कार में मिला चालक का शव




**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में प्रह्लादगढ़ी लाल बत्ती में सोमवार सुबह एक चालक का शव मिला। एसी चलाकर कार में सो गया था। मालिक पहुंचे तो शीशा तोड़कर लॉक खोला गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर स्वजन को जानकारी दे दी है। मृतक की पहचान साहिबाबाद गांव के कल्लू दुबे के रूप में हुई है। पुलिस जांच में आया कि प्रह्लाद गढ़ी लाल बत्ती पर टैक्सी में एक चलाकर सो गया था। मालिक ने आकर सूचना दी। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजन को जानकारी दे दी है।

**दर्दनाक मौत**

**▶▶ एसी चलाकर कार में सो गया था। मालिक पहुंचे तो शीशा तोड़कर लॉक खोला गया**

**एलिवेटेड रोड पर डिवाइडर से टकराए स्कूटी सवार, एक की मौत**

उधर, इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा में एलिवेटेड रोड पर रविवार दोपहर करीब तीन बजे अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार डिवाइडर से टकरा गए। स्कूटी सवार राजनगर एक्सटेंशन से यूपी गेट की ओर जा रहे थे। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब तीन बजे स्कूटी सवार दो युवक राज नगर एक्सटेंशन की ओर से यूपी गेट की ओर जा रहे थे। कनावनी के पास हादसे में स्कूटी सवार घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को शांति गोपाल अस्पताल ले जाया गया।

# अमेरिकी महिला ने पति पर लगाया बंधक बनाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** अमेरिकी महिला ने अपने भारतीय पति पर बंधक बनाकर रखने और बच्चों से भी नहीं मिलने देने का आरोप लगाया है। पीड़िता वापस अपने देश लौटना चाहती है। पति से जान का खतरा बताते हुए महिला ने अपना व बच्चों का पासपोर्ट दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमेरिका की रहने वाली टिफैनी किम्बल्ले स्काईलिस शर्मा ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर चाई-फाई स्थित पूर्वांचल रायल सोसायटी निवासी मोहित शर्मा से सात साल पहले अमेरिका में शादी की थी।

**शादी के दौरान अमेरिका में रहकर नौकरी करता था मोहित**



शादी के दौरान मोहित अमेरिका में रहकर नौकरी करता था। महिला का आरोप है कि मोहित ने अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के लिए उससे शादी की थी, लेकिन अमेरिका में उसपर लाखों का कर्ज हो गया। जिसके बाद वह भारत लौट आया और दिल्ली में रहने लगा। स्टाक बाजार में नुकसान होने पर वह परिवार समेत ग्रेटर नोएडा शिफ्ट हो गया। हिंदी न आने की वजह से उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही है। महिला ने आरोप लगाए है कि पति ने उसे व बच्चों को बंधक बनाकर रखा है। किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। पति से अपनी जान का खतरा बताते हुए महिला ने अमेरिकन एंबेसी में भी शिकायत की है। आरोप है कि पति द्वारा उसे अमेरिका नहीं जाने दिया जा रहा है। महिला का आरोप है कि आरोपित पति के कहने पर वह कई बार अपने परिजनों से पैसे भी मंगवा चुकी है।

**गुहार**

**▶▶ पति से जान का खतरा बताते हुए महिला ने अपना व बच्चों का पासपोर्ट दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई**

## करंट लगने से मासूम की मौत

**हापुड़:** यूपी के हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव दादरी में एक परिवार में ईद की खुशियां मातम में बदल गईं। घर में खेल रहे डेढ़ वर्ष के मासूम रुहान की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस को फिलहाल मामले की जानकारी नहीं है। गांव दादरी निवासी नौशाद अली मजदूरी करता है। परिवार की ईद उल अजहा की खुशियां मनाने में मशगूल था। रिश्तेदार और गांव के लोग घर आ जाकर बधाई दे रहे थे। शाम के समय नौशाद का डेढ़ वर्षीय पुत्र रुहान घर में खेल रहा था। रुहान खेलता हुआ एक कमरे में पहुंच गया जहां बिजली के मोटर से चलने वाली सिलाई मशीन रखी थी।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 30-35 वर्ष, **कद:** 5'6", **रंग:** गेहुँआ, जिसने सफेद रंग की चेकदार शर्ट, काले रंग की पेंट पहनी है। जो कि 22.05.2024 को दोपहर 3:19बजे सुखी नहर मजार के पास निठारी चौक में मृत अवस्था में मिला। जिसके मृत शरीर को पहचान के लिए 72 घंटे के लिए एमएलसी नं. 524/24 पर एसजीएम अस्पताल, मंगोलपुरी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.64A, दिनांक: 22.05.2024** थाना अमन विहार, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना: अमन विहार, दिल्ली**
फोन नं. 011-23279331,23274683
मो.: 8750870421

दि.पु./7390/रोहिणी जिला/2024



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

**I Guddo Saini D/o Hardwari Lal and W/o Satyaveer R/o Dhani Kirarod, Ward No.-1, Narnaul, Mahendergarh, Haryana-123001, have changed my name to Gitanjali Saini.**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# यमुना में पानी छोड़े हरियाणा: आतिशी

## 'निवेदन करती हूं, दिल्लीवाले परेशान हैं'; आतिशी की मिन्नत के बाद सुधरेंगे हालात?

**अपील**

▶▶ जल संकट से दिल्लीवाले बहुत परेशान हैं। इसलिए यमुना में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ें: जल मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में लगातार जल संकट बना हुआ है। पानी की समस्या को लेकर आए दिन दिल्ली सरकार घेरे में रहती है। वहीं, भीषण गर्मी के बीच पर्याप्त पानी न



मिलने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने जल संकट पर एक बयान दिया है। उन्होंने हरियाणा सरकार से यमुना में पानी छोड़ने की गुजारिश की है। मंत्री आतिशी ने कहा, 'हरियाणा सरकार से एक बार फिर निवेदन करती हूं, जल संकट से दिल्लीवाले बहुत परेशान हैं। इसलिए यमुना में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ें।' बता दें कि दिल्ली में वजीराबाद बैराज से वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को पानी पहुंचता है। वहीं, हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पानी न छोड़े जाने के कारण इसका जलस्तर 674.5 फीट से गिरकर 668 फीट पहुंच गया है। हालत यह कि, वजीराबाद तालाब में सूखे टीले दिखने लगे हैं। इससे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**जल संकट को लेकर चल रहा विवाद:** जल संकट पर आम आदमी पार्टी और भाजपा आमने-सामने हैं। वहीं, द्वारका में नल से पानी को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। छतरपुर में जल बोर्ड के कार्यालय में पानी को लेकर कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की।

## दिल्ली में पानी को लेकर मचा हाहाकार, फिर भी पानी हो रहा बर्बाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पानी की किल्लत को लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। कहीं पानी भरने को लेकर लोगों की आपस में लड़ाई हो रही है तो कहीं पर पानी की कमी के चलते लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर देखने वाली बात यह है कि पानी की इतनी खराब स्थिति होने के बावजूद भी बर्बादी नहीं थम रही है। कुछ जगहों पर पानी की पाइपलाइन टूटी है जबकि कुछ फिलिंग स्टेशन पर भी पानी काफी बर्बाद हो रहा है। पाइपलाइन टूटी होने



से रोजाना सैंकड़ों लीटर पानी नाली में यूं ही बह रहा है, लेकिन दिल्ली जल बोर्ड का इस पर ध्यान नहीं है। उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के आगे चौराहे के किनारे से फल की रेहड़ियां लगती हैं।

**नाली में बह जा रहा सैंकड़ों लीटर पानी:** वहीं पर पानी की पाइपलाइन गुजर रही है। पाइपलाइन का जोड़ खुल गया है, जिसकी वजह से सैंकड़ों लीटर पानी बहकर नाली में जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले इस पर बेल्डिंग की गई थी जो कि खुल गई है। पिछले दस दिनों से ऐसे ही पानी बह रहा है। द्वारका सेक्टर-13 स्थित राजकीय सह-शिक्षा सर्वोदय विद्यालय के बाहर पानी की पाइपलाइन टूटने से पानी बर्बाद हो रहा है, जो कि ऐसे में खुली जगह में भर रहा है। वहीं इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी का कहना है कि पाइपलाइन कहां टूटी है यह संज्ञान में नहीं है। पता कर के जल्द उसे ठीक कराया जाएगा। पानी को बर्बादी पर सांसद ने दिल्ली सरकार को घेरा पानी की कमी और बबार्दी को लेकर पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने दिल्ली सरकार और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि द्वारका की सभी सोसायटियों से लगातार फोन आ रहे हैं। टैंकर भी ब्लैक में मिल रहे हैं।

**द्वारका में कई जगह टूटी हैं पानी की पाइपलाइन:** दिल्ली में प्रतिदिन 1056 एमजी पानी की आवश्यकता है, पूरा पानी हरियाणा दे रहा है। द्वारका में ही पानी की पाइपलाइन पांच से छह जगहों से टूटी हुई है, इतना पानी लगातार बर्बाद हो रहा है। पूरी दिल्ली में पानी की जो आवश्यकता है उसका 20 प्रतिशत पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली सरकार और उनके अधिकारियों का इस पर कोई ध्यान नहीं है। पश्चिमी दिल्ली में करीबन 230 एमजीडी पानी की आवश्यकता है मगर 150 एमजीडी से ऊपर यहां पानी शायद ही आ रहा हो, इसमें 20-25 एमजीडी पानी द्वारका में ही बर्बाद हो रहा है। पानी की कमी के चलते सोसायटियों में पहले से ही लोग टैंकर मंगवाकर अपना काम चला रहे हैं। कई जगहों पर पानी बहुत कम आता है। बर्बाद हो रहा पानी अगर किसी को मिल जाए उसका काम चलेगा इसलिए बबार्दी को रोकने की जरूरत है। पानी की बर्बादी नहीं होनी चाहिए।



दिल्ली चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कार्यकताओं के साथ सोमवार को नई दिल्ली के मॉडल टाउन में जल संकट को लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## विधानसभा नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़ेंगे रामवीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़ेंगे। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर इस दायित्व से मुक्त करने का अनुरोध किया है। बिधूड़ी बदरपुर विधानसभा से विधायक हैं। उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। अब सांसद चुने जाने के बाद बदरपुर विधानसभा क्षेत्र से त्यागपत्र देने का निर्णय किया है।

## पानी की किल्लत के खिलाफ भाजपा का मटका फोड़ प्रदर्शन



**प्रदर्शन**

▶▶ गीता कालोनी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यकर्ताओं के साथ मटका फोड़ प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी की किल्लत के विरोध में भाजपा पूरी दिल्ली में मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है। सोमवार को दिल्ली के गीता कालोनी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यकर्ताओं के साथ मटका फोड़ प्रदर्शन किया। दिल्ली में पैदा हुए जल संकट पर भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान कार्यकताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ हाथों में बैनर पोस्टर लेकर जमकर नारेबाजी भी की। भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पानी की चोरी हो रही है और उसकी कालाबाजारी की जा रही है। यह सब दिल्ली की आम आदमी पार्टी के विधायक कर रहे हैं। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार बेवजह दूसरे राज्यों पर अपनी नाकामी का ठीकरा फोड़ रही है जबकि उनके विधायक पानी की चोरी करवा रहे हैं और उसकी कालाबाजारी करवा रहे हैं। सचदेवा ने कहा "दिल्ली में पानी की लीकेज को रोकने का काम नहीं किया जा रहा है। उनके मंत्री और विधायक पानी की चोरी और कालाबाजारी में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस चोरी और कालाबाजारी के साथ-साथ पानी की लीकेज को रोक दिया जाता है तो दिल्ली में पानी की कमी नहीं रहेगी, लेकिन सरकार इस तरफ काम करने की बजाय सिर्फ राजनीति कर रही है।

## मिलन वाटिका में लगी आग

**कोई हताहत नहीं**

▶▶ मकल कर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शास्त्री पार्क इलाके स्थित मिलन वाटिका में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही मौक पर लोकल पुलिस के अलावा दमकल विभाग की आठ गाड़ियां पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2.51 बजे सूचना मिली कि शास्त्री पार्क स्थित शादी के पंडाल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचे फायर ऑफिसर एडीओ यशवंत सिंह मीणा ने बताया कि आग शास्त्री पार्क इलाके स्थित मिलन वाटिका में लगी थी। यह वाटिका बंद थी। यशवंत के अनुसार दमकल कर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया लिया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं थी। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## घर में घुसकर दामाद ने सास को मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के शालीमार बाग के हैदरपुर इलाके में युवक ने अपनी सास की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की शिनाख्त नीतू के रूप में हुई है। महिला को घायल अवस्था में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने देर रात ही आरोपी के मेरठ के कस्तला गांव स्थित घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने खुलासा किया है कि उसका अपनी सास से पैसे की लेन-देन और पत्नी से झगड़े को लेकर विवाद था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया



कि रविवार दोपहर 12.45 बजे पुलिस को एक युवती ने फोन कर बताया कि बहनोई ने घर में घुसकर उसकी मां को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे में खून बिखरा हुआ था। छानबीन में पता चला कि घायल महिला नीतू को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंची पुलिस ने पाया कि महिला बयान देने की हालत में नहीं है।

उसकी छोटी बेटी ने पुलिस को बताया कि उसके बहनोई सुमित ने मां को गोली मारी है। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन के दौरान एक खोखा बरामद किया और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। परिवार वालों से पता चला कि आरोपी सुमित मूलतः

**वारदात**

▶▶ उसका अपनी सास से पैसे की लेन-देन और पत्नी से झगड़े को लेकर विवाद था, पिस्टल बरामद

मेरठ के कस्तला गांव में रहने वाला वह दक्षिणपुरी स्थित एक होटल में कुक का काम करता है। उसकी शादी नीतू की बड़ी बेटी से छह साल पहले हुई थी और उसका छह माह का बच्चा भी है। पुलिस की एक टीम गठित की गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया था।

## साजिश के तहत जल संकट पैदा कर रही भाजपा : सांसद संजय सिंह

**आरोप**

▶▶ दिल्ली के अंदर पिछले कई दिनों से भाजपा द्वारा प्रायोजित पानी का संकट चल रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में उत्पन्न जल संकट के लिए सीधे तौर पर भाजपा जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के अंदर पिछले कई दिनों से भाजपा द्वारा प्रायोजित पानी का संकट चल रहा है। भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले, उन्हें किसी भी तरह से पानी उपलब्ध न हो और इसके लिए वो हर तरह की साजिश



रचने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता में संजय सिंह ने कहा कि हरियाणा को एक निश्चित मात्रा में दिल्ली को पानी देना होता है। अगर वह निश्चित मात्रा से कम पानी देंगे तो जाहिर है कि दिल्ली में पानी की कमी हो जाएगी। पूरा पानी देने के बावजूद दिल्ली को मिलने वाले पानी में लगातार कमी की जा रही है। छह जून को 1002 एमजीडी, सात जून को 993 एमजीडी, आठ जून को 990 एमजीडी, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919 एमजीडी, 12 जून को 951 एमजीडी और 13 जून को 939 एमजीडी पानी दिल्ली को दिया गया। दिल्ली के हक के पानी की मांग की अपेक्षा हरियाणा से बहुत कम पानी मिल रहा है।

## पुरानी दिल्ली में 200 वर्ष पुरानी मस्जिद ढही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पुरानी दिल्ली के चूड़ीवालन इलाके में अचानक सड़क धंस जाने के कारण वहां मौजूद संगमरमर वाली मस्जिद ढह गई। जमीन घंसने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। आसपास कोई खोदाई नहीं थी। स्थानीय पार्षद राफिया माहिर ने बताया कि उनका घर मस्जिद के पास ही है। करीब 25 साल पहले मस्जिद का मरम्मत और पुनर्निर्माण हुआ था। उन्होंने दावा किया कि मस्जिद करीब 200 वर्ष पुरानी है। सुबह 11:30 बजे जमीन धंसते हुए देखी गई तो पुलिस से लेकर नगर निगम और फायर को इसकी जानकारी दी गई। एहतियातन आसपास के मकानों को खाली करा लिया गया था। मौके पर एमसीडी से लेकर पुलिस के कर्मी मौजूद थे। इलाके की बिजली कटवा दी गई थी। अब एक इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, दूसरी भी बहाल होने वाली है।

## एम्स में पिछले 35 साल से डायलिसिस की है 13 मशीनें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स में किडनी के इलाज की सुविधा बढ़ाने की योजना डेढ़ वर्ष में भी अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई। नई डायलिसिस मशीनें लगाने की योजना कागजों में ही सिमटी हुई है। इस वजह से एम्स का नेफ्रोलाजी विभाग 35 वर्षों से सिर्फ 13 डायलिसिस मशीनों के सहारे है। परिणाम स्वरूप ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले किडनी के मरीजों को एम्स में डायलिसिस की सुविधा भी नहीं मिल पाती। एम्स प्रशासन के अनुसार अब अगले वर्ष ही नई डायलिसिस मशीनें लग पाएंगी। एम्स के नेफ्रोलाजी विभाग में 1989 में डायलिसिस की 13 मशीनें लगाई गई थीं। इसके बाद से अब तक डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ नहीं पाई। जबकि एम्स में किडनी के मरीजों का दबाव बढ़ा है। मरीजों को ओपीडी में इलाज के लिए भी आसानी से अप्वाइंटमेंट नहीं मिल पाता। एम्स की ओपीडी में




प्रतिदिन किडनी के करीब 200 मरीज देखे जाते हैं।

**नियमित डायलिसिस की सुविधा नहीं:** मरीजों की तुलना में चिकित्सा संसाधन कम उपलब्ध होने से एम्स में किडनी मरीजों को नियमित डायलिसिस की सुविधा नहीं मिल पाती है। इससे किडनी खराब होने की बीमारी से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को डायलिसिस के लिए परेशान होना पड़ता है। वजह से किडनी के इलाज की सुविधाएं बढ़ाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

**नई डायलिसिस मशीनें लगाने की मांग:** नेफ्रोलाजी विभाग ने एम्स प्रशासन ने अतिरिक्त बेड बढ़ाने व नई डायलिसिस मशीनें लगाने की मांग की थी। इसके मद्देनजर एम्स प्रशासन ने नवंबर 2022 में किडनी की बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए 15 नई डायलिसिस लगाने का आदेश दिया था। साथ ही नेफ्रोलाजी विभाग के लिए 16 अतिरिक्त बेड उपलब्ध कराने का फैसला किया था। इसके करीब डेढ़ वर्ष बाद भी अब तक डायलिसिस की नई मशीनें नहीं लग पाई।

**मशीनों का टोटा**

▶▶ अगले आठ से दस महीने में नई मशीनें लग जाएंगी और उसका संचालन शुरू हो जाएगा

**32 डायलिसिस मशीन खरीदने की चल रही है प्रक्रिया:** एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने कहा कि 32 डायलिसिस मशीनें खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। टेंडर से संबंधित प्रक्रिया अंतिम चरण में है। टेंडर आवंटन के बाद नई डायलिसिस मशीनें आएंगी। उन्होंने कहा कि अगले आठ से दस महीने में नई मशीनें लग जाएंगी और उसका संचालन शुरू हो जाएगा।

## 15 दिन में सभी कटरों में आग से बचाव का चलेगा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक की नई सड़क पर दो मार्केट में आग से व्यापारियों को हुए भारी नुकसान पर अब ट्रेडर्स एसोसिएशन ने सभी व्यापारियों को आग से बचाव के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया है। इसके लिए चांदनी चौक ट्रेडर्स परिषद ने अपनी बैठक सोमवार को बुलाकर इस संबंध में नीति बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत चांदनी चौक के सभी कटरों के व्यापारियों और दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा। ताकि आगे किसी को ऐसा नुकसान न हो जैसा ही अब हो चुका है। इसके लिए व्यापारियों स्वयं जागरूक रहे और जिम्मेदारी से काम करेंगे तो घटनाओं के होने की संभावना को कम किया जा सकता है। चांदनी चौक ट्रेडर्स परिषद के प्रधान सुरेश बिंदल ने बताया कि




चांदनी चौक की समस्याएं आज की नहीं है और जब कोई घटना होती है तो व्यापारियों के पास हाथ मलने के सिवाय कुछ नहीं होता है। करोड़ों का नुकसान होता है। ऐसे में हम चाहते हैं कि अपने स्तर पर व्यापारी खुद अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें ताकि आगे ऐसी दुर्घटनाओं का दोहराव न हो।

**चांदनी चौक में हैं 74 कटरे:** उन्होंने बताया कि परिषद की बैठक बुला रहे हैं। इसमें निर्णय लेंगे कि कैसे दूसरे व्यापारियों को आग की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक किया जा सकता है। बिंदल ने कहा कि चांदनी चौक में 74 कटरे हैं। हम शुरूआती तौर पर सभी कटरों के प्रधान और सचिव को बुलाएंगे।

साथ ही अग्निशमन से लेकर इलेक्ट्रिकल विभाग के विशेषज्ञों द्वारा व्यापारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**काम ठप**

▶▶ व्यापारी खुद अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें ताकि आगे ऐसी दुर्घटनाओं का दोहराव न हो

चूंकि चांदनी चौक में संकरी गलियां है। ऐसे में आग लगने पर अग्निशमन की गाड़ियों को पहुंचने में दिक्कत होती है। इसलिए इससे पहले छोटी आग को ही कैसे लोग काबू पा सकते हैं इस पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही एसी और अन्य इलेक्ट्रानिक आइटमों की किस तरह से देखभाल करनी चाहिए ताकि उनसे कोई घटना न हो इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी योजना है कि पहले हम सभी कटरों के प्रधान और सचिव को जागरूक करें फिर सभी कटरे की एसोसिएशन अपने स्तर पर आगे अन्य दुकानदारों और कर्मचारियों को जागरूक करें।

**चार दिन बात भी तैनात है अग्निशमन की गाड़ियां:** चार दिन से लगी आग अभी तक पूरी तरह नहीं बुझ पाई है। मौके पर अग्निशमन की गाड़िया खड़ी है और नागरिकों की आवाजाही पूरी तरह बंद है। ऐसे में दुकानदार अब भी इस इंतजार में है कि कब यहां पर आग पूरी तरह बुझे और कब वह अपनी दुकानों का हाल देखे।

अग्निशमन कर्मियों के सामने दिक्कत यह आ रही है कि मलबा कपड़े जिनमें आग लगी थी उनके ऊपर गिर गया है। अब रुक-रुक कर आग लगती है और धुंआ उठता है तो पानी वहां तक डाला जाता है।

## प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, सिर और सीने में लगीं तीन गोलियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** न्यू उस्मानपुर इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने गोलियां बरसाकर एक शख्स की हत्या कर दी। सिर व सीने में तीन गोलियां लगी हैं। वारदात के वक्त शख्स स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में घात लगाए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान विक्की के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। ढाई माह पहले ही बदमाशों ने विक्की के बड़े भाई संजय की भी ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी थी।

**हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज:** विक्की की हत्या की



सूचना मिलते ही स्वजन जग प्रवेश चंद अस्पताल पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल का शीशे का दरवाजा भी तोड़ दिया। न्यू उस्मानपुर थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। विक्की अपने परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर पहला पुश्ता पर रहते थे। परिवार में पत्नी, पिता, छोटा भाई समेत कई सदस्य हैं। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जाय टिर्की ने बताया कि विक्की ने वर्ष 2010 में न्यू उस्मानपुर में रविंद्र नामक एक युवक की हत्या थी। विक्की के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास समेत चार आपराधिक केस दर्ज थे।

# खेदड़ में स्थापित की जाएगी 800 मेगावाट की सुपर थर्मल पावर यूनिट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राजीव गाँधी थर्मल पावर प्लांट, खेदड़, हिसार में 7250 करोड रुपए की लागत से 800 मेगावाट की अतिरिक्त अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर यूनिट स्थापित करने की घोषणा की है। इससे हरियाणा प्रदेश बिजली उत्पादन के मामले में शीघ्र ही आत्मनिर्भर हो सकेगा। मुख्यमंत्री अंबाला में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा में अतिरिक्त अनुदान स्कीम का आरंभ करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बिजली का मंथली मिनिमम चार्ज खत्म करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के लोग बिजली की जितनी यूनिट खर्च करेंगे उतना ही बिल आएगा ताकि बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके।

**सोलर रूफ टॉप प्लांट का सारा खर्च डबल इंजन सरकार करेगी वहन:** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के शुभारंभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि इस योजना से 1,80,000 रुपए से कम आय वाले गरीब परिवारों को रूफ टॉप



सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 60,000 रुपए की सब्सिडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी जबकि 50,000 रुपए की सब्सिडी राज्य सरकार प्रदान करेगी। हालांकि योजना के तहत रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने पर 1,10,000 रुपए का खर्चा आएगा लेकिन उपभोक्ता को अपने जेब से कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार, 1,80,000 रुपए से 3 लाख रुपए

**सशक्त**

**⏩ प्रधानमंत्री की सोच है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय कैसे हो, उसे किस प्रकार मजबूत बनाया जाए**

तक की आय वाले परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा 60,000 रुपए सब्सिडी और 20,000 रुपए की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को शुरू करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या की पवित्र भूमि से लिया गया था। आज इस योजना को हरियाणा प्रदेश में अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस योजना के माध्यम से एक करोड़ घरों पर सोलर रूफ टॉप प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है और यह योजना पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर है अर्थात जो पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पहले रजिस्टर्ड करेगा उसे योजना का लाभ सबसे पहले मिलेगा।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में गरीब आदमी हुआ सशक्त :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय कैसे हो, उसे किस प्रकार मजबूत बनाया जाए।

## पुलिस सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई ईद

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद :** फरीदाबाद में पुलिस सुरक्षा के बीच सोमवार को ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। ईद के त्यौहार को देखते हुए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सभी सहायक पुलिस आयुक्त तथा थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने एरिया पेट्रोलिंग करके शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा असामाजिक तत्वो के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा था कि ईद के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी अतिरिक्त सतर्क रहें। इसके लिए फरीदाबाद के सभी डीसीपी, एसीपी नियुक्त किए गए थे ताकि सुरक्षा व्यवस्था के पूरे प्रबंध किए जा सके। पुलिस टीम अपने-अपने एरिया में पूरी तरह अलर्ट रही और पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा धार्मिक स्थलों के आसपास लगातार गश्त की गई जिससे फरीदाबाद में माहौल शांतिपूर्ण रहा।

उन्होंने कहा कि पुलिस की गाडियां लगातार गश्त करके एक्टिव रुप से कार्यरत रही। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस टीम की नियुक्ति की गई ताकि कोई भी असामाजिक तत्व सामाजिक शांति भंग करने का प्रयास न कर सके और लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो सके। पुलिस कंट्रोल रूम पर किसी भी प्रकार के झगड़े या अशांति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है और फरीदाबाद में कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रेम विवाह को लेकर दो गांवों में विवाद, 31 गांवों की हुई महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:** नारनौल में प्रेम विवाह को लेकर 2 गांवों के बीच चल रहे विवाद को दूर करवाने के लिए सोमवार को गांव बीगोपुर में 31 गांवों के प्रतिनिधियों की एक महापंचायत हुई। महापंचायत की अध्यक्षता पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद ने की। महापंचायत में फैसला लिया गया कि दोनों गांव के सात-सात लोगों का एक दल बनाकर 31 गांव के प्रतिनिधि बैठक करेंगे। इस मौके पर लगभग सभी 31 गांव के सरपंच या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। गांव बीगोपुर के सरपंच प्रतिनिधि कंवर सिंह व हेमंत कुमार ने बताया कि इसके बाद गांव खतोली अहीर में भी पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों गांव के सात-सात लोग मौजूद रहे। जिसमें निर्णय लिया गया कि दोनों के विवाह संबंधी कानूनी रूप से जो फैसला होगा वह माना जाएगा। फिर भी पंचायत अपने स्तर पर सामाजिक रूप से लड़की को उसके मां-बाप के पास भेजने का प्रयास करेगी। गौरतलब है कि गांव बीगोपुर के लड़के तथा पड़ोस के गांव धोलेडा की लड़की ने गत 9 जून को गाजियाबाद के एक मंदिर में प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद से दोनों गांव के बीच विवाद हो गया था। इस प्रेम विवाह के बाद गांव धोलेडा के लोगों ने गांव बीगोपुर के लोगों का बहिष्कार कर दिया। वहीं धोलेडा के बस स्टैंड पर बीगोपुर के लोगों द्वारा बनाई गई दुकानों को नहीं खोलने देने की चेतावनी दी गई। इसके बाद से गांव बीगोपुर के लोग परेशान हैं। इसी के मद्देनजर गांव बीगोपुर में 31 गांव के प्रतिनिधियों की महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में बिगोपुर के लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। समस्याएं सुनने के बाद 31 गांव के प्रतिनिधि धोलेडा गए तथा गांव बीगोपुर के लोगों के सामने आ रही समस्याओं का निवारण करने की बात कही। इसके बाद सहमति बनी की दोनों गांव के सात-सात लोग भाईचारा कायम करने के लिए बैठक करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि आपसी भाईचारा सबसे पहले है।

### विदेश में बैठकर फिरौती मांगने वाले मूसा भाई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** पूंडरी के एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए फिरौती मांगने वाले मूसा भाई गैंग के एक सदस्य को सोमवार को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने गिरफ्तार किया है। गैंग का मेंबर दूसरी बार फिरौती की रकम वसूल करने पहुंचा था। सोमवार को सीआईए 2 में पत्रकार वार्ता के दौरान डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि पूंडरी निवासी एक व्यक्ति ने 28 में को शिकायत दी थी कि एक व्यक्ति की उसके पास एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप काल आई। जिसमें बोलने वाले ने कहा कि मैं नवीन टयोंढा बोल रहा हूं। मेरे को 10 लाख रुपए दे दे नहीं तो मैं तेरे को व तेरे परिवार के किसी भी सदस्य को मरवा दूंगा। फिर 30 मई को दोबारा उसी व्यक्ति की उसके पास फिरौती के लिए कॉल आई। जो डर के मारे उसके कहे अनुसार उसके द्वारा भेजे गए बाइक पर आए एक व्यक्ति को पाई रोड़ पूंडरी पर उसने एक लाख रुपए दे दिए। एक लाख रुपए देने के बाद भी फिरौती की धमकी बारे काल जारी रही। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया।

**दोबारा रुपए वसूलने आया तो हुआ गिरफ्तार:** डीएसपी ने बताया कि एसपी उपासना ने मामला स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के सुपुर्द कर दिया। रविवार की शाम को एसडीयू प्रभारी एसआई रमेश कुमार की टीम ने दोबारा फिरौती की रकम वसूल करने वाले गांव भाणा निवासी धर्मबीर पुत्र मदन को ट्यौंठा से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अवैध लोडिड पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार धर्मबीर नवीन के कहने पर 3 जून को इसी आदमी से एक लाख रुपए की फिरौती की रकम लेकर गया था व दोबारा 16 जून को बकाया फिरौती की रकम लेने के लिए आया था।

**टयौंठा निवासी नवीन विदेश से ऑपरेट कर रहा है मूसा भाई गैंग:** डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि टयौंठा निवासी नवीन पुत्र बाबू राम विदेश में बैठकर कथित मूसा भाई गैंग ऑपरेट कर रहा है। वह 2 साल से विदेश में है। धर्मबीर नवीन के कहने पर ही फिरौती की रकम वसूल करता था। गैंग में शामिल अन्य सदस्यों की सहायता से वह वारदात को अंजाम देता है। जांच में सामने आया है कि अपने गुर्गे से 19 मार्च को नवीन ने ही टयौंठा निवासी गोपाल पर गोली चलवाई थी। नवीन पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, फिरौती मांगने के करीब 5 मामले दर्ज है। गिरोह का सफाया कर उसके सभी सदस्यों को जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

## फरीदाबादः भीषण गर्मी से हुई चार लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबादः सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए। दिनभर लू चलती रही। लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। शहर में अलग-अलग जगह चार लोगों की मौत हुई। सभी घर से बाहर निकले और फिर वापस नहीं पहुंचे। किसी की सडक किनारे तो किसी की पार्क में मौत हो गई। आशंका है कि मौत की वजह गर्मी भी है। पुलिस ने सभी के शव बादशाह खान अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए हैं। सेक्टर-21डी में बडखल जाने वाली सडक किनारे एक व्यक्ति प्रमोद शंकर का शव पुलिस ने बरामद किया। वह इंदिरा गांधी कालोनी में रहता था। बडखल में एक वर्कशाप में काम करता था। वर्कशाप जाते समय पता नहीं रास्ते में क्या हुआ, वह सडक किनारे लेट गया और वहीं मौत हो गई। उसकी उम्र 43 साल थी। पुलिस आशंका जता रही है कि गर्मी भी अधिक पड़ रही है और वह नशा भी करता था। इस वजह से उसकी मौत हो गई होगी। वहीं लखानी धर्मशाला के पास पार्क में एक 38 वर्षीय व्यक्ति राजन का शव पुलिस ने बरामद किया। वह दो नंबर का रहने वाला बताया गया है। उसके पास एक थैला मिला। जिसमें भूजिया बनाने का सामान था। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। आशंका है कि उसकी गर्मी से राहत के लिए वह पार्क में आया था और यहीं तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इसके अलावा सेक्टर-16 में सांई मंदिर के पास 45 वर्षीय एक अनजान व्यक्ति की मौत हो गई।

## नेताओ के नकारेपन की वजह से हरियाणा के लोग प्यासेः जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः प्रदेश** में बढ़ रहे जल संकट को लेकर जयहिंद सेना प्रमुख डॉ. नवीन जयहिन्द ने बीते सोमवार रोहतक तम्बू में प्रेसवार्ता कर बताया की किस तरह से हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल में पीने के पानी की कमी का संकट आया हुआ है, हरियाणा की बात करें तो हरियाणा के जो लोग पानी की कमी से प्यासे है उनकी वजह सिर्फ नेताओ का निकम्मापन है। क्योंकि हरियाणा का हक एस वाई एल का जो पानी है वह पंजाब से आना है लेकिन कुछ निकम्मे नेता अपनी राजनीति चमकाने के चक्कर में इसका समाधान नही करते और भुगतना प्रदेश की जनता को पड़ता है। साथ ही जयहिन्द ने बताया की 30 जून को झाडू वाले जींद में रैली कर रहे है तो एक लाला जी तो जेल के अंदर है लेकिन जो लाला जी बाहर



है उनको व रैली में पहुंचने वाले सभी झाडू वालो को यह बताया चाहिए की एस वाई एल के ऊपर उनका क्या स्टैंड है? साथ ही जयहिन्द ने कहा की हरियाणा के जितने भी लोग इन झाडू वालो से जुड़े हुए है वे भी उनसे सवाल पूछे की पंजाब में सरकार द्वारा हरियाणा को एस वाई एल का पानी देने से क्यों मना किया जा रहा है,हरियाणा के साथ यह गद्दारी क्यों? जो आपको आपके हक का पानी नहीं

**नेताओं को घेरा**

**⏩ हरियाणा का हक एस वाई एल का जो पानी है वह पंजाब से आना है : नवीन जयहिंद**

दिलवा सकता वो आपके लिए क्या ही करेगा। जींद के लोग तो सबसे ज्यादा पानी की कमी से प्रभावित है। हमने जो 1 लाख रुपए का ईनाम लाला जी के बयान पर रखा था वह अभी भी बरकरार है। आपको बता दें की पंजाब से पानी पाकिस्तान तो जा रहा है लेकिन हरियाणा में नही आ रहा। एस वाई एल का पानी हरियाणा को मिलना चाहिए यह फैसला माननीय सुप्रीम कोर्ट सुना चुकी है, लेकिन पंजाब सरकार वह पानी नही दे रही। एस वाई एल का पानी पानी न मिलने की वजह से ही हरियाणा के हाहाकार मचा हुआ है। जयहिंद ने कहा की हम यह चाहते है की सभी को पानी मिले कोई भी प्यासा न रहे। हरियाणा वाले पीने का पानी देदेंगे दिल्ली को लेकिन दिल्ली में जो झाडू वाले है वे हमे ये बताए की एस वाई एल का जो पानी हरियाणा को मिलना है उस पर कोई बोलेगा या नही, हमारे मुख्यमंत्री नायब सैनी व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बोलना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट में जाना चाहिए। जयहिन्द ने लोगो से अपील करते हुए कहा की एक चुनाव तो हो चुके है दूसरे चुनाव अभी आ रहे है, अपने हक की आवाज उठाओ। इस पार्टियों व नेताओ की गुलामी कब तक करोगे पानी तो पीना ही पड़ेगा। और आज जब यह स्थिति बनी हुई है तो आप सोचिए आज से 5-10 साल के बाद क्या हालात होंगे।

## बीजेपी सरकार शिक्षा का निजीकरण पर तुलीः कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** सिरसा की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव (उत्तराखण्ड प्रभारी) कुमारी सैलजा ने कहा कि बीजेपी की सरकार शिक्षा का निजीकरण कर रही है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं पर सरकार रिक्त पदों पर भर्ती नहीं कर रही। इससे प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा मिल रहा है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह बड़ी समस्या बनती जा रही है क्योंकि उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में ही शिक्षा ग्रहण करते है। उन्होंने कहा कि

**साधा निशाना**

**⏩ प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं पर सरकार रिक्त पदों पर भर्ती नहीं कर रही**

सरकार ऐसे बच्चों को शिक्षा से वंचित रख कर उन्हें और ज्यादा पिछाड़ना चाहती है। कुमारी सैलजा ने जारी एक बयान में कहा कि हरियाणा के 2300 स्कूलों में 9995 पद पीजीटी शिक्षकों के रिक्त है। इतने पद खाली होने से यह कहा जा सकता है कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था लचर हो चुकी है। स्वाभाविक है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि बीजेपी सरकार ने जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का षड ?त्र रचा हुआ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षा और सेहत सुविधाएं दोनों ही अहम सुविधाएं होती हैं पर बीजेपी सरकार उक्त दोनों प्रकार की बेहतर सेवाएं देने में असफल साबित हो रही है।

## महिलाओं का वोट जात-पात पर नहीं, बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
हिसारः हरियाणा की दूसरी महिला पंचायत आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश शर्मा के नेतृत्व में नलवा विधानसभा के गांव मंगाली झारा में हुई। इसमें महिलाओं को मूलभूत सुविधाओं बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर उमेश शर्मा ने कहा की हरियाणा की खराब शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने का काम किया है। अपने बच्चों को अफसर बनना चाहती थी लेकिन खराब शिक्षा व्यवस्था व बेरोजगारी ने उनके बच्चों को अफसर तो नहीं बनाया बल्कि नशेड़ी व अपराधी बना दिया।

## सीएम ने रामलला के दर्शन के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अम्बाला जिला से अयोध्या धाम के लिए एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस में 38 तीर्थ यात्री सवार थे, जो अयोध्या जाएंगे और श्री राम मंदिर के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राम के दर्शनों के लिए मां अम्बा की पवित्र भूमि से जत्था रवाना किया है। एक लम्बे समय बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर बना है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रद्धालु निःशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 7 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी है और सैंकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके है। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम जा रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दी। पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण से सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत एसी वोल्वो बस को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री असीम गोयल, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जश्न दीप सिंह रंधावा, संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता, जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्म सिंह, रितेश गोयल के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म करें सरकारः दीपेंद्र

**टी एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार से अग्निपथ योजना पूरी तरह वापस लेकर सेना में रेगुलर भर्ती शुरू करने की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि अग्निपथ योजना जैसा घातक सुझाव किसने कहने पर लागू किया गया। क्योंकि न तो देश की फौज की तरफ से ये मांग आई, न देश के नौजवान ने इसकी मांग की और न ही किसी राजनीतिक दल ने ऐसी मांग की। उन्होंने कहा कि देश की फौज और देश की सुरक्षा कभी राजनीति का विषय नहीं हो सकता। ये देश जय जवान, जय किसान, जय संविधान का है भाजपा सरकार इसे जय धनवान का देश बनाना चाहती है, हम ऐसा नहीं होने देंगे। आगामी संसद सत्र में संपूर्ण विपक्ष मजबूती से लड़ाई लड़ेगा और अग्निपथ योजना को खत्म कराकर ही दम लेगा। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करना चाहती है कि अग्निपथ योजना न देश हित में है, न देश की फौज के हित में है न देश के नौजवान के हित में है और न ही देश की सुरक्षा के हित में है। अग्निपथ योजना के किसी भी नये प्रारूप को देश स्वीकार नहीं करेगा। देश चाहता है कि ये योजना



पूरी तरह से खत्म हो। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से तमाम खबरें बता रही है कि फौज के आंतरिक सर्वे में सामने आया है कि फौज को कई सारी खामियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अब अग्निपथ योजना के आधे-अधूरे रोल बैक पर भी मंथन हो रहा है। इसमें अग्निवीर का कार्यकाल 4 साल से बढ़ाकर 7 साल करना, 25 प्रतिशत की बजाय 60 से 70 प्रतिशत को फौज में लेना। आंतरिक सर्वे रिपोर्ट से पता चला है कि अग्निवीरों की ट्रेनिंग भी पर्याप्त नहीं है। इसलिये ट्रेनिंग पीरियड 24 हफ्ते से बढ़ाकर 42 हफ्ते तक करने की बात कही जा रही है। उन्होंने बताया कि फौज की आंतरिक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारियों के संबंध में रक्षा उपकरणों की देख-रेख करने के लिये फौज को सीनियर टेक्निकल कर्मचारियों की जरुरत होती है।

## शेयर मार्किट में इंवेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी, सात आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः मोटे मुना**फे के नाम पर शेयर मार्किट में इन्वनेस्टमैन्ट के नाम पर एक करोड 60 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी ने एक महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सचिव, आशुतोष, जोहर, नरेंद्र, विनोद, अनिल कुमार तथा उसकी पत्नी का नाम शामिल है। सभी आरोपी दिल्ली के विभिन्न एरिया के रहने वाले हैं। साइबर थाना एनआईटी में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ स्टॉक मार्केट में निवेश करने के नाम पर उसके साथ 1.60 करोड रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले में सबसे पहले 13 जून को महिला आरोपी और उसके पति अनिल को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान अन्य साथियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस मामले में सभी आरोपियों का दुबई में बैठे अपने साथियों को अकाउंट उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। सबसे पहले आरोपी अनिल ने 60 हजार रूपए लेकर अपनी पत्नी के सभी कागजात आरोपी विनोद और नरेंद्र को दे दिए जिन्होंने यह कागजात आरोपी सचिव को दिए जिसने अकाउंट खुलवाकर इसे अपने साथी आशुतोष को दिया। आशुतोष ने यह बैंक अकाउंट आरोपी जोहर को दिया जिसने इस अकाउंट उपयोग करने के लिए दुबई में बैठे अपने साथी आरोपी को दे दिया जिसमें धोखाधड़ी से प्राप्त किए गए पैसे डलवाए जाते थे। इस मामले में 7 बैंक खातों का उपयोग किया गया है, जिसमें एक बैंक खाते में 90 लाख, दूसरे बैंक खाते में 37 लाख तथा अन्य खातों में कुछ-कुछ पैसे डलवाए गए हैं।

## पिछले 15 साल से हवाई अड्डे का इंतजार कर रहे करनाल के लोगः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनालः आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर करनाल में हवाई अड्डा और मेट्रो लाइन के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा पिछले दिनों करनाल में नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता ने कहा था कि करनाल के हवाई अड्डे के लिए नए सिरे से सर्वे करवाया जाएगा। बहुत दुर्भाग्य की बात है कि करनाल पिछले 15 साल से हवाई अड्डे का इंतजार कर रहा है और पिछले 10 साल से बीजेपी करनाल और प्रदेश के लोगों को मूर्ख बनाने का काम कर रही है। बार बार वादा किया गया कि करनाल के हवाई अड्डे को कमर्शियल रूप दिया जाएगा, लेकिन कभी सर्वे तो कभी भूमि अधिग्रहण की बात कही गई। उनको भूमि का अधिग्रहण करने



में 8 साल लग गए। लेकिन उड़ान कब शुरू होगी और कमर्शियल अड्डे का रूप कब दिया जाएगा वो आज तक नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 के चुनावों में कहा गया कि करनाल में हवाई अड्डा और इसे कमर्शियल बनाया जाएगा। 2024 के चुनाव में भी, पहले भी मुख्यमंत्री यहां से थे और दोबारा नए मुख्यमंत्री आए हैं वो भी यहां से हैं। लेकिन दो दो मुख्यमंत्री और दो दो बार सरकार बनाने के बाद भी बीजेपी ने करनाल के लोगों के इस सपने को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि दूसरा महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट जिसमें इसी सरकार ने 2020 में कैबिनेट से फैसला लिया था कि मेट्रो लाइन को करनाल तक बढ़ाया जाएगा। आज 4 साल बाद भी इस प्रोजेक्ट पर धरातल पर कोई काम नहीं किया जा रहा। आम आदमी पार्टी यही पूछना चाहती है कि करनाल ने बार बार विश्वास जताया और दो दो बार मुख्यमंत्री दिए। इसके बावजूद बीजेपी करनाल के लोगों को कब तक ये इंतजार कराएगी। इस तरीके के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट जो सीधे तौर पर लोगों की जरूरतों से जुड़े हुए हैं, उनसे कितने समय तक बीजेपी करनाल के लोगों को दूर रखेगी।

क्या आने वाले समय में भी बीजेपी की सरकार लोगों को इसी तरह के हवाई स्वप्न दिखाएगी? यदि बीजेपी को लोगों के सपने को चकनाचूर करना है तो इस बार लोग तैयार हो रहे हैं। हरियाणा के लोगों ने बीजेपी से मुंह मोड़ने की शुरूआत कर दी है और बाकी की कसर विधानसभा चुनाव में पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में बीजेपी ने जितने काम करने का दम भरा है और जनता के लिए जितनी असुविधाएं पैदा की हैं। उनको लेकर बीजेपी सरकार से अब सवाल पूछा जाना चाहिए और ये काम आम आदमी पार्टी पूरी सिद्दत के साथ करेगी। हम पूरे हरियाणा में एक एक बूथ पर अपनी तैयारी शुरू कर रहे हैं। जनता से जुड़े सवालों को हर प्लेटफार्म पर पूछेंगे और बहुत जल्द लोगों के बीच उन असली मुद्दों को लेकर पहुंचेंगे। जिन पर हरियाणा की राजनीति होनी चाहिए। जिनको लेकर बीजेपी ने कभी भी लोगों का काम नहीं किया। इसको लेकर आम आदमी पार्टी अपने चुनावी अभियान का शंखनाद 30 जून को करने जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड (कंपनी या जीबीएल) ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी भारत में इथेनॉल आधारित रसायनों के प्रमुख निमार्ताओं में से एक है। 31 मार्च, 2024 तक, कंपनी के पास स्थापित क्षमता के मामले में भारत में सबसे बड़ी एकीकृत बायो-रिफाइनरी है और स्थापित क्षमता के मामले में दुनिया भर में (3 मिथाइल-3 पेंटेन-2-वन) की सबसे बड़ी निमार्ता भी है, प्राकृतिक 1,3 ब्यूटिलीन ग्लाइकॉल के केवल दो निमार्ताओं में से एक है और फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बायो एथिल एसीटेट का निर्माण करने वाली एकमात्र कंपनी है। कंपनी रु 10 अंकित मूल्य वाली इक्विटी शेयर पूंजी के माध्यम से फंड जुटाने की योजना बना रही है। कुल इशू में रु 3,250 मिलियन [रु 325 करोड़] तक के इक्विटी शेयर का फ्रेश इशू शामिल है (फ्रेश इशू) और 6,526,983 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल) [टोटल ऑफर साइज] भी शामिल है। कंपनी ने फ्रेश इशू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित की फंडिंग के लिए करने की योजना बनाई है- -(i) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ आउटस्टेंडिंग बोरोइंग्स का पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व-भुगतान, जिसकी राशि रु 2,400 मिलियन [रु 240 करोड़] है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए। [फ्रेश इश्यू] ऑफर फॉर सेल में मंडला कैपिटल एजी लिमिटेड [इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स] द्वारा 4,926,983 इक्विटी शेयर, सोमैया एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, समीर शांतिलाल सोमैया द्वारा 2,00,000 इक्विटी शेयर, लक्ष्मीवाड़ी माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड [प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स] द्वारा 200,000 इक्विटी शेयर, फिल्मीडिया कम्युनिकेशन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 300,000 इक्विटी शेयर, सोमैया प्रॉपर्टीज एंड इंवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड [प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर्स] द्वारा 100,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। [सेलिंग शेयरहोल्डर्स]

### अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड 2023-24: सिल्वरजोन ने किया नोएडा के छात्र को सम्मानित

**नोएडा ।** सिल्वरजोन फाउंडेशन, उत्कृष्ट शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत एक गैर-सरकारी संगठन ने 21वें शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार और छात्र सम्मान कार्यक्रम 2023-24 में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



पुरस्कृत छात्रों में 2 छात्र उत्तर प्रदेश के हैं जिनमें से एक छात्र नोएडा से है। सिल्वरजोन फाउंडेशन पिछले 20 वर्षों से स्कूल छात्रों के लिए गणित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड, विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड और इंटरनेशनल इंफोर्मेटिक्स ओलंपियाड (कंप्यूटर विज्ञान) सहित 10 अलग-अलग विषयों की ओलंपियाड प्रतियोगिताएँ आयोजित करता आ रहा है। 2023-24 में कुल 523 छात्रों ने शीर्ष रैंक हासिल की, जिसमें भारत और विदेशों से 1.5 मिलियन छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 100 विजेता दिल्ली ऐन.सी.आर क्षेत्र से हैं। सिल्वरजोन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, श्री कमल किशोर ने 20 वर्षों से आयोजित होने वाली ओलंपियाड परीक्षाओं के विषय में बात करते हुए कहा, सिल्वरजोन फाउंडेशन शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में विश्वास रखता है।

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व समागम में पंजाबी भाषा के प्रति किया प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र: मीरी-पीरी के** मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व समागम में हजारों की तदाद में पहुंची संगत ने सोमवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष हाजिरी भरी। गुरु साहिब के समक्ष नतमस्तक होने के बाद संगत ने पहली लड़ी में किए जा रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब का श्रवण भी किया। यही नहीं समागम का फायदा उठाते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा यहां पहुंच रही संगत को अपने-अपने घरों में गुरमुखी (मातृभाषा पंजाबी)का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



संस्था के पदाधिकारियों ने संगत से आान किया कि अपने बच्चों को पंजाबी भाषा सिखाने, गुरमत से जोडने ` एवं सिख धर्म के ऐतिहासिक अस्थानों के भ्रमण की भी अपील की। यह सब वर्तमान में पश्चिमी सभ्याचार से प्रभावित हो रही युवा पीढ़ी के साथ-साथ बच्चों को अपनी मातृभाषा पंजाबी सीखने के लिए प्रेरित करने हेतु किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना व संस्था के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बीबी अजराना ने गुरुद्वारा साहिब पहुंची संगत खासतौर पर महिलाओं से आान किया कि वे घरों में केवल मातृभाषा पंजाबी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मां को बच्चों का पहला गुरु माना जाता है, इसलिए महिलाओं का फर्ज है वे समय निकाल कर बच्चों को पंजाबी सिखाएं। इससे बच्चों के प्रति अपने फर्ज के साथ-साथ महिलाएं कौम के प्रति भी अपना कर्तव्य निभा सकेंगी।स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्याचार के प्रति ज्यादा आकर्षित हो रही है और उनकी देखादेखी बच्चें का झुकाव भी बाहरी संस्कृति की ओर हो रहा है। इस सब से अपने बच्चों को बचना अनिवार्य है, अन्यथा कौम की भावी पीढ़ी पथ भ्रस्ट हो जाएगी। इसलिए माता-पिता को घर में केवल पंजाबी भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अपनी मातृभाषा को अधिक से अधिक प्रचलित करने के लिए यह बहुत अनिवार्य है। अजराना ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी को अधिक महत्व दिया जाता है, लेकिन मातृभाषा भी जरुरी है। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर, उप सचिव अमरिंदर सिंह धंतौड़ी, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं कपाल मोचन बिलासपुर के मैनेजर हरकीरत सिंह, सहायक सुपरवाईजर गुरलाल सिंह, वजिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, खंजाची सुखविंदर सिंह, आर्डर कलर्क युद्धवीर सिंह विर्क सहित अन्य कर्मचारियों ने प्रबंध पर पूरी तरह से नजर बनाए रखी।

## दिव्यांग बच्चों ने किया योग क्रियाओं का अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। फूसगढ़** रोड स्थित एमडीडी बाल भवन में दिव्यांग बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। यहां आयोजित दो दिवसीय इस शिविर में बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार सूक्ष्म व्यायाम क्रिया, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, तदासन एवम सक्रिय ध्यान का अभ्यास करवाया गया।



आयुष विभाग के योग सहायक गीता दहिया, रीटा शर्मा, कुसम रानी, कुसुम शर्मा, मीनाक्षी राठी, सोनू पाल, अनुराग ने मिलकर बच्चों को योगाभ्यास करवाया। शिविर में बच्चों को मन और शरीर के संतुलन के लिए सूक्षम क्रिया का अभ्यास करवाया गया, जिसमें उनको दोनों बाजू एवं दोनों टांगों के अभ्यास करवाये गए। बच्चों को ताली वादन से दोनों हाथों की मूवमेंट करवाई गई। सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से शिविर में भाग लिया। शिविर का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग करनाल डॉ. अमित पुंज ने बताया कि दसवें योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग की ओर से विभिन्न संस्थाओ में योग शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है।

## गोताखोरों को टीम को यमुना सुधार समिति अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जेठ दशहरा पर्व पर यमुना** के अंदर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को डुबने से बचाव को लेकर तैनात हरियाणा पानीपत सिंचाई विभाग के तैराक गोताखोरो और यूपी के गोतोखोरा को टीम को यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने शॉल व टी शर्ट दे कर सममानित किया गया। इस दौरान रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने गोताखोरो को कहा कि वे यमुना के अंदर स्नान के अवसरो पर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने के लिए सचेत करते हैं। मगर कुछ रोकने के बाद भी गहरे पानी में चले जाने से डुब जाते हैं। हम सभी को भी गहरे पानी में नही जाना चाहिएं। और उन्होंने श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने व यमुना किनारे साफ सफाई रखने का आह्वान किया गया।

## नशा करना वाला अपराध की ओर अग्रसर होने लगता है : डीएसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। डीएसपी इंद्री** सुभाष चंद द्वारा गांव संधीर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुभाष चंद ने वहां पर एकत्रित हुए लोगों से कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति अपने परिवार के लिए भी बोझ स्वरूप हो जाता है और उसकी समाज एवं देश को उपादेयता शून्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि नशे के साथ वह व्यक्ति अपराध की ओर अग्रसर होने लगता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस के नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनता तक पहुंचना और मादक द्रव्यों के



सेवन के मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। सुभाष चंद ने सभी को शपथ दिलाई कि हम भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेगें और अपने विद्यालय के मित्र, मौहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखेगें, ताकि नशा मुक्त समाज के निर्माण के सच्चे सेवक बन सकें। इसके अलावा थाना तरावड़ी टीम द्वारा शिव शक्ति राईस मिल्ज तरावड़ी में नशा विरुद्व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वहां काम कर रहे श्रमिकों को नशे से शरीर में होने वाली हानिकारक बीमारियों व अन्य दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। उप निरीक्षक कैलाश ने श्रमिकों से कहा कि कुछ व्यक्ति तनाव से निजात पाने के लिए, कुछ मानसिक विकार जैसे अवसाद, कुछ सामाजिक जगहों में दोस्तों की कमी के होने के कारण, कुछ दर्दनाक घटनाओं के कारण और कुछ लोग दूसरों के सामने स्वयं को ज्यादा बड़ा दिखाने के लिए व कुछ लोग इसके दुष्प्रभावों का ज्ञान न होने के कारण नशे को अपना लेते हैं। परंतु नशा किसी भी रूप व अवस्था में क्यों न हो, वह हर प्रकार से हमारे शरीर व समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि नशा करने से ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हमारे समाज में पैर पसार रही हैं। इनसे बचने के लिए व अपने परिवार और देश हित के लिए आज ही नशे को त्यागने का प्रण लें व अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित व ज्ञानवर्धक वातावरण तैयार करें।

## आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी कंपनी मालिक से माँगे 50 लाख रुपए

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
खरखौदा में एक फैक्टरी मालिक से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। जिस पर खरखौदा पुलिस की तरफ से जाँच की जा रही है। फैक्टरी मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। आपको बता दे कि आइएमटी खरखौदा में नीलगिरी के नाम से एक कंपनी है। ये नीलगिरी कंपनी सबसे पहले आईएमटी खरखौदा में स्थापित की गई थी। रात को 3 बदमाशों द्वारा कंपनी के कार्यालय पर लगे शीशे को तोड़कर सिक्युरिटी गार्ड को धमकाते हुए कार सवार 3 बदमाशों ने मालिक से पचास लाख रुपये की भिजवाने की बात कही है। मिली जानकारी के



अनुसार रात करीब पौने 1 बजे एक गाड़ी में 3 युवक आए थे जिनकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। कंपनी मालिक मुकेश गोयल का कहना है कि इससे पहले भी उक्त युवकों ने धमकी दिलवाई थी। और 50 लाख की माँग की थी। लेकिन अब फिर बीती रात को गार्ड को यह युवक धमका कर पचास लाख रुपये की माँग करके गए थे। उन्होंने बताया कि फिर से युवक उसकी कंपनी पर पहुँचे और गार्ड के साथ गाली-गलोच करने के बाद पत्थर मारकर कार्यलय का शीशा तोड दिया। जिसके बाद कहा कि पचास लाख रुपये भिजवा देना। और कहाँ की अगर पैसे नही दिए तो बुरा हाल किया जाएगा। अब मामले की शिकायत फैक्टरी मालिक मुकेश गोयल द्वारा पुलिस को दी गई है।जिस पर पुलिस की तरफ से जाँच की जा रही है। वही नीलगिरी कंपनी मालिक ने जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही सख्त कार्रवाई करने की माँग की है। वही खरखौदा पुलिस ने शिकायत के आधार पर 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है। इस मौके पर सीआईए एसीपी वीरेंद्र टीम के साथ, एसीपी खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल, खरखौदा थाना प्रभारी अंकित कुमार, सैदपुर चौकी इंचार्ज जगजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लेकर विभिन्न जगह पर लगाए जा रहे योग वर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। 21 जून को होने** वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लेकर पतंजलि योग समिति की ओर से विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाए जा रहे है। आज इंद्री के गांव मुरादगढ़ के शिविर में पतंजलि योग समिति के योग विशेषज्ञ मुख्य रूप से पहुंचे, जहां पर उन्होंने योग साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अभ्यास करवाया। योगाचार्य डॉ. संदीप ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला करनाल के आठ खंडों में मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। 29 मई से अलग-अलग जगह पर योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास के शिविरों का आयोजन किया रहा है। योग के माध्यम से हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। योग हमारी प्राचीन पद्धति है। उन्होंने कहा कि हमें कुशल योग शिक्षक के द्वारा ही योग सीखना चाहिए। पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि हम किस प्रकार से योग के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और यही प्रयास पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का रहा है। जिला करनाल में इस समय लगभग 120 योग की कक्षाएं चल रही हैं। जिला करनाल में 8 खंड बन चुके हैं।

## निर्जला एकादशी पर ठंडा मीठा पानी पिला कर बुझाई राहगीरों की प्यास

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**निर्जला एकादशी पर शहर** व गांवों में मीठे पानी की छबील लगाई गई। शहर के प्रमुख चौराहों पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों और समाजसेवियों ने लोगों को शर्बत, मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया। सड़कों के किनारे लोग छबील लगाकर आते-जाते लोगों को ठंडा पानी पिलाते नजर आए। गांव मनाना मे रॉयल क्लब ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष में छबील लगाई व हलवे का प्रसाद बाटा। इसमे गांव के सभी लोगो का



योगदान रहा। बलराम प्रजापत, राजेंद्र,आजाद सेन, सुरेंद्र राठी व राजेश शर्मा आदि मौजुद रहे इसी तरह मनाना रेलवे फाटक पर दुकान दारो ने पानी की छबिल लगा कर राहगीरों की प्यास बुझाई।

## निर्मल धाम में बुजुर्गो को करवाया गया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आयुष विभाग** के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के दिशा निर्देशन तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला करनाल में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए 16 व 17 जून को निर्मल धाम मॉडल टाऊन में बुजुर्गो को योगाभ्यास करवाया गया दो दिवसीय इस शिविर में बुजुर्गों को उनकी क्षमता के अनुसार



सूक्षम व्यायाम क्रियाएं अनुलोम विलोम, प्राणायम एवम ध्यान का अभ्यास भजनों के माध्यम से करवाया गया आयुष विभाग की योग सहायक गीता दहिया, कुसुम शर्मा, अनुराग ने मिलकर बच्चों को योगाभ्यास करवाया। सूक्ष्म व्यामयाम का अभ्यास अनुराग ने करवाया, जिसमें गर्दन, कंधों, बाजू और कमर के अभ्यास करवाए गए। गीता ने अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी, कपाल भाती का अभ्यास करवाया एवम कुसुम ने ध्यान का अभ्यास सांसों की माला भजन के माध्यम से करवाया। सभी बुजुर्गों ने योग सहायकों को अपना आशीर्वाद दिया एवम योग को अपने जीवन में अपनाने का प्रण लिया आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग करनाल डॉ. अमित पुंज ने संत बाबा राम सिंह प्रेसिडेंट, राजेश गुप्ता प्रबंधक, राजेश शर्मा इंचार्ज के साथ सभी स्टाफ मेंबर के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## महिला की हत्या को लेकर दर्ज हुई एफआईआर की बारिकी से जांच की

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा (सोनीपत)।**
**गांव बिधलान में 14 जून** की रात जमीनी मामले को लेकर हुई हत्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल सोमवार को खरखौदा पुलिस थाना पहुंची। इस दौरान उन्होंने महिला की हत्या को लेकर दर्ज हुई एफआईआर की बारिकी से जांच की। जांच के दौरान थाना एसएचओ अंकित कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और दो अन्य को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान पुलिस क्राईम एसीपी विरेन्द्र भी मौजूद



रहे। वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने थाना प्रबंधक को दिशा-निर्देश दिए कि इस हत्या मामले में पुलिस गिरफ्त से बाहर दो आरोपियों को तुरंत पकड़े और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें न्याय हिरसात में भेजा जाए ताकि कोर्ट में मृतक महिला को न्याय दिलवाया जा सके। जांच के दौरान सामने आया कि हत्या के मामले में जिस मोहित नाम के लडक का नाम आया है उसपर पहले भी धारा-307 के मामले सहित चार मामले चले हुए है और वह कोर्ट की जमानत पर बाहर आया हुआ है। इस दौरान वाईस चेयरपर्सन ने मृतक महिला के बेटे से फोन पर बात की और उन्हें जल्द न्याय दिलवाने का आवश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है ताकि मृतक महिला को न्याय मिल सके। वाईस चेयरपर्सन ने बताया कि यह मामला एक अखबार न्यूज के तहत उनके सामने आया था, जिसपर संज्ञान लेने के लिए आज वो पुलिस थाना पहुंची है। उन्होंने कहा कि आयोग के हरियाणा महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों का रक्षा करने और उनको उचित न्याय दिलवाने के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा रहता है। वाईस चेयरपर्सन ने कहा कि आयोग की प्राथमिकता रहती है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्सा न जाए ताकि महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायत या अखबार के माध्यम से उनके सामने अगर कोई महिला उत्पीड? का मामला समाने आता है तो आयोग उसपर तुरंत कार्यवाही करते हुए महिला को उचित न्याय व संरक्षण दिलवाने का कार्य करता है। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि सभी आपसी भाईचारे बनाएं रखे और मिल जुलकर रहें ताकि समाज में शांति बने रही। उन्होंने कहा कि अगर हम समाज में शांति बनाए रखेंगे तो इसका असर हमारी आने वाली पीढि?ों पर भी रहेगा और वो उस शांति के साथ अपनी सफलता के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे।

## गर्मी को लेकर लोगो ने जगह-जगह राहगिरों को पिलाया शरबत

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी।भीषण गर्मी** को देखते हुए कस्बा निजामपुर के खेतड़ी रोड़, नारनौल रोड़, नांगल चौधरी रोड़ व रेलवे स्टेशन रोड़ पर जगह जगह छबील लगाकर राहगिरो को ठंठा शरबत, रूआफजा तो कही राहगिरों को कोल्ड ड्रींक भी पिलाई गई। खेतड़ी रोड़ पर समाज सेवी यशवंत छिलरो, इनेलो हल्का प्रधान धर्मबीर निजामपुरिया, हंसराज राड़, मास्टर विजय जांगिड़ छिलरो, संदीप यादव घाटाशेर, जुगलाल प्रधान ने बताया कि ठंडे पानी की छबील एक पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि पिछले शनिवार रविवार व सोमवार



की भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने राहगिरों को शरबत पिलाने का मन बनाया। जंहा करीब 3500 से भी अधिक राहगीरों को शीतल पेय पदार्थ पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। वही खंड के करीब-करीब गांवो मे लोगों के द्वारा छबील लगाकर राहगिरो को ठंठा शरबत पिलाया तो कही राहगिरों को तरबूज भी खिलाए गए।

## संपादकीय

# कर्ज और भुखमरी से डूबता-उतरता

**पिछले 5** सालों से पाकिस्तान की हालत बहुत खस्ता है। पाकिस्तान आवाम भुखमरी और कर्ज की बेतहाशा शिकार हो गई है। पाकिस्तानी नागरिकों को आटा, दाल,चीनी,बिजली और पेट्रोल पहले से लगभग चार गुना महंगी दरों में लेना पड़ रहा है। शरीफ सरकार दोबारा आने के बाद पूरी तरह विफल हो गई, प्रधानमंत्री शरीफ की चीन यात्रा पूरी तरह विफल रही है अब शरीफ सरकार ने भारत और भारत के प्रधानमंत्री का नाम लेने पर देशद्रोह की कार्रवाई का फरमान जारी कर दिया है। कई मीडिया एजेंसियों पर इस संदर्भ में भारत से संबंधित किसी भी जानकारी प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल भारत के विरोध के मुद्दे को छोड़कर चीन ने पाकिस्तान का आर्थिक हालातो को सुधारने में कोई मदद करने का आश्वासन नहीं दिया है।पाकिस्तान अभी भी जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को आर्थिक मदद कर घटनाओं का अंजाम देने में लगा है। ऐसे में वैश्विक नशे में पाकिस्तान के मानचित्र का विनष्ट होना निश्चित माना जा रहा है। पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है' शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं है' शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं है' 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 19 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके समर्थकों ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की थी। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार कमर जावेद की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है। यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान के समर्थक लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं। उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है।

# संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं

आर.के.सिन्हा

"ऐसा लग रहा था कि पुरानी 'बंदूक संस्कृति' खत्म हो गई है। वहां जो अचानक तनाव पैदा हुआ या करवाया गया, उसकी आग में वह अभी भी जल रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? इसे प्राथमिकता देना और इस पर ध्यान देना हमारा कर्तव्य है," यह बेबाक टिप्पणी डॉ. मोहन भागवत की है। निस्संदेह पिछले लगभग एक साल से मणिपुर जल रहा है। वहां पर हिंसा और कत्लेआम जारी है। स्थिति काबू में आ ही नहीं रही है। जब लगता है कि अब मणिपुर में अमन की बहाली होने वाली है, तब ही उधर से कोई बुरी खबर सामने आ जाती है। मणिपुर की स्थिति ने सारे देश को परेशान किया हुआ है। जाहिर है कि मोहन भागवत की मणिपुर पर राय से सारा देश अपने को जोड़ता है। अब देश की चाहत है कि मणिपुर में अमन की बहाली हो जाए और संघ-भाजपा के संबंधों में पहले वाली गर्मजोशी दिखाई दे"



**राष्ट्रीय स्वयं** सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मृदु स्वभाव वाले और मितभाषी हैं। वे किसी खास मुद्दे या अवसर पर ही अपनी बेबाक राय रखते हैं। लेकिन, जब भी वे कुछ कहते हैं तो उसे गौर से सारा देश सुनता और समझने की कोशिश करता है। उनके वक्तव्यों की पूरे देश में विभिन्न कोणों से व्याख्या होने लगती है। हाल ही में आए लोकसभा चुनावों के बाद डॉ. मोहन भागवत ने भाजपा नेताओं पर सांकेतिक और परोक्ष रूप से 'अहंकारी' होने के आरोप लगाकर राजनीतिक क्षेत्रों में, खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भूचाल सा ला दिया है। मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के नागपुर में संघ के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि "एक सच्चा सेवक काम करते समय मयार्दा बनाए रखता है। उसमें कोई अहंकार नहीं होता कि ह्लमैंने यह किया ह्व केवल ऐसा व्यक्ति ही सेवक कहलाने का अधिकारी है।" आखिर वे अहंकार पर चर्चा करके क्या कहना चाहते हैं? एक आम राय यह भी है कि डॉ. भागवत की दृष्टि में भाजपा के कुछ नेता सत्ता पर काबिज होने के बाद विनम्र नहीं रहे। वे अहंकारी हो गए। वे आम जनता के सरोकारों से दूर हो गए। उन्होंने जन सेवा के कामों से अपने को दूर कर लिया। इसी कारण के चलते ही जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं दी । मुझे भाजपा के एक प्रमुख सहयोगी संगठन के शिखर पदाधिकारी बता रहे थे कि वे कुछ माह पहले किसी जरूरी काम के सिलसिले में एक बार अति प्रमुख स्थान रखने वाले एक केन्द्रीय मंत्री से मिले। मंत्री जी उन महोदय के काम से और संघ निष्ठा से अच्छी तरह वाकिफ थे। वे उम्र और तजुर्बे में मंत्री जी से बड़े हैं कमंत्री जी को पता था कि उन्होंने संघ के कार्यकर्ता के रूप में अपना सारा जीवन खपा दिया है। इतना सब कुछ होने पर भी जब उन्होंने कहा कि संघ ने मुझे यह दायित्व दिया है और आपका सहयोग चाहिये क तब मंत्री जी ने कहा कि, यह दायित्व आपने मुझसे पूछकर लिया था क्या ?ह्व उन केन्द्रीय मंत्री जी ने उन संघ निष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्त्ता सज्जन को खड़े-खड़े ही चलता कर दिया। मंत्री जी भूल गए कि भाजपा को मजबूती संघ और उसके सहयोगी संगठनों से ही मिलती है। समें कोई शक नहीं है कि भाजपा के उन नेताओं को अपनी सोच में बदलाव तो लाना होगा जो संघ के महत्व और विचारधारा से परिचित नहीं है। संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं है। कुछ ऐसे लोग भी संघ के नाम पर भाजपा के शीर्ष पर पहुँच गये, जिनका स्वयं का संघ कार्य का न तो कोई अनुभव है न ही कभी वे संघ में किसी दायित्व के पदों पर रहे हैं कहाँ, यह अवश्य है कि वे संघ परिवार से आते हैं और उनके पिता या बड़े भाई संघ-निष्ठ कार्यकर्त्ता या पदाधिकारी रहे ह अपने भाषणो में मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तो हमेशा तारीफ करते रहे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय, मोहन भागवत ने कहा था-ह्य इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने से पहले प्रधानमंत्री जी ने कठोर व्रत रखा। जितना कठोर व्रत रखने को कहा था उससे कई गुना अधिक कठोर व्रताचरण उन्होंने किया। मेरा उनसे पुराना परिचय है और मैं जानता हूँ, वो तपस्वी हैं ही।" संघ भाजपा का अभिभावक संगठन है तो यह स्वाभाविक है कि उसका भाजपा पर असर तो रहेगा ही, साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के सक्रिय जीवनदानी पूर्णकालिक प्रचारक भी रहे हैं। अतः मोदी जी, राजनाथ सिंह आदि की बात अलग है क वे संघ को समझते हैं क कुछ समय से दबी-जुबान से यह भी चर्चा होती रही है कि क्या भाजपा हमेशा संघ के प्रभाव में ही काम करती है? अगर नहीं तो संघ का भाजपा पर नियंत्रण किस हद तक है। सही बात तो यह है कि संघ के पचासों आनुषांगिक संगठन अपना-अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करते हैं क पर संघ का परोक्ष नियंत्रण और मार्गदर्शन तो रहता ही है जिसे सभी मानते भी हैं क्या नड्डा को संघ और भाजपा के संबंधों पर यह सब कहना चाहिए था या नहीं, पर कहीं न कहीं संकेत तो ऐसे ही मिल रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान ही संघ और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच कुछ वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने लगे थे। हालांकि मैं इस संबंध में कुछ भी पुख्ता रूप से नहीं कह सकता कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव में हार के बाद संघ की ओर से ही उम्मीदवारों के चयन के लिए दिए गए सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। संघ और भाजपा लंबे समय से सभी चुनावों में मिलकर काम करते रहे हैं। हां, यह सच है कि भाजपा में अन्य दलों से बहुत सारे नेता शामिल होते रहे हैं। मुमकिन है कि संघ की सोच को लेकर उनकी कोई बहुत निष्ठा न भी हो। पर यह कोई नहीं मान सकता कि भाजपा को अब संघ के साथ और सहयोग की जरूरत नहीं रही है। भाजपा को संघ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करना ही होगा। पंडित दीनदयाल जी और अटल जी अहंकार से कोसों दूर थे। वे सज्जनता और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ही मुझे 1966 में भारतीय जनसंघ में लाये और उनके जीवन के अंतिम क्षणों तक मैं उनका प्रवास सहयोगी रहा क वे एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। जब मैंने उनके साथ बिहार में 1960 के दशक में काम किया तब मैं किशोर ही था । उनकी शख्सियत में दंभ का नामो-निशान तक नहीं था। एक बार हम प्रवास में झारखण्ड के एक सुदूर कस्बे में एक ही कमरे में ठहरे थे और मैंने उनकी धोती साफकर बाहर फैला दिया था कमुझे उनकी डांट पड़ी थी क उन्होंने कहा था कि ह्लयह कामह्व मैं स्वयं करता हूँ, तुमने बिना पूछे क्यों किया कभाजपा के नेताओं को सदैव इन महान संस्थापकों के विचारों और जीवनशैली का अनुसरण करना होगा। याद रख लें कि किसी ठोस विचारधारा के बिना किसी राजनीतिक दल का कोई मतलब नहीं है। संघ की मार्फत ही भाजपा राष्ट्रीय शब्द को गहराई से समझती है। मोहन भागवत ने एक बार कहा भी था कि राष्ट्रवाद शब्द समाज के लिए ठीक नहीं है। यह शब्द सीमित करता है। वहीं राष्ट्रीयता शब्द विस्तार देता है। वाद शब्द हमेशा स्वार्थ के लिए होता है। स्वार्थ की पूर्ति होते ही मोह भंग हो सकता है, जबकि राष्ट्रीयता से आत्मिक जुड़ाव होता है। मोहन भागवत साफ बोलते हैं। मणिपुर की अशांति पर भी मोहन भागवत ने अपनी राय रखी हैं। "मणिपुर एक साल से शांति की तलाश में है। इस पर प्राथमिकता से चर्चा होनी चाहिए। राज्य पिछले 10 वर्षों से शांत था। ऐसा लग रहा था कि पुरानी 'बंदूक संस्कृति' खत्म हो गई है। वहां जो अचानक तनाव पैदा हुआ या करवाया गया, उसकी आग में वह अभी भी जल रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? इसे प्राथमिकता देना और इस पर ध्यान देना हमारा कर्तव्य है," यह बेबाक टिप्पणी डॉ. मोहन भागवत की है । निस्संदेह पिछले लगभग एक साल से मणिपुर जल रहा है। वहां पर हिंसा और कत्लेआम जारी है। स्थिति काबू में आ ही नहीं रही है। जब लगता है कि अब मणिपुर में अमन की बहाली होने वाली है, तब ही उधर से कोई बुरी खबर सामने आ जाती है। मणिपुर की स्थिति ने सारे देश को परेशान किया हुआ है। जाहिर है कि मोहन भागवत की मणिपुर पर राय से सारा देश अपने को जोड़ता है। अब देश की चाहत है कि मणिपुर में अमन की बहाली हो जाए और संघ-भाजपा के संबंधों में पहले वाली गर्मजोशी दिखाई दे। यह होगा तभी जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रवादी सोच के नागरिकों का मनोबल बढ़ेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

**सरकार मजे में है ....!**

फूल मजे में है खार मजे में है
झूठों का कारोबार मजे में है।

जिसे पहन कर भागे थे वह
बाबा की सलवार मजे में है ।

बढ़े हैं चोर उचक्के जबसे
रहता थानेदार मजे में है।

औने-पौने फसल खरीदी कर
व्यापारी व व्यापार मजे में है

सौ का ठर्रा पी के सो जाता है
रहता पल्लेदार मजे में है।

मध्यम वर्ग का लहू पी कर
रहती है ये सरकार मजे में है।

जनता को चूना लगाकर
नेताओं का रोजगार मजे में है।

आशीष तिवारी

## कभी अपने भी दांत गिनकर देखे इंसान

राकेश अचल

**आज मै एक ऐसे** विषय पर आपके सामने हूँ जो प्रायः किसी विमर्श का हिस्सा नहीं होता। आज का विषय है दांत। दन्त मनुष्य के ही नहीं अपितु तमाम स्तनपायी जानवरों का एक जरूरी और महत्वपूर्ण अंग है। इसका अपना विज्ञान है । चिकित्स्क हैं, उपचार है । कहावतें हैं ,मुहावरे हैं। मनुष्य दांतों के मामले में बहुत लापरवाह भी होता है और सजग भी । दुनिया में जब पशुओं की उम्र का पता लगाने का कोई विज्ञान नहीं था तब पशुओं के दांत गिनकर ही उनकी उम्र का पता लगाया जाता था । दांत गिनना धर्म का काम भी है और नहीं भी।

आज बकरीद है इसलिए आपको बता दूँ कि इस्लाम धर्म के अनुयायी कुबार्नी के लिए बकरा खरीदते समय उसके दांत जरूर गिनते हैं ,ये एक धार्मिक बाध्यता है ,क्योंकि ऐसा माना जाता है कि केवल 1 साल के बकरे की ही कुबार्नी दी जानी चाहिए। इस वजह से यदि किसी बकरे के दो, चार या फिर छह दांत होते हैं तो ही उनकी कुबार्नी दी जाती है। न ही नवजात और न ही बुजुर्ग बकरे की कुबार्नी दी जाती है.। ऐसे में यदि किसी बकरे के दांत नहीं हैं या फिर किसी बकरे के दांत दो, चार या फिर छह से ज्यादा हैं तो उसकी कुबार्नी नहीं दी जाती ।

हमारे शहर ग्वालियर में एक शताब्दी पुराना पशु मेला लगता है। इस मेले में मैंने खरीदारों को गाय,बैल,भैंस,बकरी,घोड़ा यहां तक कि ऊँट के दांत गिनते देखा है। जानकार पशुओं के दांत गिनकर उनकी उम्र का अनुमान लगा लेते हैं,यानि पशु विक्रेता अपने माल की उम्र को लेकर ज्यादा ठगी नहीं कर सकता। दांत गिनना एक कला भी है और विज्ञान भी । मनुष्यों में 32 दांत होते हैं। इन्हें भी कभी गिना जाता है और कभी नहीं भी । मनुष्य के दांतों में एक दांत का नाम अक्लदाढ़ भी होता है। ये या तो निकलती नहीं है और यदि निकलती है तो बहुत कष्ट देती है।

बहरहाल दांत को लेकर कहावतें हैं और मुहावरे भी । आपने ' दांत काटी रोटी ' के बारे में सुना होगा । सुना होगा कि ' जब दांत थे तब चने नहीं थे और जब दांत नहीं है तो चने हैं '। आपने सुना होगा कि - ' दान की बछिया के दांत नहीं गिने जाते '। हमारे यहां तो किसी को परास्त करने या छकाने के लिए भी जो मुहावरा है उसे 'दांत खट्टे' करना कहते हैं। एक कहावत हाथी के दांतों को लेकर भी है कि-' हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और होते है।' दांत हाथी के और कहावत मनुष्यों के लिए बनी है।

मै जिन दांतों की बात कर रहा हूँ वे बहुउदेशीय होते है। दुनिया बनाने वाले ने दांत बनाते समय ही उनका काम भी तय कर दिया था शायद इसीलिए आप ये जानकर हैरान होंगे कि दाँत का काम सिर्फ किसी चीज को पकड़ना, काटना, फाड़ना और चबाना ही नहीं है। जानवर इन दांतों से कुतरने खोदने , सँवारने और लड़ने का काम लेते हैं। दाँत, आहार को काट-पीसकर गले से उतरने योग्य बनाते हैं।खुद ईश्वर ने एक अवतार में अपने दांतों से सकल ब्रम्हांड को ऊपर उठा लिया था।

## विचार

# साहित्य अकादमी पुरस्कार शक के घेरे में

डॉ. सत्यवान सौरभ

कल केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाईयों के साथ- साथ, जैसे अकादेमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है।

नियम -३ के बिन्दु (६) में स्पष्ट लिखा है कि २४ भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबध्द भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें। नियम ७ - विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादेमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादेमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो। आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी के द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। वाह रे साहित्य अकादमी। कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी ? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद भी अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाए अप्रतिम और विलक्षण हैं, इस में संदेह नहीं होना चाहिए। याद दिला दूँ कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आयी है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'कर्फ़्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद। पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फैशन डिजाइनर के रूप में अपनी यात्रा कैसे शुरू करें?

विजय गर्ग

**स्कूली शिक्षा** पूरी करने के बाद अधिकांश छात्रों के मन में स्पष्ट लक्ष्य होते हैं। वे जानते हैं कि वे आगे क्या पढ़ना चाहते हैं। कोई फोटोग्राफर बनना चाहता है तो कोई फैशन की दुनिया पर राज करना चाहता है। यदि आप बाद वाले हैं और सोच रहे हैं कि शुरूआत कैसे करें, तो यह ब्लॉग आपके लिए है। अपने साथियों से अलग करियर चुनने का मतलब है कि आपके पास कई अनुत्तरित प्रश्न होंगे। और हम पर विश्वास करें, चीजों की शुरूआत में थोड़ा भ्रमित होना ठीक है। अपने कौशल को निखारें: कॉलेज की डिग्री कौशल की कमी की भरपाई नहीं कर सकती। साथ ही, कोई भी फैशन डिजाइनर आवश्यक कौशल के बिना बहुत आगे नहीं बढ़ सकता। सफल फैशन डिजाइनर अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए समय समर्पित करते हैं क्योंकि वे अपने महत्व को समझते हैं। एक फैशन डिजाइनर के लिए सिलाई एक प्राथमिक कौशल है। जल्दी शुरूआत करें और सीखें कि विभिन्न प्रकार के कपड़े कैसे सिलें। कपड़ों को लपेटने और काम करने के तरीके से परिचित रहें, यह ज्ञान आपको एक बेहतर डिजाइनर बनाने के लिए आवश्यक है। इसे इस तरह समझें, एक डिजाइनर के रूप में अपनी रचनात्मक दृष्टि को दुनिया के सामने लाने के लिए आपको सभी प्रकार की सामग्रियों से निपटना होगा। इसके अलावा, कपड़े खरीदने के तरीके खोजें। एक शीर्ष फैशन डिजाइनर बनने का रहस्य जल्दी शुरूआत करना है। एक समय में एक ही कौशल को निखारें अन्यथा आपके पास कुछ भी नहीं बचेगा। अपने स्केचिंग कौशल को निखारने के लिए यूट्यूब वीडियो देखें, लोगों और स्थानों से प्रेरणा लें, और अतिरिक्त मील जाने और फैशन की दुनिया में गहराई से उतरने के लिए तैयार रहें। उसी क्षेत्र के पेशेवरों से मिलें, और जानें कि उन्होंने कैसे शुरूआत की और अपनी यात्रा में यहां तक ??आए हैं। उनके साथ बातचीत करने और विचार साझा करने से आपको अपना खुद का एक विचार बनाने में मदद मिल सकती है। डिग्री प्राप्त करें: यदि आप एक फैशन डिजाइनर बनने की योजना बना रहे हैं, तो जेडी इंस्टीट्यूट जैसे किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फैशन डिजाइनिंग में स्नातक या डिप्लोमा कोर्स करना जरूरी है।

## आडंबरी क्लब की गौरवगाथा

डॉ. सुरेश कुमार

**आडंबरी क्लब ने** आडंबर के जितने भी वर्ष पूरे किए हों, लेकिन लगता है 420 वर्षों का सफर पूरा कर लिया, मानो शोहरत की सोने की चिड़िया को पिंजरे में बंद कर दिया हो। इस क्लब की अध्यक्ष, टुनटुना देवी, किसी ताजमहल की तरह अपनी जगह पर अमर हैं। अध्यक्ष पद पर उनके अद्वितीय कब्जे की बात करें तो, यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है कि ह्यअध्यक्ष तो नहीं रहे, पर उनके विचार अभी भी जीवित हैंह्ल - बस टुनटुना देवी के लिए थोड़ा बदलकर कह सकते हैं, 'वो तो रहेंगी ही, पर गुजर जाने के बाद उनकी आत्मा भी यहीं पर अध्यक्षता करेगी।' टुनटुना देवी का यह अटल इरादा कि गुजरने के बाद ही पद छोड़ेंगी, सच में अध्यक्ष पद की महत्ता को उनके लिए एक जन्मजात अधिकार बना देता है। और जब बात आती है उत्तराधिकारी की, तो उनकी बहू को इस पद के लिए तैयार करना ऐसा लगता है जैसे कोई महान रानी अपने राज्य का ताज अपनी पुत्री को सौंपने की तैयारियाँ कर रही हो। यह ताजपोशी का नाटक हमें मुगलों के जमाने की याद दिलाता है। आडंबरी क्लब का असली मकसद साहित्य की सेवा नहीं, बल्कि असाहित्य की सेवा है। यहाँ असाहित्यकार वही माना जाता है, जो अध्यक्ष की चाटुकारिता में डूबा हो। एक सच्चे साहित्यकार का कद यहाँ दो कौड़ी का भी नहीं है। यह अद्भुत परंपरा मानो मुहावरे की तरह प्रचलित है कि जो अध्यक्ष की न चाट सके, वह साहित्यकार नहीं। क्लब के कार्यक्रमों में आमंत्रित किए जाने वाले विशेष अतिथि, 'आन' की जगह 'कान' को बुलाने का रिवाज मानो कहावत को नया अर्थ दे देता है। कान बुलाए जाते हैं ताकि वे अध्यक्ष की वाहवाही सुन सकें, और बान की बातें सिर्फ इसलिए की जाती हैं कि बाकी सबको लगा रहे कि कुछ बड़ा हो रहा है। जैसे हिंदी कार्यक्रम के लिए तेलुगु वाले को बुलाकर अंग्रेजी का मजा ले सके। इस कार्यक्रम में 'साहित्यिक कसरत' का मतलब अध्यक्ष की तारीफ में 'लंबी-चौड़ी फेंकने वाली किताबें' लिखना है। यहाँ पर साहित्य इतिहास के नाम पर स्व और ह्यपरिजन इतिहास लिखने का नाटक ऐसे किया जाता है जैसे बच्चों के खेल में नकली चाय पार्टी।

## न्यूज फ्लैश

### अमेजन की इंटरनेशनल योगा डे सेल के साथ बनाये सेहत बेहतर

**नोएडा:** इस साल इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर अमेजन की खासतौर पर तैयार योगा डे सेल के साथ एक सेहतमंद जीवनशैली अपनाएं और अपने फिटनेस रुटीन को बेहतर बनाएं। अमेजन की इंटरनेशनल योगा डे सेल 18 जून 2024 से 21 जून 2024 तक लाइव रहेगी। यहां पर योगा मैट, व्हील, ब्लॉक आदि जैसे योग से जुड़े प्रोडक्ट के साथ ही वेलनेस प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस खास संग्रह के साथ अपने मन, शरीर और आत्मा को सुकून देते हुए खुद को सेहतमंद बनाएं। ग्राहक यहां पर योगा मैट, योगा ब्लॉक और एक्सेसरीज जैसी योग से जुड़े अपने सभी पसंदीदा प्रोडक्ट पर 80% तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहक योग से जुड़े सभी प्रोडक्ट पर 750 रुपये की न्यूनतम खरीद पर वढकके माध्यम से पेमेंट करने पर 150 रुपये तक का अतिरिक्त 10% कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।सेल में कुछ बेहतरीन डील्स हैं, जैसे अमेजन बेसिक?स एश्अ फोम योगा ब?लॉक?स: ये फोम योगा ब?लॉक?स हाई डेन्सिटी वाले एथिलीन-विनाइल एसीटेट (एश्अ) फोम से बने हैं। ये ब्लॉक्स योग अभ्यास करते समय भरोसेमंद सपोर्ट प्रदान करते हैं और लंबे समय तक बेहतरीन पफोर्मेंस देते हैं। बच?चों के लिए बोल?डफिट एथिलीन विनाइल योगा मैट्स: यह योगा मैट एंटी-स्लिप टेक्सचर और सॉफ्ट पैडिंग के साथ आता है, ताकि बच्चे हर आसन को सुरक्षित रूप से कर सकें। इसकी ऊपरी सतह पर खूबसूरत टेक्सचर दिया गया है। यह बच्चों के हाथों और पैरों को योग करते समय बाहर फिसलने से रोकता है। बोल?डफिट योगा ब?लॉक?स 2 का सेट: यह सॉलिड योगा ब्लॉक?स का सेट किसी भी आसन में आराम देने के साथ ही पर्याप्त सपोर्ट प्रदान करता है। आप इसे किसी भी ऊंचाई पर प्रयोग कर सकते हैं। ये ब्लॉक हाई डेन्सिटी वाले एश्अ फोम से तैयार किए गए हैं। ये ब्लॉक्स छूने में बेहद नरम हैं। लेकिन बनावट में ये बहुत ही मजबूत हैं। जिसके कारण ये आपको किसी को भी मुश्किल आसन के दौरान सुरक्षित और सहज बनाए रखने में मदद करते हैं। बोल?डफिट स्ट्रेचिंग योगा बेल्ट: बोल्डफिट स्ट्रेचिंग योगा बेल्ट एक नॉन-इलास्टिक बैंड है। यह स्ट्रेचिंग, योग, थेरेपी और वर्कआउट के दौरान ज्यादा स्थिरता और लचीलापन प्रदान करता है। महिलाओं और पुरुषों के लिए कवर बैग के साथ बोल?डफिट योगा मैट : यह प्रीमियम योगा मैट बेहतरीन क्वालिटी वाले मटेरियल से तैयार किया जाता है। यह बहुत ही आरामदायक है और बेहतर सपोर्ट के लिए इसमें सही मोटाई और पकड़ दी गई है। योग करते समय चोट से सुरक्षा देने और किसी भी व्यायाम को आसानी से करने में मदद करने के लिए यह एक शानदार स्लिप रजिस्टेंट के साथ आता है। इसके निचते हिस्से में लहरदार डिजाइन दी गई है, जो कि मैट को फर्श पर फिसलने से रोकती है और मैट को एक बहुत जरूरी पकड़ प्रदान करती है।

### टाटा साल्ट इम्यूनो बना रहा है देश के स्वास्थ्य को और भी सशक्त

**मेवात ।** भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक खंड में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट की यात्रा, 1983 में अपनी स्थापना के बाद से आयोडीन की कमी से होने वाले विकार (डिसऑर्डर-आईडीडी) के खिलाफ देश के संघर्ष के साथ जुड़ी हुई है। इसके प्रमुख उत्पाद को ' देश की सेहत, देश का नमक के रूप में जाना जाता है। टाटा साल्ट आईडीडी के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों के लिए प्रशंसित रहा है। कंपनी ने दो साल पहले, टाटा साल्ट इम्यूनो की शुरूआत की थी। यह खाद्य नमक खंड में पहला ऐसा नमक है जिसमें आयोडीन के साथ जिंक शामिल है। जिंक एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है,यह ब्रांड संतुलित आहार को बढ़ावा देता है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान कहती हैं, संतुलित आहार में, ऐसे नमक का सेवन करना जरूरी है जो आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता हो।




टाटा साल्ट इम्यूनो को स्वाद बनाए रखते हुए जिंक जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के साथ तैयार किया गया है। हम अपने उपभोक्ताओं को सोच-समझ कर अपने नमक का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और ऐसा तभी संभव है जब वे अपने नमक की जरूरत के बारे में खुद को जागरूक रखें। हाल ही में दुनिया भर में नमक जागरूकता सप्ताह मनाया गया है जिस अवसर पर टाटा साल्ट इम्यूनो ने अपने उपभोक्ताओं से सोच-समझकर नमक के विकल्पों के सेवन करने की सिफारिश की है। ब्रांड ने टाटा साल्ट इम्यूनो के अलावा, अतीत में स्वस्थ जीवनशैली पहलों का समर्थन करते हुए टाटा साल्ट लाइट और टाटा साल्ट आयरन हेल्थ सहित अन्य वेरिएंट लॉन्च किए हैं।

# कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से कुरुक्षेत्र में खिला कमल: सीएम नायब सैनी

## हरियाणा में फिर बनेगी तीसरी बार भाजपा सरकार: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश के अंदर लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने भारी संख्या में मौजूद कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर व शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बंता राम वाल्मिकि ने अपने साथियों के साथ भगवान वाल्मिकि का चित्र भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने




इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को बधाई देते हुए व उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत के बलबूते पर कुरुक्षेत्र लोकसभा में कमल का फूल खिला है, जिसके लिए व उन्हें सलाम करते है, दिल से धन्यवाद करते है और हाथ जोडकर राम-राम करते है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा में साढे 9 वर्षो में डबल इंजन सरकार ने जबरदस्त काम किए है। योजनाबद्ध तरीके से आमजन के हितों को सुरक्षित करते हुए उन्हें मजबूत करने का काम किया है। आज प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से ज्यादा वोट हासिल किए है। पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ बोलकर लोगों के बीच यह भ्रम फैलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते है तो सविधान और आरक्षण को समाप्त कर देंगे। उन्होंने सविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा भ्रम फैलाकर वोट हासिल करने का काम किया है। कार्यकताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में तथा डबल इंजन सरकार द्वारा आमजन के लिए जो अभूत पूर्व कार्य किए गए है उन कामों के बल पर वह लोगों के बीच जाकर कांग्रेस ने जो झूठा प्रचार किया है उसका पदार्फाश करने का काम करें।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी एकलव्य जैन ने दिया प्रतिभा का परिचय




**टीम एक्शन इंमडिया**

**गन्नौर: प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल के विद्यार्थी एकलव्य जैन ने एक बार फिर से अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सत्र 2023-2024 में एकलव्य जैन ने प्रयास इंटरनैशनल स्कूल नॉनमेडिकल स्ट्रीम में टॉप किया था। तत्पश्चात जे ई एडवांस में उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान फिटजी के द्वारा 100000 रुपए की धनराशि के द्वारा सम्मानित किया गया। फिटजी शिक्षा संस्थान के द्वारा एकलव्य जैन एवं उसके परिवार के सदस्यों का भी सम्मान किया गया । स्कूल के निदेशक डॉ संजय जैन , अमित बत्रा, स्कूल निदेशिका डाक्टर सुनीरा जैन, रुचिका बत्रा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या दीपमाला व्यास ने एकलव्य जैन को उसके अग्रिम जीवन के लिए शुभकामनाए दी। स्कूल के निदेशक डॉ संजय जैन , अमित बत्रा ने कहा कि हमें आशा ही नहीं विश्वास है कि आने वाले समय में भी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्र इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहेंगे।

## घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र** के सेक्टर-23 में घर के बाहर से कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-23 निवासी सुमित ने बताया कि उसके पास एक कार है। हर रोज की तरह उसने कार को अपने घर के बाहर खड़ा कर दिया अगले दिन सुबह उठकर देखा तो कार गायब मिली। अपने स्तर पर कार की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# महीपाल सूबेदार को मिली जिम्मेवारी, समर्थक खुश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बाहरी कालोनियां प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर कॉलोनी वासियों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसमें बाइकों के काफिले के साथ कूटानी रोड़ नाले की पुलिया से लेकर के पहलवान चौक होते हुए डाबर कॉलोनी में पहुंच कर कॉलोनी वासियों ने फूल मालाओं से व लड्डू बाटकर महिपाल सूबेदार का स्वागत कर सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए महिपाल सूबेदार ने कहा कि प्रदेश की बाहरी कॉलोनीयों का मान बढ़ाया व मुझे इतना पड़ा पद देकर मेरा मान सम्मान किया इसके लिए मैं पार्टी का सदा ऋणी रहूंगा। और मैं नेता पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ,



हरियाणा प्रदेश के प्रभारी दीपक बावरिया , हरियाणा प्रदेश के बहुत ही बहादुर प्रदेश अध्यक्ष उदयभान , व बहुत ही और सांसद नौजवानों की धड़कन भाई दीपेंद्र हुड्डा का तहसील से धन्यवाद करता हूं। और एक आश्वासन देता हूं कि पार्टी में जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसको मैं दिन-रात मेहनत करके बखुबी निभाने का पूरा प्रयास करूंगा और बाहरी कालोनियों में पार्टी का प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा बाहरी कॉलोनीयों की आवाज उठाने के लिए पहले भी मैंने बहुत धरने प्रदर्शन किये है कॉलोनीयों के हर मुद्दे को सड़कों पर लेकर आने का काम किया। चाहे प्रॉपर्टी आईडी को खत्म करवाने की बात हो। चाहे फैमिली आईडी को खत्म करवाने की बात हो ,चाहे डेवलपमेंट चार्ज शहर से कम करवाने की बात हो, चाहे फैमिली आईडी के कारण विधवा पेंशन विकलांग पेंशन बुढ़ापा पेंशन कटी है उनको बहाल करवाने की बात हो, चाहे सो सो गज के प्लाटों डिवेलपमेंट चार्ज व टैक्स खत्म कराने की बात हो, कॉलोनी की हर समस्या को सड़क पर लाने का काम किया और मुद्दे हल करवाने का भरसक प्रयास किया है इस मौके पर कासिम खान ,शमशेर वाल्मीकि, चंद्र श्याम शर्मा, सूबेदार जीत सिंह प्रजापत, अजीत हुड्डा ,इसरार अली, मास्टर विनोद कोरी, सुधीर शर्मा, नसीम अहमद ,मास्टर जनेश्वर, शाहरुख भाई, मोहसिन सैफी, दिनेश शर्मा , ताहिर खान, मोहम्मद अख्तर, सुमित पूनिया सैकड़ो कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

## करनाल में फॉर्च्यूनर और ट्रक की हुई टक्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नमस्ते चौक** पर एक सडक हादसा हो गया। शिमला से दिल्ली जा रही फॉर्च्यूनर कार ट्रक से जा टकराई। ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। गाड़ी में सवार पति-पत्नी को राहगीरों ने कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। फॉर्च्यूनर कार के मालिक कुलदीप सिंह ने बताया कि वह शिमला के रहने वाले हैं। आज वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली की यात्रा पर थे। घटना उस समय हुई, जब नमस्ते चौक पर अचानक ट्रक के ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए। फॉर्च्यूनर कार ट्रक से पीछे थी और अचानक ब्रेक लगाने के कारण कार चालक समय रहते बचाव नहीं कर सका और गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे के समय गाड़ी में सवार पति-पत्नी ने सीट बेल्ट पहनी हुई थी, जिससे उनकी जान बच गई।

# गरीब-जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर संतों का लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जेठ की एकादशी व** दशहरा के उपलक्ष में यमुना के पबनेरा घाट पर कांग्रेस के नेता सुरेश त्यागी ने जेठ माह में अग्नि तपस्या कर रही यमुना नाथ महाराज से आशीर्वाद लिया और 170 गरीब व जरूरतमंद लोगों को अपनी तरफ से कंबल वितरित किए । गांव में पहुंचने पर बेगा गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की । कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी नगर ग्रामीणों को संबोधित



करते हुए कहा कि एकादशी व्रत के दिन दान-पुण्य को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है । इसलिए इस विशेष दिन पर किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन, वस्त्र या धन का दान जरूर करें। ऐसा करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। संसार में जन्म लिए हुए हर व्यक्ति को जितना हो सके गरीब की मदद करनी चाहिए। गरीबी अभिशाप नहीं है। गरीब लोगों के मन में भी वही है जो हम सबके मन में है। ऐसे लोगों की सहायता करने से उन्हें भी खुशी मिलती है। अपने लिए हर इंसान जीता है लेकिन जो दूसरों के लिए जीता ही उसे ही असल में जिंदगी कहते हैं। लोगों की मदद करना हर पल उनके साथ खड़ा रहना इसी का नाम जिदगी है पूर्व सरपंच राजेंद्र ने कहा कि गांव में तपस्या कर रहे संत का आशीर्वाद लेने के लिए वे यहां पहुंचे थे और उन्होंने गरीब व जरूरतमंद की सहायता करके सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समाज के अन्य लोगों को भी गरीब व जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए।

इस मौके पर डॉक्टर कुलबीर सरोहा, रणबीर फौजी, हैप्पी, डॉक्टर हरवंश लाल के अलावा गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# छबील व भंडारे लगाकर लोग पुण्य की कामना करते हैं: जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई : ज्येष्ठ माह के चलते** इन दिनों जगह-जगह पर छबील व भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। राई क्षेत्र के सेवली गांव में किए गए भंडारे में शामिल हुए आंतिल बाराह खाप के प्रधान एंव कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने से पुण्य मिलता है। ऐसे में भंडारे में जाने से दूरी नहीं बल्कि उसमें बढ़ चढकर सहयोग भी करना चाहिए। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि ज्येष्ठ माह हिन्दू पंचाग के अनुसार हिन्दू वर्ष का तीसरा माह



है। ज्येष्ठ माह को सबसे गर्म माह की श्रेणी में रखा जाता है। इसी माह में सबसे अधिक ऐसी वस्तुओं के दान की बात कही जाती है, जो ठंडक और छाया देने वाली होती है। छाता, पंखा व पानी आदि वस्तुओं का लोग दान करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में छबील व भंडारे लगाकर लोग पुण्य की कामना करते हैं। यह पुण्य उन्हें भी मिलता है तो प्रसाद ग्रहण करते हैं।

# छात्राएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें: रत्तन सिंह रावल

## छात्राओं के लिए नि-शुल्क सिलाई-कंप्यूटर प्रशिक्षण की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**गांव सनौली खुर्द में नेहरू** युवा केन्द्र खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार से सबंध ग्राम सुधार मंड़ल एवं सदभावना युवति मंडल व यमुना सुधार समिति के सहयोग से ग्रामीण युवतियों व महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई-कंप्यूटर प्रशिक्षण सैंटर का उदघाटन मुखयअतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने रिबन काट कर उदघाटन किया । इससे पहले यहा पर ब्यूटिशियान पर प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। इस अवसर मुखयअतिथि यमुना सुधर समिति अध्यक्ष रत्तन



सिंह रावल एडवोकेट ने लडकियों व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे कंप्यूटर, सिलाई जैसे प्रशिक्षण ले कर आत्मनिर्भर बनें । घर पर ही स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन अपनी अर्थिक स्थिति में सुधार करें । और रावल ने कहा कि आज आधुनिक युग में उन्हें आगे बढते हुए मेहनत, लगन कर अपनी मंजिल हासिल करनी होगी । ग्रामीण लड़कियां स्वरोजगार कर सिलाई व कंप्यूटर आदि अवश्य सीखे और इसे वो सरकारी नौकरियों के अलावा स्वरोजगार के रूप में भी अपना सकती है । इस दौरान रावल ने लडकियों को कहा कि वे शिक्षा प्राप्त करने के साथ अपने अधिकारों और कत्र्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो और अगर किसी के साथ अन्याय हो रहा है तो उसे सहन ना करें और उन्होंने कहा कि स्वरोजगार जैसे प्रशिक्षण लेने के साथ ही छात्राएं स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका रहती है । जिससे अनेक महिलाएं आज स्वारोजगार कर आत्मनिर्भर बनी है। इस पर उन्होंने छात्राओं को आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण में बढ चढ कर भाग लें । इस दौरान सिलाई प्रशिक्षका पुनम देवी ने कहा कि युवतियों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं है। वे इन स्कीमो का भरपूर लाभ उठाएं। और बेटी बचाओं, बेटी पढाओं अभियान को आगे बढाएं तभी गांवो की कायाकल्प हो सकती है ।

इस दौरान खुशी, साक्षी, डिंपल, सरस्वती, नेहा, गुंजन, अमिशा, रूपा, पिंकी, सीमरन, किर्ती, कोमल, शिवानी, आरती, पूजा, रूपाली, दीपा, सरीता, राकेश, प्रिती, सोनिया, निशा, दीपांशी, सरपंच संजय त्यगी, युवा मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार त्यागी आदि अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

# इतिहास शुद्धिकरण का सिलसिला जारी: डॉ. सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हमारे महान पूर्वजों** विशेष कर पराक्रमी योद्धाओं का इतिहास स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भी एक साजिश के तहत या तो विकृत किया गया या उसका विलुप्त करने का षड्यंत्र उस समय की सरकारों के सीधे संरक्षण में कई दशक तक बेरोक टोक चला रहा। विकृति का यह क्रम अब जाकर थमता देखा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने यह टिप्पणी आज गोंदर में आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए की। पराक्रमी योद्धा और जुंडला के



संस्थापक राणा हरि राय की याद में यह आयोजन महाराणा प्रताप भवन में किया गया था। वंशावली संरक्षण के क्षेत्र में अद्भुत कार्य करने वाले और दर्जनभर पुस्तकों के लेखक डॉ.सूरजमल राव मुख्य वक्ता के रूप में इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अजमेर से शामिल हुए।

अपने वक्तव्य में डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने इतिहास की किताबों में से गंदगी को निकाल बाहर किया। एनसीईआरटी की जो किताबें हमलावर मुगलों के गौरव-गान से लबालब हुआ करती थी, अब कमोबेश शुद्ध हो गई हैं। हरियाणा में इतिहास की पुस्तकों का नए सिरे से लेखन कराया गया है और आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि कैथल जिले में जन्मे हमलावर बाबर के सेनापति के साथ इस क्षेत्र के हमारे पूर्वजों को लेकर टक्कर लेने वाले राणा मोहन सिंह मढाड का जिक्र अब इतिहास की आधिकारिक पुस्तकों में शामिल हो गया है। डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्व की सरकारों के मुखिया विश्वविद्यालयों के नाम अपने राजनेता पिताओं के नाम पर रखते थे। परिपाटी को बदलकर भारतीय जनता पार्टी सरकार ने बागवानी विश्वविद्यालय का नाम महाराणा प्रताप विश्वविद्यालय, संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय, कैथल के प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज और कौशल विश्वविद्यालय का नाम श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय रखा है। वंशावली विशेषज्ञ डॉ.सूरजमल राव ने बताया कि राणा हरि राय और उनके वंश का संबंध सीधे तौर पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान से है। वंशावली संरक्षण का काम करने वाले भाटो की बहिया इस बात को प्रमाणित करती हैं। उन्होंने राणा हरि राय और उनके परिवार के वर्तमान हरियाणा के एक बड़े हिस्से पर शासन के कालखंड पर नए सिरे से शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

# पानीपत पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर की सहयोग की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला में जागरूकता अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा-निर्देश देने के साथ ही उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज अभियान के तहत प्रतिदिन अपने अधिकार क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं। अभियान के तहत सोमवार को पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर नशे पर लगाम कसने के लिए नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग की अपील की गई। इस दौरान थाना शहर पुलिस की टीम ने सिविल अस्पताल के पास, थाना सदर पुलिस की टीम ने रिफाइनरी में व थाना बापौली पुलिस की टीम ने बापौली अड्डे पर मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील करते हुए कहा की अगर मेडिकल स्टोर पर कोई व्यक्ति नशे की दवा की खरीद करने आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। ताकि उन पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा सके। कुछ नशेड़ी किस्म के लोग सिरिंज का नशे के प्रयोग में इस्तेमाल करते है। अगर मेडिकल स्टोर संचालक ऐसी बातों पर थोड़ा सा ध्यान दे तो ऐसा होने से रोक सकते हैं। डॉक्टरों की पर्ची के बगैर दवा नहीं देनी चाहिए। इस दौरान मौजूद सभी मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा अभियान के दौरान पुलिस की हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया गय।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर 13वीं मशाल यात्रा का हुआ आगाज

## भारत राष्ट्रीय महासचिव संजीव कौशिक द्वारा तात्या टोपे को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया

**देशभक्तों** की कुबार्नी को जीवंत रखना मुख्य उद्देश्यः डॉ. विजय सिंह मौर्य, शिवपुरी, वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर 13वीं मशाल यात्रा का आगाज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल शिवपुरी के आई जी पी विक्रम सहगल और जिला पंचायत अध्यक्ष शिवपुरी नेहा यादव ,जिला अतिरिक्त उपायुक्त दिनेश चन्द्र शुक्ला एवं बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेलर डॉ. विजय सिंह मौर्य द्वारा अमर शहीद तात्या टोपे की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर 21 तोपों की सलामी के तुरंत बाद झांसी उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान किया। मशाल में ज्योति प्रज्वलित करते हुए सीआरपीएफ के आई जी पी विक्रम सहगल ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि हमें गर्व है उन शहिदों पर जिन्होंने निस्वार्थ देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय देश भक्तों को हमें नमन करना चाहिए और युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति अवगत कराने का प्रयास करना चाहिए। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त दिनेश चन्द्र शुक्ला ने तात्या टोपे को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।संत रैदास लोक न्यास ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ कपिल मौर्य द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया। कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान समिति भारत राष्ट्रीय महासचिव संजीव कौशिक द्वारा तात्या टोपे को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विजय सिंह मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि बीपीएम जयहिंद

**याद किया**

**▶▶ समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर 21 तोपों की सलामी के तुरंत बाद झांसी उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान किया**

मिशन का मुख्य उद्देश्य केवल स्वतंत्रता सेनानियों की कुबार्नी को जीवंत रखना मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि छः फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी गुरबक्श सिंह ढिल्लन अठारह अप्रैल को तात्या टोपे तथा अठारह जून को वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर तथा 19 दिसम्बर को रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक गांव बरवई में मशाल यात्रा मुरैना से बरवई निकाल कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्य बीपीएम जयहिंद मिशन द्वारा किया जाता है। डॉ विजय सिंह मौर्य ने कहा कि इन सभी कार्यों में जिला प्रशासन एवं समाज सेवियों का विशेष योगदान रहता है जिसमें बीपीएम जयहिंद मिशन के मध्य प्रदेश अध्यक्ष राम लखन धाकड़,अम्बेश पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विनोद कुमार धाकड़, निशान एकेडमी शिवपुरी के निदेशक कुबेर सिंह धाकड़, साहित्यकार अवधेश सक्सेना, संत रैदास लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ कपिल मौर्य, सोनीपत हरियाणा के वरिष्ठ पत्रकार रोशन लाल, केशव सिंह धाकड़,हरियाणा के अंबाला जिले से शिक्षाविद एवम साहित्यकार डॉ. सोनिका,जिला श्यौपूर से समाज सेवी हनुमान तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, बीपीएम जयहिंद मिशन की संरक्षक माया मौर्य, जवाहर सिंह रावत, ज्ञान सिंह गुर्जर।

# बांई लेन नियमों की उल्लघंना करने पर भारी वाहनों के चालान

**कार्रवाई**

**▶▶ सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से कार्रवाई जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**


**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश




दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 17 जून 2024 को 15 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 708 दिनों में 32,805 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े व सड़क हादसों से बचा जा सके।

# श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंमडिया**

**हिसार :** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में चल रहे 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर अपनी आस्था जताई। जनकल्याण के निमित बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जगाई गई बाबा की ज्योति के दर्शन करके भी भक्तगण भावविभोर हो गए।

बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि इस अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं लोटस फाउंडेशन के संरक्षक तरुण जैन ने भी अनुष्ठान में शिरकत करके श्याम बाबा दरबार के दर्शन किए। इस अवसर उन्होंने सभी के कल्याण की कामना भी की।

निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीड़

**अनुष्ठान**

**▶▶ भाजपा उपाध्यक्ष तरुण जैन ने बीड़ बबरान धाम में श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में की शिरकत**

बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा 11 दिन तक हथेली पर बाबा की ज्योति जगाई गई है। उन्होंने बताया कि सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ति व सकल विश्व के कल्याण के निमित इस अनुष्ठान का आयोजन करके हथेली पर ज्योति जगाई है। इस अलौकिक ज्योति के दर्शन मात्र से ही सकल कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने बताया कि श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान व अलौकिक ज्योति के दर्शन करने वाले भक्त बड़े श्रद्धाभाव से महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के दर्शन करते हैं।

# गुरुकुल में सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का भव्य शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत जी के प्रयासों से गुरुकुल परिसर में सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का रविवार सायं भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर आधुनिक युग के द्रोणाचार्य के रूप में विख्यात सार्वदेशिक आर्य वीर दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत जी एवं सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की प्रधान संचालिका व्रतिका आर्या मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग

ुरुकुल में पहुंचने पर प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। अतिथियों द्वारा ओ३म-ध्वज फहराकर शिविर आरम्भ की



विधिवत घोषणा की गई। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया।प्रधान राजकुमार आर्य ने बताया कि शिविर में कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, हिसार, जींद, रोहतक के अलावा राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रान्तों से लगभग 400 आर्य वीरांगनाएं भाग ले रही है। 16 से 25 जून तक चलने वाले इस राष्ट्रीय शिविर में स्वामी डॉ. देवव्रत जी के साथ उनकी टीम के शामिल उच्च कोटि के प्रशिक्षक, प्रशिक्षिकाएं और अनेक विद्वान आर्य वीरांगनाओं को शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिससे ये बेटियां विकट परिस्थितियों में अपनी और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। साथ ही वीरांगनाओं को पाखण्ड, अंधविश्वास, गुरुड़म व समाज में फैली अन्य कुरीतियों को दूर करने के लिए भी प्रेरित करेंगे।

उन्होंने कहा कि गुरुकुल का वेद प्रचार विभाग निरन्तर इस कार्य को निःस्वार्थ भाव से आगे बढ़ा रहा है। महाशय जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य और अनेक योग शिक्षकों की टोलियां गांव-गांव जाकर

**ओ३म-ध्वज**

**▶▶ इन्हीं शिविरों में पहले प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली आर्य वीरांगनाएं उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शामिल हुई हैं**

स्कूल, कॉलेजों में सात दिवसीय शिविर लगाकर युवाओं को योग, प्राणायाम का प्रशिक्षण देने के साथ ऋषि दयानन्द के मिशन और आर्य समाज के सिद्धान्तों से रूबरू करवाते हैं।

राष्ट्रीय शिविर में भी इन्हीं शिविरों में पहले प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली आर्य वीरांगनाएं उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शामिल हुई हैं।

# राधिका चावला को राज्यपाल ने अवार्ड देकर किया सम्मनित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** पंचकूला के सेक्टर-5 में इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे अम्बाला शहर की राधिका चावला पुत्री सुरेंद्रपाल सिंह को राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बीते वर्ष रेवाड़ी में हुए 13 दिसम्बर 2023 को डिस्ट्रिक्ट कॉउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर की ओर से राज्य स्तरीय बाल महोत्सव कार्यक्रम में



राधिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। इससे पहले भी राधिका ने लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में जिले में प्रथम, डिविजनल में प्रथम व स्टेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भी जिला डिविजनल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है।

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन सम्बंधित कर्मचारी महासंघ की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** आज हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की मीटिंग लाडवा (कुरुक्षेत्र) में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग का संचालन प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने किया मीटिंग में पूर्व प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में मुख्य सलाहकार विश्वनाथ शर्मा प्रांतीय चेयरमैन रणवीर दलाल प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान जिले सिंह भड़ाना प्रांतीय कोषाध्यक्ष पवन रजाना प्रांतीय मुख्य प्रैस प्रवक्ता रामकुमार प्रजापत उपस्थित रहे मीटिंग में फील्ड के कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर समाधान के लिए निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए । ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन से हरियाणा कर्मचारी महासंघ में जो राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभागीय संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व जिला प्रधान /सचिवों की कन्वेंशन लोक निर्माण विभाग के



यूनियन कार्यालय जींद में 29 जून 2024 को समय 10:00 बजे होनी निश्चित हुई है व आज की मीटिंग में दिनांक 7/11/ 2023 को मंत्री जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डॉक्टर लाल बनवारी लाल से यूनियन शिस्ट मंडल की हुई मीटिंग मीटिंग में मानी गई मांगों को लागू न करने के विरोध में 25 जुलाई 2024 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ बनवारी लाल के आवास बावल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन सौपा जाएगा जाएगा, 6 अगस्त को सिंचाई विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ अभय सिंह यादव के आवास नारनौल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन दिया जाएगा व 22 अगस्त को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के गृह क्षेत्र नारायणगढ़ में कैंप कार्यालय का घेराव करके कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा मुख्य मांगे हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करके सभी विभागों के प्रदेश भर के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, नए डब्ल्यू पी ओ सहित तृतीय श्रेणी के पदों पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को 35400 का वेतनमान दिया जाए, पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए कैनाल गार्ड के पद पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी का वेतनमान दिया जाए,

लोक निर्माण विभाग के रोड इंस्पेक्टर के 51 पदों को बहाल किया जाए आदि ।यदि समय रहते हरियाणा सरकार द्वारा इसके बावजूद भी कर्मचारियों की मांगों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में संगठन तीखा आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी ।

# शहीद हेड कांस्टेबल सुशील कुमार को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** प्रधान गुरदेव सिंह सैनी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने शहीद हेड कांस्टेबल सुशील कुमार बीएसएफ को दी श्रद्धांजलि और उनकी धर्मपत्नी सुनीता को किया सम्मानित ।एक सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष गुरदेव सिंह सैनी, विमल शर्मा चेयरमैन इंस्पेक्टर आइटीबीपी, रोशन लाल अरक बीएसएफ जनरल सेक्रेटरी, हवलदार महेंद्र सिंह कोऑर्डिनेटर और हवलदार बीएसएफ पाला राम पेहवा भी मौजूद रहे सभी ने मिलकर शहीद परिवार को आश्वासन दिलाया और उनकी मुश्किलें भी



सुनी और उनका समाधान भी बताया। शहीद हवलदार सुशील कुमार बीएसएफ की याद में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और पिहोवा वासियों ने मिलकर क्रिकेट टूनार्मेंट भी करवाया और जीतने वाली टीम को सम्मानित किया और इनाम भी बांटे और संगठन के प्रधान गुरदेव सिंह सैनी और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तरफ से शहीद के परिवार को 510 रुपए भी हेल्प के लिए भेंट किये गए ' सुशील जी 2016 में पाकिस्तान रेंजर के साथ फायरिंग में शहीद हो

**सम्मानित किया**

**▶▶ शहीद सुशील कुमार की साहस और बलिदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद करती रहेगी**

गए थे।

शहीद सुशील कुमार की साहस और बलिदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद करती रहेगी। बड़ी संख्या में अर्ध सैनिक बल के जवान और उनके परिवार के सदस्य और रिश्तेदार भी शामिल हुए ' इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गुरदेव सिंह सैनी मौजूद रहे।

# पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी

**पुलिस** महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा-मुक्त पखवाडा मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है।

# हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकारः स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबादः** हल्का शाहबाद के गांव खंरीडवा में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। गांव के कार्यकर्ताओं और बुजर्गो ने स्वीटी रंगा को सिरोपा व माला पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया। सबसे पहले स्वीटी रंगा ने गांव वासियों का लोकसभा चुनाव के लिए धन्यवाद किया ।स्वीटी रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है । स्वीटी रंगा ने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं,



महंगाई की मार पड़ रही है, आम आदमी का जीना दुस्वार हो चुका है, सारी जनता त्राहि त्राहि कर रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। जिसके कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं ।हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है अब की बार कांग्रेस सरकार बनेगी। इस कार्यक्रम में गांव के कार्यकर्ता बुजुर्ग ,युवा साथी उपस्थित रहे।

# नशे की रोकथाम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 जून 2024 से 26 जून 2024 तक अम्बाला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा



रहा है। प्रबन्धक थाना साहा ने गांव तेपला में वालीवाल मैच करवाकर नशे से दूर रहने बारे शपथ दिलाई, प्रबन्धक महिला थाना अम्बाला शहर टीम ने हिसार रोड व अम्बाला शहर क्षेत्र में आमजन/कर्मचारियो/छात्र/छात्राओं व राहगिरो को किया जागरूक किया व सभी ने नशे से दूर रहने बारे शपथ ली और अपने आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जोड़ने बारे प्रेरित किया। इस दौरान आमजन/कर्मचारियो/छात्र/छात्राओं व राहगिरो को सम्बन्धित उरोक्त सभी प्रबन्धक थाना ने अपनी टीम सहित नशा मुक्त अभियान द्वारा नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया। इस अभियान में अम्बाला वासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी भागीदार दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र को नशामुक्त कराने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दें।

**जागरूक किया**

**▶▶ नशा को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती**

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत्त में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत्त में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना व राष्ट्र का भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें। नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युंवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना तथा अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है।

# राजनीति में सेवा भाव सबसे महत्वपूर्ण: महिपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा के विकास, पंचायत** एवं सहकारिता राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को दिवाना और खलीला प्रहलादपुर मे आयोजित खुले दरबार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया।

मंत्री ने कहा कि वो राजनीति में सेवा करने के उद्देश्य से आए हैं। यह सेवा भाव निरंतर जारी रहेगा। दोनों गांव के इस कार्यक्रम में 120 के करीब जन समस्याएं पहुंची।

मंत्री ने कहा कि उनके पास जो भी समस्याएं पहुंची है उनका निदान संभव है । उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान करने का प्रयास करें ।अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिवाना गांव 80 व प्रहलादपुर में 40 के करीब जन समस्याएं आई।

गांव के ज्यादातर लोगों ने बिजली, पानी ,जमीन, पेंशन, फैमिली आईडी से संबंधित समस्याएं रखी। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की समस्याओं को दूर करना रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता से ले रही है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है जिले में किसी भी व्यक्ति की कोई भी समस्या हो उसे दूर करना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की ठोस पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है । केंद्र में हरियाणा के तीन-तीन मंत्रियों को स्थान देना इस बात की तरफ संकेत कर ता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को और प्रगतिशील राज्य बनाना चाहते हैं। खुले जनता दरबार में समस्या लेकर पहुंचे लोगों का उन्होंने अभिनंदन किया व विश्वास दिलाया कि उनके पास लिखित में जो कागज आया है उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में अपनी समस्या लेकर पहुंचे एक दिव्यांग बच्चे विश्वजीत ने सरकार से पेंशन की मांग रखी। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा पानी की निकासी व किसानों द्वारा खेत की मार्ग पक्के करने की मंत्री से अपील की गई। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके कार्य प्राथमिकता के आधार पर होंगे। कार्यक्रम में कुछ लोगों ने प्लाट देने की मांग भी मंत्री से की। खलीला प्रहलादपुर में ग्रामीणों ने गांव के मध्य बने तालाब की चार दिवारी करने, चोपालो का निर्माण कराने , रेलवे ब्रिज चालू करने , सब हेल्थ सेंटर की चारदीवारी व मुख्य द्वार बनाने की मांग मंत्री के समक्ष रखी ।कार्यक्रम में कई महिलाओं ने बिजली के बिल ज्यादा आने की शिकायत मंत्री से कि । कई ग्रामीणों ने गांव में बढ़ रही बिजली चोरी की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया व तत्काल इस पर कार्रवाई करने की अपील की। एक अन्य मामले में मंत्री ने ठेकेदार की फर्म को ब्लैक लिस्ट करने ,उसकी पेमेंट रोकने की बात कही। कई ग्रामीणों द्वारा मकान की मरम्मत करने के भी प्रार्थना पत्र मंत्री को दिए गए।

# कालोनीवासियों ने नारेबाजी करते हुए जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: रेलवे प्रसाशन द्वारा** ज्ञान नगर वासियों को रेलवे लाइन की तरफ दरवाजे, खिड़की तथा अवैध कब्जे 18 जून तक हटाने के लिए दिए गए नोटिसों से नागरिकों में हड़कंप मचा हुआ है, कालोनीवासियों ने रेलवे प्रसाशन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। गौरतलब हो कि दिल्ली अम्बाला सेक्शन पर हाई स्पीड ट्रैन चलने के निर्णय के कारण रेलवे लाइन की दोनों तरफ दीवार खड़ी की जा रही है ताकि अनाधिकृत रूप से कोई भी रेलवे लाइन पार ना कर सके। रेलवे प्रसाशन कई वर्षों से दीवार खड़ी करने का प्रयास कर रहा है परन्तु नागरिकों के विरोध के चलते दीवार नहीं बनाई जा रही है। मौके पर पंहुचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को कॉलोनी वासियों ने बताया कि दीवार खड़ी होने से वे सब घरों में कैद होकर रह जायेंगे या फिर घर खाली करने पड़ेंगे। कॉलोनी वासियों कि मांग है कि सुंदर सांवरी में सिथित घरों को भी रेलवे ने छह फुट का रास्ता देने का निर्णय लिया है , इसी तर्ज पर हमें भी छूट दी जाये। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या के समाधान के लिए लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव वलेचा, अजय, जगमोहन, अमित, सुभाष, अशोक, विनोद कुमार, रोबिन, सुरेंद्र मास्टर, राज कुमार, सुनील, सतीश, बबलू, विनय, गोपाल, किरण, वीरमति, धन्नों, रौशनी देवी, सरतो, लक्ष्मी, माया और अभिजीत सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग थाना क्षेत्र** के एक गांव से विवाहिता संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। विवाहिता अपने साथ अलमारी में रखे 10 हजार रुपए व सोने चांदी के जेवरात निकालकर ले गई है। पति की शिकायत के आधार पर निसिंग पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 38 वर्षीय पत्नी सुबह करीब 8.30 बजे घर से निकली थी और तब से अब तक वापस नहीं लौटी है। वह सुबह अपने काम पर गया था और शाम करीब 5.30 बजे जब घर लौटा तो उसकी बेटी ने बताया कि मम्मी सुबह से गायब है। पति ने बताया कि घर की अलमारी में रखे 10 हजार रुपये और कुछ जेवरात भी गायब हैं, जिन्हें उसकी पत्नी अपने साथ ले गई है।

निसिंग थाना के प्रभारी संजय ने बताया कि पति की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला की तलाश के लिए सभी संभावित स्थानों पर सूचना भेजी गई है।

### घर से आभूष्‍ण एक लाख रुपये ले गए चोर, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत**

**सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में घर से एक लाख रुपये की नकदी व लाखों रुपये कीमत के आभूषणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। हरिद्वार से आने के बाद पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव खेड़ी तगा गन्नौर हाल में सेक्टर-7 निवासी कुलदीप ने बताया कि वह परिवार सहित किराए पर रहता है। गत 12 जून को परिवार के सदस्यों के साथ हरिद्वार गया था। वह 16 जून को उसके पास पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर के दरवाजे खुले पड़े है। उसके बाद वह हरिद्वार से घर पर पहुंचा। उसने मकान के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। समाान की जांच की तो पांच जोड़ी पाजेब, एक पुरुष अंगूठी, एक महिला अंगूठी, छह नोस पिन, चार जोड़ी चुटकी, दो जोड़ी कानों की और एक लाख रुपये की राशि सहित वीआर हेंडसेंट गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 शहर सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी जय भगवान ने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना व देवर पर लगाया दुष्कर्म की कोशिश का आरोप

**सोनीपत**

**शहर थाना क्षेत्र में विवाहिता** ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना व देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पानीपत निवासी महिला की शादी करीब 12 साल पहले शहर थाना क्षेत्र में हुई थी। तब से ससुराल पक्ष उसे परेशान कर रहा है। शाहरपुर पानीपत निवासी सारदा ने बताया कि उसकी वर्ष 2012 में कुशल निवासी वेस्टराम नगर के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी सास व देवर मानसिक व शारीरिक तौर से प्रताड़ित करने लगे। उससे जबरदस्ती गहने छीन लिए। उससे ससुराल पक्ष रुपये लाने के लिए प्रताड़ित करना लगा। उसे दहेज में गाड़ी मांगी जाती थी। गत 9 मई को करीब 10 बजे उसके देवर ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास किया। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एससाई दर्शना ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी

# भाजपा में सभी कार्यकर्ता होते है: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**




**गन्नौर: किसी भी पार्टी की रीढ़** उसके कार्यकर्ता ही होते है। कार्यकर्ता के बदौलत ही पार्टी सत्ता हासिल करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पार्टी कार्यकर्ता एक जुट होकर मेहनत करेंगे तो निश्चित तौर पर केंद्र की तर्ज पर प्रदेश में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। ये बातें भाजपा युवा नेता देवेंद्र कादियान ने लोस चुनाव के बाद शहर के रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि लोस चुनाव में कहां कमी रह गई थी, आगामी विधानसभा चुनाव में किस तरह बड़े मार्जिन से जीत हासिल कर सकते है। सबसे पहले बूथ मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को उन लोगों तक पहुंचाने की बात कही, जो पात्र है लेकिन योजनाओं से अंजान है। भाजपा नेता देवेंद्र कादियान ने कहा कि कार्यकताओं के बदौलत ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। पार्टी में कोई नेता नहीं बल्कि सभी कार्यकर्ता होते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक कार्यकर्ता की भांति कार्य करते है और उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा के सभी कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र के साथ लोगों की सेवा में जुटे हुए रहते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आज वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान बनी है। भारत जल्द ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता अब विधानसभा चुनाव में जुट जाएं और अपने क्षेत्र में लोगों से मिलकर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद कहें तथा यह देखे कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी परिवार वंचित तो नहीं है। यदि कोई वंचित हो तो उस परिवार को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करें, यही मूल कर्तव्य है।

# तेज रफ्तार स्कूटी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 थाना क्षेत्र** में बहालगढ़-राठधाना सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने मोटरसाइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने स्कूटी सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव कबीरपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका भाई मनोज (46) शादी शुदा है। वह देर शाम करीब 7.30 बजे उसका भाई मनोज अपनी मोटरसाइकिल पर राठधाना गांव की तरफ जा रहा था। उसका भाई हैरो-कलटीवेटर कृषि यंत्र के काम के रुपये लेने के लिए जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने उसके भाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई घायल हो गया। उपचार के लिए उसके भाई को अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# असंध नाके पर 13 .51 करोड़ से बनेगा फ्लाईओवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**शहर में लगने वाले जाम को** कम करवाने के लिए असंध रोड पर एक ओर फ्लाईओवर बनाया जाएगा। ये फ्लाईओवर असंध रोड पर नहर के पास नाके पर बनेगा। यहां दिल्ली पैरलल नहर के साथ रिफाइनरी रोड पर इसका निर्माण कराया जाएगा। ताकि असंध रोड के माध्यम से पानपीत से असंध, जींद आने जाने वाले लोग को बिना जाम के सीधा आवगमन कर सकें और रिफाइनरी की ओर से पानीपत और गोहाना रोहतक की ओर आवगम करने वाले लोगों को भी नाके पर लगने वाले जाम की समस्या न झेलनी पड़े। फिलहाल ये चौक शहर के व्यस्ततम चौक में से एक है। यहां दिन भर चारों ओर से आवगमन करने वाले व्हीकल की वजह से जाम लगा रहता है। सबसे ज्यादा व्हीकल पानीपत जींद रोड पर होते हें तो दूसरी ओर दिल्ली पैरलल नहर के साथ वाले यानी रिफाइनरी की ओर जाने वाले रोड भी काफी भीड़ होती है। इसी वजह से यहां फ्लाईओवर के प्रोजेक्ट का निर्माण करवाने का प्लान बनाया गया है। जिसका निर्माण एचएसआरडीसी करवाएगा ।विभाग की ओर से इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर को रिकॉल किया गया है। इससे पहले भी टेंडर का प्रयास किया गया था लेकिन सिंगल बिड होने की वजह से औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई।

# प्रेम-विवाह के आठ साल बाद पत्नी की गला दबाकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र के** गांव बैंयापुर खुर्द में प्रेम विवाह के आठ साल बाद युवक ने कहासुनी के बाद अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की वारदात सामने आई है। आरोपित वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। परिजनों ने मामले से आरोपित के ममेरे भाई को अवगत कराया। ममेरे भाई ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। अस्पताल में फोरेंसिक चिकित्सक के न होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर देर शाम परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव मल्हा माजरा निवासी नंबरदार राजेश ने बताया कि उनकी बुआ कमला गांव बैंयापुर खुर्द में विवाहित है। उनके फुफेरे भाई रवि ने वर्ष 2016 में महमूद गांव की मोनिका से घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। रवि की बहन महमूदपुर में विवाहित है। जहां पर मोनिका व रवि की जान पहचान हो गई थी। दोनों ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद दोनों गांव से बाहर ही रहे। वह करीब सात साल से हिसार में किराये पर रह रहे थे। रवि व मोनिका के पास दो बेटे हैं। रवि 15 दिन पहले ही मोनिका व दोनों बच्चों को साथ लेकर अपने घर आ गया था। राजेश ने बताया कि रविवार को उनके फूफा प्रेम ने कॉल कर बताया कि रवि व उसकी पत्नी मोनिका का आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें रवि ने आवेश में आकर अपनी पत्नी मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी है। राजेश बताया कि मामले का पता लगते ही वह अपने चचेरे भाई धर्मवीर व गांव के राजेंद्र को साथ लेकर गांव बैंयापुर खुर्द पहुंचे। घर के अंदर मोनिका मृत अवस्था में बेड पर पड़ी थी। जिस पर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। जहां से सोमवार को शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, मोनिका के भाई सोमबीर को पुलिस ने बुलाया तो उन्होंने आने से मना कर दिया। उनका कहना था कि बहन ने प्रेम विवाह कर समाज में उनकी नाक कटवा दी थी।

**15 दिन पहले आए थे गांव, रात को दोनों में हुआ था झगड़ा-**

राजेश नंबरदार ने बताया कि रवि अब 15 दिन पहले अपनी पत्नी मोनिका व दोनों बच्चों के साथ अपने गांव बैंयापुर खुर्द में रहने आया था। दोनों में अक्सर कलह रहता था। उनका रविवार को भी झगड़ा हुआ था। जिसमें उसने मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी। उनके फूफा प्रेम ने कॉल कर उन्हें जानकारी दी थी। झगड़े के कारणों का पता आरोपित की गिरफ्तारी के बाद लग सकेगा।

# वन विभाग ने आदमखोर तेंदुआ को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**पानीपत में शहर से** सटे गांव भैंसवाल के पास ड्रेन न.2 से रविवार दोपहर को आदमखोर तेंदुआ पकड़ लिया गया। लोगों ने इसे सुबह खेतों में देखा था। इसके बाद वह ड्रोन सीवरेज में छिप गया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। रोहतक से पहुंची टीम ने 45 मिनट उसे रेस्क्यू कर लिया। अब उसे रोहतक ले गए हैं। इसी तेंदुए ने 9 जून को हरियाणा के गांव नवादा के सामने यूपी के एरिया में खेतों में एक बच्ची को मार डाला था। जिसके बाद लोग दहशत में थे। इस तेंदुए को वन विभाग और पुलिस की टीमें तीन दिन से तलाश कर रही थी। जंगलों में ड्रोन की मदद से उसे लगातार ढूंढने की कोशिश की गईए लेकिन वह ड्रोन में कैद नहीं हो पाया। इसी बीच रविवार को तेंदुआ स्थानीय ग्रामीणों के कैमरों में कैद हो गया। करीब 20 मीटर दूरी से लोगों ने उसे अपने मोबाइल के कैमरों में कैद किया। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचित किया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने वन्य जीव विभाग को बताया कि तेंदुआ ड्रेन नंबर 2 की सीवरेज के भीतर घुसा है। सूचना पर दूसरी ओर तलाश कर रही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद उसका रेस्क्यू शुरू किया। रोहतक से टीम बुलाई गई। टीम ने ड्रेन को दोनों ओर से बंद कर दिया। एहतियात के तौर पर क्षेत्र को खाली करवाया गया। पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की भीड़ को दूसरी ओर भेजा गया। टीम ने यहां सभी को बिल्कुल चुप रहने को कहा है। ताकि तेंदुआ बिफ रे न और उसे ठीक से पकड़ा जा सके। इस बीच टीम ने ट्रेंकुलाइजर गन से 3 इंजेक्शन तेंदुए को लगाए। जिससे तेंदुआ बेहोश हो गया। उसके बेहोश होने पर 2 कर्मचारी सीवरेज के अंदर गए और उसे घसीट कर बाहर लाए।

# तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जीटी रोड पर रोशनपुर गांव** के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी । टक्कर इतनी तेज थी कि एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया । शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर के गांव शाहपुर तगा निवासी सतीश ने बताया कि हाल में वह गाधी कालोनी समालखा में अपनी लडकी प्रीति के पास रहता हूँ। गांव मे मेरे माता पिता रहते है और मैने पशु पालन गांव मे किया हुआ है । शाम को मै अपने पशुओ का दूध निकाल कर अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर अपनी लडकी प्रीति के पास समालखा दूध लेकर जा रहा था । जब रोशनपुर मोड पर पहुँचा तो उसी समय एक मोटर साईकिल चालक अपनी मोटरसाइकिल को बहुत तेज गति से चलते हुए आया। शिकायत में बताया कि तेज गति होने के कारण उसने सीधी टक्कर दे मारी टक्कर लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल अवस्था में उपचार के लिए पानीपत के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। हालत में सुधार के बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

# लूट की वारदात का महज 48 घंटे के दौरान पर्दाफाश, 6 काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर में स्थित पीएनबी बैंक की मित्र शाखा में गन पॉइंट पर हुई लूट की वारदात का महज 48 घंटे के दौरान पदार्फाश कर गिरोह के सरगना समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान प्रशांत 28 निवासी पुरखास, अजय 23 निवासी कारद हाल शेखपुरा, साहिल 21 निवासी पुगथला, प्रिंस 23 निवासी जुआ, मोहित 29 निवासी कुंडली सोनीपत व केशव 18 निवासी घूप सिंह नगर पानीपत के रूप में हुई। आरोपी केशव ने 10वी कक्षा तक व अन्य सभी आरोपियों ने 12वी कक्षा तक पढ़ाई की है। आरोपी मोहित की यह पहली वारदात थी बाकी पांच आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपियों ने पीएनबी बैंक की मित्र शाखा से गन पॉइंट पर करीब 4 लाख रूपए लूटे थे। इस वारदात के अतिरिक्त आरोपियों से वाहन लूट की 3 अन्य वारदातों का खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सोमवार को कैंप ऑफिस में प्रेसवार्ता कर उक्त प्रकरण की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गत शुक्रवार को सुबह बलजीत नगर में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की मित्र शाखा में नकाबपोश बदमाशों द्वारा हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। वारदात की सूचना मिलते ही तीनों सीआईए व थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू कर दी थी और हरिश पुत्र इंद्रसिंह निवासी बलजीत नगर की शिकायत पर थाना चांदनी बाग में अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। थाना चांदनी बाग में हरिश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने बलजीत नगर में पंजाब नैशनल बैंक कि मित्र शाखा खोली हुई है। शाखा में विकास पुत्र तुकनारायण को भी काम पर रखा है। 14 जून को विकास ब्रांच में बैठा था और वह साथ लगते भाई के मेडिकल स्टोर पर बैठा हुआ था। तभी अचान पड़ोसी नन्हे ने आकर बताया कि ब्रांच में 4 नकाबपोश लड़के हथियारों सहित लूट करने के लिए घुस गए है। वह भाई प्रदीप के साथ ब्रांच में पहुंचा तो देखा नकाबपोश बदमाशों ने नौकर विकास को डराकर कुर्सी पर बैठा रखा था और सारा पैसा बैग में डाल रखा था। बदमाशों के हाथ में बर्फ तोड़ने वाले सुए भी थे। दोनों भाइयों ने बदमाशों का विरोध किया तो एक बदमाश ने प्रदीप के हाथ पर सुआ मार दिया। भीड़ को इक्कठी होते देख आरोपी अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर पैसों से भरा बैग लेकर हवा में हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त होगी जारी, किसानों को मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: प्रधानमंत्री किसान सम्मान** निधि योजना के तहत 17वीं किस्त जारी होने का इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। मंगलवार को केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को किस्त जारी कर दिया जायेगा। योजना का लाभ लेने वाले किसानों के खाते में सीधे तौर से राशि को डाल दिया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा पोर्टल पर 76 हजार 600 किसानों का स्लॉट ओपन कर दिया गया है। उक्त किसानों के खातों में ही किस्त पहुंच पाएंगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों ने बचे हुए किसानों का आह्वान किया है कि वह अपनी ईकेवाईसी जरूर करवाएं। ताकि योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी किसानों का न होने पाएं। बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की है। योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक सहायता 2-2 हजार की तीन किस्तों में उपलब्ध करवाई जाती है। 16वीं किस्त फरवरी माह में भेजी गई थी। वहीं अब खरीफ सीजन की शुरूआत हो चुकी है, ऐसे में नई सरकार के गठन के बाद 17वीं किस्त मंगलवार को जारी की जाएगी। वहीं 17वीं किस्त जारी होने पर सोनीपत कृषि विभाग मंगलवार को पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा। जिसके अंतर्गत जिले के करीब 500 किसान कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। किसानों में महिला किसान भी शामिल होगी। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सहित प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# केवल पार्क में हाउस टैक्स कैम्प का हुआ आयोजन, 200 लोगों ने जमा करवाया हाउस टैक्स





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के केवल पार्क** स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हाउस टैक्स कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन व पूर्व पार्षद नवीन त्यागी, प्राचीन शिव मंदिर समिति और इन्द्रप्रस्थ सिनियर सिटीजन संस्था के प्रयास से लगाया गया। जिसमें गोपाल नगर, रामेश्वर नगर, केवल पार्क के सैकड़ो लोगों ने हाउस टैक्स जमा किया। इस दौरान लगभग 200 लोगों ने अपना हाउस टैक्स जमा करवाया।

इस मौके पर एमसीडी से हाउस टैक्स के अधिकारी अजय गुप्ता, चौधरी ओम प्रकाश प्रधान, ओम प्रकाश कौशिक प्रधान, हरीश भारद्वाज, चन्द्रशेखर शर्मा, सुभाष कादयान, राज सिंह दहिया, सुभाष राणा, उमेश शर्मा, देशराज गुप्ता, सुनील अवस्थी, अजय गुप्ता, वरूण त्यागी, अरूण आसद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने कहा कि इस प्रकार के कैंप का आयोजन सभी संस्थाओं को करना चाहिए। लोगों ने कार्यक्रमों के आयोजको की सराहना भी की।

**नवीन त्यागी, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन:** इस कैंप में लगभग 200 लोगों ने हाउस टैक्स जमा किया। यह कैंप मेरे और प्राचीन शिव मंदिर समिति व इन्द्रप्रस्थ सिनियर सिटीजन संस्था के प्रयास से लगाया गया। जिसमें गोपाल नगर, रामेश्वर नगर, केवल पार्क के सैकड़ो लोगों ने हाउस टैक्स जमा किया।



# मॉडल टाउन: लाल बाग में भाजपा ने किया प्रदर्शन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जहां एक** ओर तो दिल्लीवासी चिलचिलाती हुई 50 डिग्री गर्मी की तपश में झुलस रहे है।

वहीं दूसरी ओर की दिल्ली वालों को दोहरी मार का वार झेलना पड़ रहा है। काफी लंबे समय से पानी की किल्लत के चलते राजधानी दिल्ली वालों का कंठ मारे प्यास से सुखा जा रहा है और आम आदमी पार्टी के इसका स्थाई हल निकालने के बजाए बेबुनियादी आरोप-प्रत्यारोपों का खेल खेलने में मस्त है। पानी की विकराल समस्या को लेकर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित संगम पार्क वार्ड नंबर-67 के इंडियन आयल पेट्रोल पंप लाल बाग पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोला।

प्रदर्शन के दौरान चांदनी चौक लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मॉडल टाउन विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, सुशील जोंटी निगम पार्षद संगम पार्क वार्ड, पूर्व पार्षद माधव प्रसाद, वीरपाल, अनिल यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महापौर की लापरवाही के चलते चूड़ीवालान में जमींदोज हुई इमारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय की लापरवाही के कारण ही पुराने शहर के 3765 गली अखाड़ा, चूड़ीवालान में इमारत ढह गई। कपूर ने कहा है कि 2 सप्ताह पहले मैंने महापौर और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर खतरनाक इमारतों का तत्काल सर्वेक्षण करने और सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की थी। मैंने चेतावनी दी थी कि इस साल की असाधारण गर्मी में पुरानी जर्जर इमारतों में दरारें पड़ रही हैं और अगामी मानसून में यह बहुत घातक साबित हो सकता है।

**नहीं किया गया खतरनाक इमारतों का सर्वेक्षण:** खतरनाक इमारतों का सर्वेक्षण करने का आदेश देने के बजाय महापौर ने मीडियाकर्मियों को गुमराह किया कि सर्वेक्षण चल रहा है और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि महापौर को दिल्लीवासियों को जवाब देना चाहिए कि यदि सर्वेक्षण चल रहा था तो चूड़ीवालान में आज ढही पुरानी मस्जिद को क्यों नहीं चिन्हित किया गया था।

महापौर को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और एमसीडी को आसपास की इमारतों को हुए नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने आयुक्त एमसीडी से आग्रह किया है कि वे खतरनाक इमारतों के लिए तुरंत विशेष सर्वेक्षण का आदेश दें और मानसून से पहले इमारतों की मरम्मत करने के इच्छुक लोगों को दिशा-निर्देश जारी करें।



# मॉडल टाउन में पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट ने गंगा दशहरा के अवसर पर लगाई छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जून महीने की भीषण गर्मी में हर वर्ष की तरह इस बार भी पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट ने गंगा दशहरा एवं निर्जला एकादशी के अवसर पर शालीमार पार्क मॉडल टाउन सैकेंड के मुख्य द्वार पर छबील का आयोजन किया गया तथा इस दौरान लगभग 3000 से भी अधिक व्यक्तियों ने जून महीने की गर्मी में शुद्ध देसी घी से निर्मित हलवा चना प्रसाद के साथ दूध और गुलाब शरबत से अपनी प्यास बुझाई।

इस अवसर पर पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट की समस्त कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी सेवाएं दी।





कार्यक्रम में पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट के प्रधान राकेश साहनी, महामंत्री निर्भय नरुला, कोषाध्यक्ष अजीत चावला, वरिष्ठ उपप्रधान बी आर अरोडा, मुख्य संरक्षक नरेन्द्र चुघ, संरक्षक कैलाश बोबल, विजय मग्गो, उपप्रधान अजय विरमानी, एच एल ढींगरा, विनोद वधवा, संजय सहगल, जवाहर लाल नारंग, संयुक्त सचिव सुरजीत सिंह, हंसराज रेल्हन, प्रचार सचिव गुलशन खुराना, मुकेश रिषि, चैरिटी सचिव राज चन्ढोक, मनमोहन क्वातरा कार्यकारिणी सदस्य गुरविन्दर सरना, अनंत शर्मा, राकेश गुप्ता, हरबंस लाल आहूजा के साथ-साथ मॉडल टाउन की विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया।

बतादें कि पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट (रजि) माडल टाऊन की एक महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है, जो कि नयी पीढी व समाज के अन्य वर्गो को पंजाबी संस्कृति से अवगत कराती है, जिसका केवल समाज में प्यार, परोपकार और भाईचारा बनाकर रखना ही उद्देश्य है। आपकी जानकारी के लिए बतादें कि सभा अपने परोपकारी कार्य जैसे कि मंदबुद्धि एवं विकलांग बच्चों की सहायता, साधन हीन परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता, वरिष्ठ नागरिको, लाचार और बेसहारा बुजुर्ग लोगों की मदद, रक्तदान और थेलेसेमिया से पीडित बच्चों को रक्त उपलब्ध कराना। वैवाहिक रिश्ते के लिए सहायता और निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता कराना, हर वर्ग में सामाजिक एवं परोपकारी कार्यो को प्रोत्साहन देना, चेरिटेबल संस्थानों में दवाई अथवा अन्य चिकित्सा उपकरण उप्लब्ध कराने के साथ निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगाना प्रमुख हैं।


वजीरपुर जेजे कॉलोनी में अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

# मजलिस पार्क जल बोर्ड कार्यालय पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** में पानी की समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्थानीय निवासियों को लेकर पूरी दिल्ली में दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आदर्श नगर विधानसभा में भी पानी की किल्लत को लेकर मजलिस पार्क जल बोर्ड के सामने धरना प्रदर्शन किया गया।





इस मौके पर पूर्व विधायक जयप्रकाश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, निगम पार्षद सुमन शर्मा, नरेश मलिक, महेश अवाना, टीना आहूजा, नितिन गोयल, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, प्रदीप राणा, दलवीर पुनिया, अविनाश सिंह, मोहित त्यागी, अशोक भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि दिल्ली की जनता पानी की किल्लत से परेशान है, जहां एक और सुबह और शाम को पानी आता था, वहीं अब दिन में एक बार पानी आता है, वह भी गंदा आता और बदबूदार होता है, जिसे पीया नहीं जा सकता। उन्होंने आगे बताया कि मजबूर होकर जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है और आप कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# नरेला के बागड़ी मोहल्ले में हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: निर्जला एकादशी** को लेकर नरेला के विभिन्न चौक चौराहों पर सोमवार को भंडारे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। जहां पर लोगों को रोक-रोककर मीठा पानी पिलाया गया।

वहीं आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। मान्यता है कि निर्जला एकादशी के दिन दान पुण्य करने से मनुष्य को स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

इसी कड़ी में युवा समाजसेवी विकास पांचाल द्वारा एकादशी के मौके पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।




जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। वही भंडारे से पूर्व बारिश व सुख समृद्धि की कामना को लेकर वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ो लोगों ने आहुति दी। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में युवा समाजसेवी विकास पांचाल के द्वारा बागड़ी मोहल्ले में विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने लाइन लगाकर जय माता दी के जयकारे के साथ श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विकास पांचाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी को करने चाहिए।

क्योंकि भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है, वही धार्मिक आध्यात्मिक जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता भी बढ़ती है।

भंडारे में विकास पांचाल, नवीन पांचाल, मनीष, रामपाल, दलवीर, प्रदीप, कुलदीप, कृष्ण पांचाल, अमित सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी सरकार अपनी विफलता व भ्रष्टाचार की वजह से लोगों के अधिकार का हनन कर रही: सुशील गुप्ता

## बीजेपी सरकार अपनी विफलता और भ्रष्टाचार की वजह से लोगों के अधिकार का हनन कर रही: डॉ. सुशील गुप्ता

बयान

▶▶बीजेपी सरकार के संरक्षण और सांठ गांठ से प्रदेश में बड़े स्तर पर चल रहा टैंकर माफिया: गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को हरियाणा में बढ़ते जल संकट को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जल संकट पैदा हो गया है। जनता में हाहाकार मचा हुआ है और सरकार की नींद नहीं टूट रही है। इसकी ज़िम्मेदार सीधा सीधा भाजपा की राज्य सरकार है। पिछले 10 साल में इन्होंने पानी पर कोई काम नहीं किया है। प्रदेश भर में गली गली में महिलाएं मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही हैं। ये सरकार अपनी विफलता और भ्रष्टाचार की वजह से लोगों के अधिकार का हनन कर रही है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा के कई गांवों के खेतों में पानी भरा हुआ है और सरकार खेतों से पानी नहीं निकाल पा रही है। जिस कारण लगातार फसल खराब हो रही है। सरकार पानी की बबार्दी रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। हरियाणा सरकार ने पानी के इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कोई कदम नहीं उठाए है।

उन्होंने कहा कि पीने का पानी भी गांवों में नहीं पहुंच रहा है। इस हालात के लिए हरियाणा की बीजेपी सरकार जिम्मेदार है। सरकार की गलती का खामियाजा जनता भुगत रही है। गली मोहल्ले में मटके फोड़े जा रहे हैं, हर घर पानी की किल्लत झेल रहा है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पानी की समस्या पर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। आज हरियाणा में टैंकर माफिया हावी है। बीजेपी सरकार के संरक्षण और सांठ गांठ के बिना इतने बड़े स्तर पर टैंकर माफिया नहीं चल सकता। इससे पूरे प्रदेश में जल संकट पैदा हो चुका है, बीजेपी सरकार मूक दर्शक बनी देख रही है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सबसे पहले इन टैंकर माफिया को खत्म करने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी बनाई जाए, वाटर स्टोरेज फेसिलिटीज बनाई जाए। इसके साथ सबको बराबर पानी देने की योजना पर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार को हमारी चेतावनी है कि टैंकर माफिया पर सख़्त कार्रवाई करें और जल्द से जल्द प्रदेश की जनता को एक समान पीने का पानी मुहैया करवाया जाए।

# केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल करेंगी विधानसभा चुनाव का शंखनादः डॉ. रंगा

बैठक

▶▶*प्रदेशभर में 30 जून की महारैली की तैयारियों को लेकर होंगी बैठक: डॉ. अनिल रंगा*



**टीम एक्शन इंडिया/नरवाना/जींद**
आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल के 30 जून को हरियाणा दौरे को चलते बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल रंगा ने बताया कि आम आदमी पार्टी की महारैली चरखी दादरी में होगी। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का शंखनाद करेगी। इसी को लेकर नरवाना विधानसभा में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे।

उन्होंने बताया कि 18 जून को भी विधानसभा सीटों पर कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। फतेहाबाद और जींद विधानसभा की बैठक की अध्यक्षता संगठन मंत्री रणदीप राणा करेंगे। महेंद्रगढ़ की बैठक की अध्यक्षता रविंद्र मटरू करेंगे। वहीं 18 जून को कुरूक्षेत्र में बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कार्यकताओं में आगामी 30 जून की महारैली को लेकर उत्साह है। प्रदेश भर से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रैली में पहुंचने का काम करेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। लोकसभा चुनावों में मिले वोटों के बाद आम आदमी पार्टी प्रदेश में तीसरा बड़ा विकल्प बनकर उभरी है।उन्होंने कहा कि 30 जून को होने वाली महारैली हरियाणा में आम आदमी पार्टी का विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर बिगुल बजाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कैथल: डिजिटल मार्केटिंग में टास्क पूरा करने के नाम पर 16 लाख रुपए ठगने वाले तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
डिजिटल मार्केटिंग में निवेश कराकर टास्क पूरा करने के नाम पर 16 लाख रुपए ठग लिए गए। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अदालत ने दो को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर और एक को न्याय के हिरासत में भेज दिया है।

खुराना रोड कैथल निवासी एक युवक ने पुलिस में शिकायत दी थी कि उसका 25 जनवरी को इंस्टाग्राम पर घर पर काम करने के विज्ञापन के माध्यम से मोनिका नाम की लड़की से उसका संपर्क हुआ। मोनिका ने उसे एक व्हाट्सएप नंबर दिया। उसने दिए नंबर पर संदेश भेजा तो राधिका नाम की लड़की की तरफ से रिप्लाई आया। उस संदेश में कॉइन डीसीएक्स एक्सचेंज डिजिटल मार्केटिंग कंपनी की तरफ से बात करने के लिए लिखा गया था। जब उसने राधिका से चैटिंग की तो उसने उसे घर बैठे काम करने का ऑफर दिया व कहा कि आपको घर बैठे कुछ टास्क पूरे करने पड़ेंगे। इसके लिए उसे एक लिंक टेलीग्राम का दे दिया। उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसकी टेलीग्राम पर मोनिका से बात होने लगी। वहां पर मोनिका नाम की लड़की ने मनी इनवेस्टिंग स्कीम की जानकारी दी।

शुरू में 26 जनवरी को स्कीम में एक हजार रुपये इनवेस्ट किए तो उसे 1300 रुपये मिल गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे अलग-अलग ग्रुपों में जोड़कर लाखों रुपये इनवेस्ट करवा लिए। आरोपियों ने उसे इनवेस्ट की गई राशि का लाभ भी दिखाया। जब वह अपनी लाभ में मिली राशि को निकलवाने लगा तो वह नहीं निकली। इस पर उसने कंपनी के सदस्य रोहित से बातचीत की तो उसने कहा कि राशि निकलवाने के लिए 100 प्वाइंट करने पड़ेंगे और आपको 60 प्वाइंट खरीद करने पड़ेंगे। इसके लिए आपको तीन लाख 60 हजार रुपये और कंपनी में जमा करवाने होंगे। आरोपियों ने उसे बार-बार गुमराह करके 15 लाख 99 हजार 706 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

इसके बाद भी आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर और रुपये की मांग करने लगे। जब उसे धोखाधड़ी का शक हुआ तो उसने और रुपये देने से मना कर दिया। जब उसने आरोपियों की ओर से दिए नंबरों पर फोन करके अपने रुपये वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई रविंद्र कुमार की टीम ने मानक थेडी पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान निवासी संदीप, श्री गंगानगर राजस्थान निवासी कुलदीप कुमार तथा गांव नरसिंह पुरा जिला श्री गंगानगर राजस्थान निवासी रोहित को घमुडवाली राजस्थान से काबू कर लिया।

### जींद : जिले में हुए सड़क हादसों में आईटीआई कर्मी समेत दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार को संबंधित थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव डिडवाडा निवासी सुशील (38) गांव निम्नाबाद सड़क पर टहल रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी पहचान गांव के ही गुलफान के रूप में हुई। गंभीर हालत में सुशील को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सफीदों लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान सुशील की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई संदीप की शिकायत पर फरार चालक गलफान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, मूलत: गाव पालवा हाल आबाद अर्बन एस्टेट निवासी राकेश जुलाना आईटीआई में नौकरी करता था। कार्यवश वह पानीपत गया हुआ था। शाम को वह कार से जींद वापसी कर रहा था। जम्मू-कटरा हाइवे के निकट सामने से आ रही गाड़ी ने उसकी कार को टक्कर मार दी।

घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया।

## जींद : बालिका के साथ डेरा महंत ने की अश्लील हरकत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
सदर थाना नरवाना पुलिस ने नरवाना खंड के गांव के डेरे में आरती में गई बालिका के साथ महंत द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बालिका के पिता की शिकायत पर महंत के खिलाफ अश्लील हरकत करने, दस पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रविवार को नरवाना खंड के गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के नजदीक डेरा बना हुआ है। जिसमें लगभग दो माह से श्याम कालोनी आगरा यूपी निवासी राजकुमार महंत बन कर रह रहा है।

# लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया गया विशेष जल संरक्षण अभियान

जल स्वच्छता

▶▶खंड संसाधन सयोजक डॉ. बलदेव राज के नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरुक किया गया।

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल स्वच्छता सहायक संगठन के सयुक्त तत्वाधान में सोमवार को खंड रानियां के गांव चकराईया, अबूतगढ, ढाणी प्रताप सिंह, गिदडावाली व गोबिंदपुरा में विशेष जल संरक्षण अभियान चलाया गया। खंड संसाधन सयोजक डॉ. बलदेव राज के नेतृत्व में इस विशेष जल संरक्षण अभियान में ग्रामीणों को जागरुक किया गया।



इस अभियान के तहत घर घर जाकर पानी सप्लाई व क्लोरिनेशन की जांच करना, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों में पानी कनेक्शन को चेक करना, अवैध, अस्वच्छ, बिना टैप कनेक्शन की पहचान करना, साथ ही ऐसे नलों की पहचान करना जिसके पानी का प्रयोग हरी सब्जियों को उगाने या अन्य व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा है। जिसके कारण जन स्वास्थ्य विभाग को पीने का पानी घरो में ना पहुंच पाने की शिकायतें मिल रही है,। उप मंडल अभियंता राम रखा ने बताया कि यह अभियान शहरी व सभी ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा, ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। जो भी समस्याएं हैं उन सभी को चिन्हित करके उन सभी को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया जाएगा तथा जिन लोगों द्वारा पानी का दुरुपयोग किसी भी तरीके से किया जा रहा है, उनके खिलाफ विभाग द्वारा नोटिस जारी करके जुमार्ने के अतिरिक्त सख्त कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र भाटिया ने बताया कि पेयजल बबार्दी का कारण बन रहे अवैध कनेक्शन काटने का अभियान बहुत ही जल्द चलाया जाएगा।

है। उन्होंने बताया कि पांचो गावों की अवैध, अस्वच्छ, बिना टूटी नल कनेक्शन, हरी सब्जी व हरा चारा लगाने वाले लोगों की रिपोर्ट तैयार करके विभाग को सौपी जा चुकी है, सर्वे के दौरान यह पाया गया है कि 38 घरों द्वारा पानी का प्रयोग सब्जी या हरा चारा लगाने में, 16 नलों पर टूटी नही मिली, 7 नल अस्वच्छ मिले है, 55 नलों पर स्टैंड पोस्ट नही मिले, 18 घरों में ओवर हैड टैंक पर बॉल नही पाए गए, जिस पर विभाग जल्द ही टीम गठित करके इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगा जो पानी बबार्दी पर तुले हुए है। उन्होंने बताया कि यदि ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित कोई शिकायत है तो विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001805678 पर सम्पर्क कर सकते है।

# देश के विकास में पत्रकारों की अहम भूमिका:रमेश धारीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
विश्व संवाद केंद्र जगाधरी इकाई की ओर से महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में बदलते परिवेश में पत्रकारिता के लिए चुनौतियां विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शिरकत की। राजकीय महाविद्यालय अहडवाला बिलासपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रमेश धारीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।



मुकेश गर्ग ने कहा कि देवर्षि नारद जी को इस ब्रह्मांड का प्रथम पत्रकार माना गया है। उन्होंने हमेशा लोकहित के लिए कार्य किए। आज के समय में पत्रकार भी समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

**फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा सेक्टर-68 आईएमटी स्थित श्री शक्ति पहल समिति एनजीओ के प्रांगण में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर रेनू भाटिया ने कहा कि हर साल योग दिवस की एक खास थीम होती है। इस साल योग दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है।

# हिसार: एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी कर सकता राष्ट्र सेवा: राकेश शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मंडी आदमपुर की एनएसएस इकाई की ओर से सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण का आयोजन किया।

समारोह का शुभारंभ एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा व सह संयोजक विष्णु कुमार ने दीप प्रज्वलन करके किया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के मुताबिक इस कार्यक्रम में यूनिट द्वारा साल भर की गई गतिविधियों के बारे में बताया व नए सत्र के विद्यार्थियों को आने वाले वर्ष में होने वाली गतिविधियों की तैयारियों के बारे में निर्देश दिए।

एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें बताया की एनएसएस व्यक्तित्व निर्माण का एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां से विद्यार्थी सामाजिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा कर सकता है। साल भर की गतिविधियों के आकलन के माध्यम से समारोह में कंप्यूटर विभाग के राजेश को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के पुरस्कार से नवाजा गया वहीं सारिका को गणतंत्र दिवस पर परेड की अगुवाई के लिए परेड कमांडर का पुरस्कार दिया गया। गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाले सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया।

डायरी राइटिंग में सर्वश्रेष्ठ डायरी का प्रथम पुरस्कार दिव्या, द्वितीय मनीषा व तृतीय पुरस्कार जावित्री व कुलदीप को दिया गया। समारोह में हर्षित को मिस्टर एनएसएस फेयरवेल वहीं निशा को मिस एनएसएस फेयरवेल के रूप में चुना गया। विशेष स्वयंसेवक सम्मान मनीषा दिया गया। सात दिवसीय कैंप के दौरान विभिन्न कमेटियों में काम करने वाले सभी स्वयंसेवकों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में इस वर्ष के लड़कियों की कोऑर्डिनेटर निशा व कौशल्या को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पेंटिंग्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिव्या, मोनिका, अंकित व जतिन को पुरस्कृत किया गया।

# प्रेमविवाह को लेकर दो गांवों में विवाद, 31 गांवों की हुई महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
नारनौल में प्रेम विवाह को लेकर 2 गांवों के बीच चल रहे विवाद को दूर करवाने के लिए सोमवार को गांव बीगोपुर में 31 गांवों के प्रतिनिधियों की एक महापंचायत हुई। महापंचायत की अध्यक्षता पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद ने की। महापंचायत में फैसला लिया गया कि दोनों गांव के सात-सात लोगों का एक दल बनाकर 31 गांव के प्रतिनिधि बैठक करेंगे। इस मौके पर लगभग सभी 31 गांव के सरपंच या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



गांव बीगोपुर के सरपंच प्रतिनिधि कंवर सिंह व हेमंत कुमार ने बताया कि इसके बाद गांव खतोली अहीर में भी पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों गांव के सात-सात लोग मौजूद रहे। जिसमें निर्णय लिया गया कि दोनों के विवाह संबंधी कानूनी रूप से जो फैसला होगा वह माना जाएगा। फिर भी पंचायत अपने स्तर पर सामाजिक रूप से लड़की को उसके मां-बाप के पास भेजने का प्रयास करेगी।

गौरतलब है कि गांव बीगोपुर के लड़के तथा पड़ोस के गांव धोलेडा की लड़की ने गत 9 जून को गाजियाबाद के एक मंदिर में प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद से दोनों गांव के बीच विवाद हो गया था। इस प्रेम विवाह के बाद गांव धोलेडा के लोगों ने गांव बीगोपुर के लोगों का बहिष्कार कर दिया। वहीं धोलेडा के बस स्टैंड पर बीगोपुर के लोगों द्वारा बनाई गई दुकानों को नहीं खोलने देने की चेतावनी दी गई।

इसके बाद से गांव बीगोपुर के लोग परेशान हैं। इसी के मद्देनजर गांव बीगोपुर में 31 गांव के प्रतिनिधियों की महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में बिगोपुर के लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। समस्याएं सुनने के बाद 31 गांव के प्रतिनिधि धोलेडा गए तथा गांव बीगोपुर के लोगों के सामने आ रही समस्याओं का निवारण करने की बात कही।

इसके बाद सहमति बनी की दोनों गांव के सात-सात लोग भाईचारा कायम करने के लिए बैठक करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि आपसी भाईचारा सबसे पहले है।

# ओशो ध्यान उपवन में गीता के समत्व योग पर आधारित ध्यान सत्र आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हर्ष-विषाद, लाभ-हानि, गुण-दोष व अपना-पराया के बीच संतुलन साधने व सम्यक बने रहने के उपायों के साथ ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। गीता के समत्व योग पर आधारित इस ध्यान सत्र में मध्य मार्ग अपनाने एवं जीवन में संतुलन साधने पर बल दिया गया। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र के दौरान साधकों को ध्यान की सरल विधियों से भी अवगत करवाया गया। इसके साथ-साथ बहुत सी विधियों का अभ्यास करवाकर अपने भीतर डूबने की प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया।

ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता के उपदेश एवं महात्मा बुद्ध के दृष्टिकोण से समत्व योग को समझा जा सकता है। समत्व योग का तात्पर्य समता का भाव अपनाते हुए निष्काम होकर अपना हर कार्य करना है। जब मनुष्य इस भाव को जीवन में अपना लेता है तो उसे अलग ही आनंद व उल्लास की अनुभूति होती है। जीवन में आने वाली परेशानियां, बाधाएं व विपदाएं उसे विचलित नहीं कर सकती। ऐसा इंसान सही रास्ता अपनाते हुए ऊर्जामय जीवन व्यतीत कर सकता है।



स्वामी संजय ने कहा कि सतगुरु ओशो ने भी अपने संचित व्याख्यानों व प्रवचनों में समत्व योग को बड़े विस्तार से समझाया है। ध्यान सत्र में साधकों को संत ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिला। इस दौरान गीत-संगीत की सुर लहरियों पर झूमते हुए साधकों ने अपने आप को तनावरहित महसूस किया। स्वामी संजय ने बताया कि संत ओशो कहते हैं कि जीवन में सब जगह द्वंद्व है। जहां भी देखेंगे, जहां भी मन जाएगा, जो भी सोचेंगे वहीं पाएंगे कि दो अतियां उपस्थित हैं।

एक तरफ गिरेंगे तो खाई मिल जाएगी दूसरी तरफ गिरेंगे तो कुआं मिल जाएगा। दोनों के बीच बहुत पतली धार है, वहां जो ठहर जाता है वही योग को उपलब्ध होता है। दो के बीच, द्वंद्व के बीच जो पतली धार है, द्वंद्व के बीच जो संकीर्ण मार्ग है वही मार्ग समत्व बुद्धि है।

दरअसल समत्व बुद्धि का अर्थ द्वंद्व के बीच सम हो जाना है और संतुलन साधना है। यही संतुलन हर्ष-विषाद व आशा-निराशा के बीच जीवन को उल्लासमय बनाए रखता है।

# जनता को राहत देने के नाम पर झूठी वाहवाही लूट रही सरकार: मनोज राठी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही घोषणाओं को सरकार का पश्चाताप बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन दिनों जनता को राहत देने का ढिंढोरा पीटकर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वे वास्तव में राहत नहीं बल्कि भाजपा सरकार का पश्चाताप है।

सरकार द्वारा लिए जा रहे फैसलों पर प्रतिक्रिया जताते हुए मनोज राठी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में 10 में से पांच सीटों पर हार तथा अन्य स्थानों पर भी बड़ी मुश्किल से जीतने वाली भाजपा ने इन दिनों अपने सारे कदम बैकफुट पर लेने शुरू कर रखे हैं। पहले प्रोपर्टी आईडी व फेमिली आईडी को पोर्टल की बजाय मेनुअल करने व समाधान शिविर लगाकर जनता की समस्याएं दूर करने के ऐलान के बाद अब बिजली बिलों में मासिक शुल्क वापिस लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ये सारे फैसले वही है जो भाजपा सरकार ने ही मनमानी करते हुए लागू किए थे और साढ़े नौ साल तक जनता का जमकर शोषण व परेशान करने के बाद कदम उलटे उठाने शुरू किए है। ऐसे में सरकार को यह नहीं कहना चाहिए कि हम जनता को राहत दे रहे हैं बल्कि इन जनविरोधी फैसलों के लिए सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा जनता कभी भाजपा को माफ नहीं करेगी।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पॉटरी उद्योग को बड़ा फलक देने की तैयारी

**खुर्जा के पॉटरी उत्पादों की पूरी दुनिया में है भारी डिमांड. अकेले खुर्जा में 25000 लोगों के रोजगार का जरिया है पॉटरी उद्योग**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के जरिए प्रदेश के जिलों की पारंपरिक पहचान को बड़े उद्योग के रूप में डेवलप करने का योगी सरकार का प्रयास निरंतर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खुर्जा की सिरेमिक और पॉटरी उद्योग को बड़ा फलक देने की तैयारी है। खुर्जा महायोजना 2031 के अंतर्गत सेरेमिक हाट विकसित किया जाएगा, जिसके बाद इस उद्योग से जुड़े 400 यूनिट्स को बड़ा लाभ मिलना तय है। बुलंदशहर के खुर्जा शहर की पहचान ओडीओपी योजना आने के बाद से वैश्विक फलक पर छाने लगी है। यही वजह है कि प्रदेश सेरेमिक और पॉटरी उद्योग के जरिए करीब 23 मिलियन डॉलर का निर्यात कर रहा है, जिसमें खुर्जा के सिरेमिक और पॉटरी उद्योग का बड़ा हिस्सा है।



**भारत ही नहीं विदेशों में भी विख्यात है सेरेमिक और पॉटरी उद्योग:** उल्लेखनीय है कि योगी सरकार राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के आस-पास के जिलों और नगरों का तेजी से विकास करने जा रही है। इसी क्रम में बुलंदशहर के खुर्जा के लिए महायोजना 2031 पर काम शुरू हो चुका है। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष खुर्जा को लेकर विस्तृत प्लान पेश किया जा चुका है। इसमें सर्वाधिक जोर सेरेमिक और पॉटरी उद्योग को बूस्ट करने को लेकर लेकर है। यहां का पॉटरी उद्योग न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी विख्यात है। इसे सेरेमिक सिटी भी कहते हैं। योगी सरकार यहां के पॉटरी और सेरेमिक उद्योग को और आगे बढ़ाना चाहती है। इसके पीछे कारण यह भी है कि यहां से दिल्ली 129 किलोमीटर,तो वहीं मेरठ 92 किमी और निमार्णाधीन जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट महज 33 किमी की दूरी पर स्थित है।

**25 हजार लोगों को मिलता है सीधे-सीधे रोजगार:** खुर्जा देश के सबसे पुराने पॉटरी क्लस्टरों में से एक है और अभी यहां तकरीबन 400 से अधिक लघु स्तरीय इकाइयां इस उद्योग में क्रियाशील हैं। साथ ही खुर्जा रणनीतिक रूप से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एफटीब्ल्यूजेड जैसी परियोजनाओं से भी जुड़ा हुआ है,जिसका लाभ सेरेमिक और पॉटरी उद्योग को मिलना तय है। सेरेमिक उद्योग यहां के एक जिला एक उत्पाद स्कीम में भी शामिल है और तकरीबन 25 हजार लोग इस रोजगार से सीधे सीधे जुड़े हुए हैं।

## 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के निमाण को गति देगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के निर्माण व विकास कार्यों को गति देने पर विशेष फोकस कर रही है। लखनऊ के बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में गोमती नदी किनारे मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है तथा यहां म्यूजियम समेत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को दी गई है और यहां पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में, 3 प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 21.07 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

**138 करोड़ रुपए की राशि व्यय से निर्माण कार्यों को किया जा रहा पूर्ण:** 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के निर्माण व विकास कार्यों को पूर्ण करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़, तथा दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस प्रकार, कुल 138 करोड़ की धनराशि में से 72.7 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। फिलहाल, वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृतियों के जरिए परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों को तेजी प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# यूपी के युवाओं के क्रिएटिव स्किल्स को निखार रही यूपी सरकार

**कार्यशाला**

▸▸ राज्य ललित कला अकादमी की ओर से चलाई जा रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का युवा ले रहे लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: गर्मियों की छुट्टियों में उत्तर प्रदेश के युवा दृश्यकला के गुर सीख कर अपने क्रिएटिव स्किल को समृद्ध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप राज्य ललित कला अकादमी की तरफ से राजधानी लखनऊ समेत कई जनपदों में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 से 17 और 18 से 25 वर्ष के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गर्मियों में 12 जिलों में यह प्रारंभ हुआ था। इसमें से कई जिलों में प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है, जबकि कई अन्य जिलों में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर चलेगा।

**उत्तर प्रदेश के युवाओं में है असीम प्रतिभा:** राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में असीम प्रतिभा है। इनकी रचनात्मकता को निखारने और दृश्यकला के प्रति अभिरूचि जागृत करने के लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। गर्मियों की छुट्टियों के मद्देनजर यह कार्यशाला प्रारंभ की गई थी। लखनऊ में राज्य ललित कला अकादमी में 20 जून तक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग तीन दर्जन से अधिक प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं।

कार्यशाला में विजुअल आर्ट्स संबंधी बारीकियों को सिखाया जा रहा है जिसमें ड्रॉइंग, स्केचिंग, वॉटर कलर पेंटिंग, फैब्रिक व ऑयल कलर पेंटिंग, मेहंदी डिजायन जैसे विषय प्रमुख हैं। इससे प्रशिक्षुओं की कलात्मक अभिरुचि को नई दिशा व उचित कौशल प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

**फास्ट न्यूज**

## मोदी-योगी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाला युवक हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**

बलिया: एक मुस्लिम युवक का प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पर अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर वीडियो के आधार पर आरोपित को हिरासत में ले लिया। सीओ सिटी गौरव शर्मा ने बताया कि आरोपित युवक की पहचान अकबर अली निवासी राजेन्द्र नगर के रूप में हुई है। उसने बताया कि वीडियो तीन से चार महीने पुराना है। अब जाकर किसी ने वायरल किया है। जो वीडियो सार्वजनिक हुआ है उसमें आरोपित ने प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को लेकर बेहद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। वह मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी भी देता दिख रहा है। पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए डीजीपी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी।

## उप्र के पूर्वी इलाके में 20 जून को दाखिल हो सकता है मानसून

**टीम एक्शन इंडिया**


**कानपुर:** उत्तर प्रदेश में मानसून की गतिविधियां अनुकूल होती दिखाई दे रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून को यूपी में समय से आने के आसार बनने लगे हैं। मौसम विभाग की मानें तो बंगाल से अगले चार से पांच दिनों में मानसून पश्चिम बंगाल के रास्ते बिहार होते हुए 20 जून तक प्रदेश के पूर्वी इलाकों से दाखिल हो सकता है। यूपी में मॉनसून के दस्तक देते ही वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, गाजीपुर और बलिया में बारिश हो सकती है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि अगले तीन दिनों के लिए उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बकरीद की नमाज सकुशल संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर: जिले में बड़ी ईदगाह सहित सभी** स्थानों पर अपने पूर्व निर्धारित समय पर ईद-उल-अजहा यानी बकरीद इस साल सोमवार को सम्पन्न हो गई। अकीदतमंदों ने एक दूसरे पर बधाई देने के बाद बकरीद पर कुर्बानी के लिए अपने-अपने घर पहुंचें। वहीं प्रशासन भी ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर सुबह से एलर्ट रही। बकरा मंडी स्थित बड़ी ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7.30 बजे पेश इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद शकील अदा कराया। हालांकि इससे पूर्व छोटी ईदगाह नई सड़क पर सुबह छह बजे नमाज अदा की गई। बड़ी ईदगाह पर नमाजियों की संख्या अधिक होने को लेकर वहां पर प्रशासन अधिक सक्रिय दिख रहा है। इसके बाद बड़ी ईदगाह गद्दियाना में साढ़े आठ बजे नमाज अदा की गई।

डीसीपी मध्य आर एस गौतम ने सोमवार को बताया कि बड़ी ईदगाह सकुशल सम्पन्न हो गई। नमाज के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती रही। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे और ईदगाह के गेट पर मेटल डिटेक्टर लगा दिया गया था।



ईद-उल-अजहा के मौके पर मुल्क की सलामती व आपसी भाईचारे की दुआ की गई।

# कांग्रेस ने गेहूं खरीदी को लेकर साधा केंद्र-राज्य सरकार पर निशाना



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य की बजाय मप्र में इस बार सिर्फ 48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हो सकी है जो लक्ष्य से 40 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि वैसे तो मप्र में 15.46 लाख किसानों ने गेहूं बेंचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 6.13 लाख किसानों ने ही सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचा, ऐसा क्यों? जीतू पटवारी ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि यह मीडिया रिपोर्ट ऐसे समय पब्लिक डोमेन में आई है, जब केंद्रीय कृषि मंत्री भी मध्यप्रदेश में ही हैं। बीते 4 सालों में पंजाब के साथ गेहूं खरीद में टॉप 2 में रहा मप्र इस साल तीसरे स्थान पर खिसक गया है। पटवारी ने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2,700 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा किया, तो लाखों रजिस्ट्रेशन हो गए। इतना ही नहीं भाजपा को वोट नहीं देने वाले किसानों को भी उम्मीद थी कि इस बार उनका भला होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लेकिन, 125 रुपए बोनस के साथ जब खरीदी मूल्य 2,400 रुपए प्रति क्विंटल ही रहा, तो नाराज किसान मंडियों में चले गए। किसानों ने इसे केंद्र की भाजपा सरकार की राजनीतिक धोखाधड़ी और वोट लूटने की रणनीति बताया है। पटवारी ने कहा कि जानकारों का यह भी कहना है कि रजिस्ट्रेशन फरवरी के अंत में शुरू हुए, लेकिन बोनस की घोषणा मार्च के दूसरे हफ्ते में हुई, देरी और इस वादाखिलाफी के बाद ही नाराज किसान मंडियों का रुख करने लगे।

**निशाने पर**

▸▸ 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य की बजाय मप्र में इस बार सिर्फ 48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हो सकी है

# यूपी: बाढ़ से निपटने को तैयार योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में योगी सरकार मानसून को लेकर अलर्ट हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।



**एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की कराई जा चुकी है प्रीपोजीशनिंग:** राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी अलर्ट मोड पर है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बाढ़ की अवधि में मौसम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और केंद्रीय जल आयोग से रिपोर्ट्स प्राप्त कर दैनिक समीक्षा का रोस्टर तैयार कर लिया गया है।

**तैयारी पर जोर**

▸▸ 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर पैनी नजर, प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

## अमूल ने वापस मांगा प्रोडक्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** डिलीवरी एप से मंगाई गई आइसक्रीम में कनखजूरा निकलने के मामले पर अमूल कंपनी ने कार्रवाई की है। अमूल ने सोमवार को महिला ग्राहक से आइसक्रीम टब वापस मांगा है। कंपनी का कहना है कि हम इस टब की जांच करेंगे। महिला ने दावा किया था कि उसे टब में सेंटीपीड मिला था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि नोएडा में एक महिला ने दावा किया है कि उसने एक इंस्टेंट डिलीवरी ऐप के माध्यम से ऑर्डर की गई आइसक्रीम टब के अंदर सेंटीपीड पाया है, जिन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा ने चार राज्यों में की चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी अब विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी साल के आखिरी में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव है। इससे पहले भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है।

**धर्मेंद प्रधान बने हरियाणा के प्रभारी:** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हरियाणा के प्रभारी होंगे। बिप्लब कुमार देब को सह-प्रभारी बनाया गया है। झारखंड विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कंधों पर होगी।





## सुरेंद्र हत्याकांड में आरोपित योगराज गिरफ्तार

**मुरादाबाद:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले पबजी गेम खेलने के दौरान सुरेंद्र सिंह की हुई हत्या के चौथे दिन यानि सोमवार को पुलिस ने एक आरोपित योगराज को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपित घर छोड़कर भाग गए जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई है। पाकबड़ा के हासमपुर गोपाल गांव निवासी सुरेंद्र सिंह बीती शुक्रवार को गांव के अपने दोस्त योगराज सिंह के साथ पबजी खेल रहा था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गांव के रहने वाले योगराज सिंह, तीर्थ सिंह, सन्नी सिंह और भीजंमा ने मिलकर सुरेंद्र सिंह की बेहरमी से पिटाई कर दी।

# बिहार: गर्मी के कारण आठवीं तक सभी स्कूल बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना/गया:** बिहार में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। आसमान से आग बरस रहे हैं। पटना समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई लोग लू लगने से बीमार पड़ रहे हैं। पटना और गया में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन सभी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि 18 और 19 जून तक उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की सूचना मिली है। इसलिए 19 जून तक सभी स्कूल में आठवीं कक्षा तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।



**शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाया गया:** पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि उष्ण लहर के कारण छात्रों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए आठवीं कक्षा तक स्कूल में पढ़ाई 19 जून तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इस अवधि में अपने कार्यालय कार्य कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं के संचालन की छूट होगी। 19 जून तक प्रभावी रहेगा।

**गया के स्कूल भी 19 जून तक बंद रहेंगे:** वहीं गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने 18 जून से 19 जून तक जिले के सभी सरकारी एव निजी विद्यालयों के वर्ग एक से आठ कक्षा तक पठन पाठन कार्य को बंद कराने का आदेश दिया है।

**आदेश जारी**

▸▸ पटना और गया में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन सभी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया

**खुलासा** डॉक्टरों ने बताया कि उसकी नाक, जीभ काट डाली गई थी और जबड़ा भी तोड़ कर अलग कर दिया गया था।

# शॉक दिया, काटी जीभ... पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से कन्नड़ स्टार दर्शन की बर्बरता का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलुरू: कन्नड़** फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों एक बड़े विवाद के केंद्र में है। इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स में से एक दर्शन को पिछले हफ्ते पुलिस ने एक हत्या के संबंध में अरेस्ट कर लिया था. ये मामला दर्शन के ही एक फैन, रेणुकास्वामी की हत्या से जुड़ा है. रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में जांच कर रही पुलिस ने बताया था कि उसने दर्शन की करीबी मित्र, एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा को आपत्तिजनक मैसेज भेजे थे। इस बात से नाराज दर्शन ने रेणुकास्वामी के नाम की सुपारी दी और उसकी हत्या करवा दी। पुलिस ने जो खुलासे किए उनके अनुसार इस दर्शन लगातार हत्यारों के संपर्क में थे और रेणुकास्वामी को अगवा कर पहले उनके पास भी लाया गया था। पुलिस ने इस मामले में दर्शन और पवित्रा समेत 17 लोगों को अरेस्ट किया है। अब रेणुकास्वामी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से दिल दहला देने वाली डिटेल्स सामने आई हैं।


**इलेक्ट्रिक शॉक देकर किया टॉर्चर:** पुलिस ने बताया कि रेणुकास्वामी को हत्या से पहले इलेक्ट्रिक शॉक देकर टॉर्चर क्या गया था। पुलिस ने हाल ही में इस मामले में धनराज नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो केबल वर्कर है। धनराज ने पुलिस को बताया कि, मामले के एक और आरोपी नंदीश ने उसे बेंगलुरु के एक गोडाउन में बुलाया, जहां उन्होंने रेणुकास्वामी को शॉक देने के लिए एक डिवाइस का इस्तेमाल किया। पुलिस ने ये डिवाइस भी बरामद कर ली है। फुटेज में रेणुकास्वामी को अगवा किए जाने से पहले के मोमेंट्स नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि आरोपियों ने सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर रेणुकास्वामी को एक ऑटोरिक्शा में फॉलो करना शुरू किया। उनका एक साथी स्कूटर पर उन्हें फॉलो करता हुआ नजर आ रहा है। रेणुकास्वामी के अपहरण में शामिल एक कार को भी पुलिस ने संडे को बरामद कर लिया है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार। ये कार चित्रदुर्ग जिले में, अय्यनहल्ली गांव के अंदर एक घर के बाहर खड़ा किया गया था। आरोपियों में से एक रवि ने ये कार वहां छोड़ी थी। रवि के परिवार से पूछताछ के बाद, इस कार से कई चीजें बरामद की गईं। इससे पहले सामने आई जानकारी में बताया गया था कि रेणुका स्वामी का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने उसके शरीर पर गर्म लोहे की रॉड से दागे जाने के निशान पाए। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी नाक, जीभ काट डाली गई थी और जबड़ा भी तोड़ कर अलग कर दिया गया था।



# शाहजहांपुर : अम्बा सिनेप्लेक्स में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहजहांपुर:** यूपी के जनपद शाहजहांपुर के चौक कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार की बीती देर रात कई स्थानों पर आग लगने की घटनाओं से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। हाईटेंशन लाइन में छू जाने से कंटेनर के अंदर भरे सामान में जहां आग लग गई, तो वहीं ट्रांसफार्मर भी धूं-धूं जल उठा। दमकल जब तक यहां आग को काबू कर पाते, कुछ दूरी पर स्थिति अम्बा सिनेप्लेक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियों ने जैसे तैसे तीनों स्थानों पर आग को काबू में किया। अंबा सिनेप्लेक्स के चौकीदार सोमपाल ने बताया कि रात करीब 11 बजे फिल्म का शो खत्म हुआ। दर्शक जा चुके थे। जिसके कुछ देर बाद अचानक शार्ट सर्किट होने से टाकीज के अंदर आग लग गई। जब तक कोई कुछ कर पाता आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ जल कर स्वाहा हो चुका था। दूसरी, तरफ दिल्ली से कुरकुरे के पैकेट लेकर जा रहा एक कंटेनर कच्चा कटरा मोड़ के पास हाईटेंशन लाइन से छू गया। बन्द कंटेनर के अंदर भरे पैकेट सुलगने लगे। चालक को भी कुछ पता नहीं चल सका।



**नुकसान**

▸▸ हाईटेंशन लाइन में छू जाने से कंटेनर के अंदर भरे सामान में जहां आग लग गई, तो वहीं ट्रांसफार्मर भी धूं-धूं जल उठा